3 | राजधानी
बस लेन में खड़े निजी वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई

6 | अभिमत
ईशनिंदा की व्यवस्था में फंसने का खतरा

9 | राष्ट्रीय
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज करेंगे विवाह

10 | विदेश
रूसी हमले से यूक्रेन में 12 लोगों की मौत

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 239
नई दिल्ली, बृहपतिवार, 7 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे शृंखला में कप्तान होंगे धवन

स्पोर्ट्स-12

# शिवसेना पर एक और विद्रोह का खतरा मंडराया

- उद्धव ठाकरे के वफादार सांसद ने ही पत्र लिखकर की राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार मुर्मू को समर्थन देने की अपील
- शिवसेना प्रमुख उद्धव के राजी न होने पर पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने की स्थिति में बचाव के विकल्प भी तलाश रहे सांसद
- शिंदे गुट के बागी होकर सरकार गिराने तक मजबूती से साथ खड़े रहे कांग्रेस व एनसीपी का समर्थन करेंगे ठाकरे

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई





**उद्धव** ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में एक और विद्रोह फूटने की आशंका पैदा हो गई है। पार्टी के भरोसेमंद सांसद राहुल शेवाले ने मुख्यमंत्री ठाकरे को पत्र लिखकर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का आग्रह किया है। शिवसेना हाल ही में एकनाथ शिंदे द्वारा किए गए विद्रोह से जूझ रही है, जिसके कारण पार्टी को महाराष्ट्र में सत्ता भी गंवानी पड़ी। अब शेवाले ने लेटरबम से पार्टी प्रमुख ठाकरे का सिरदर्द बढ़ा दिया है।मुर्मू 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का सामना कर रही हैं।

मुर्मू के समर्थन के लिए पत्र लिखने के शेवाले के कदम के पीछे जो कुछ दिख रहा है, मामला कहीं उससे बढ़ कर है, क्योंकि सांसद का अपनी पार्टी प्रमुख से यह अनुरोध एकनाथ शिंदे खेमे के प्रवक्ता दीपक क्षीरसागर द्वारा मुर्मू का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र में सभी पार्टियों के सभी विधायकों और सांसदों की अपील से मेल खाता है। शिवसेना अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में शेवाले ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समुदाय से हैं और उन्होंने सार्वजनिक जीवन में बहुत बड़ा योगदान दिया है। राजनीति में आने से पहले मुर्मू शिक्षक थीं और बाद में उन्होंने श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन एंड रिसर्च, रायरंगपुर में मानद सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य किया। इसके बाद, उन्होंने ओडिशा सरकार के सिंचाई विभाग में कनिष्ठ सहायक के रूप में काम किया। द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी कार्य किया। शेवाले ने पत्र के माध्यम से उद्धव को याद दिलाया कि दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने गठबंधन में शामिल होने के बावजूद एनडीए उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया था और संप्रग उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल का समर्थन किया था, क्योंकि वह महाराष्ट्र से थीं। इसी तरह, शिवसेना प्रमुख ने प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था।

पत्र में उन्होंने कहा कि मैं विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि आप उनकी पृष्ठभूमि और जनता के लिए योगदान को ध्यान में रखते हुए मुर्मू का समर्थन करें एवं शिवसेना के सभी सांसदों को भी ऐसा करने का निर्देश दें। वर्तमान में, शिवसेना के पास 18 लोकसभा सदस्य हैं। इनमें से चार सांसद वर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र श्रीकनत शिंदे, भावना गवाली, राजन विचारे पहले ही अपनी मूल शिवसेना से एकनाथ शिंदे खेमे में चले गए हैं। कम से कम आधा दर्जन और सांसद मूल शिवसेना छोड़ या तो शिंदे खेमे में जाने को राजी हो गए हैं या एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। वे एनडीए उम्मीदवार मुर्मू को वोट देने के लिए पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने की स्थिति में दलबदल विरोधी कानून के दंडात्मक प्रावधानों से बचने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं। पार्टी के भीतर नए विद्रोह की आशंका के बावजूद, शिवसेना पूरी तरह से यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी का समर्थन करेगी, क्योंकि उसे यह देखना होगा कि सिन्हा का समर्थन करने वाली एनसीपी और कांग्रेस दोनों ने हाल के घटनाक्रमों के दौरान शिवसेना का साथ मजबूती ( शेष पेज 8 )

## चुनाव चिह्न को लेकर दोनों गुटों में खींचतान

**भाषा।** मुंबई

**बागी** शिवसेना विधायक गुलाबराव पाटिल ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला धड़ा पार्टी के चुनाव चिह्न तीर कमान का असली हकदार है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले खेमे ने इस दावे पर विरोध दर्ज कराया है। पूर्ववर्ती शिवसेना नीत महा विकास आघाड़ी सरकार में मंत्री रहे पाटिल ने कहा कि पार्टी के 12 सांसद और 22 पूर्व विधायक भी शिंदे का समर्थन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम पार्टी के चुनाव चिह्न तीर कमान के असली हकदार हैं। ठाकरे नीत खेमे के सदस्य और सिंधुदुर्ग से लोकसभा सदस्य विनायक राउत ने विद्रोहियों को यह घोषणा करने की चुनौती दी कि वे शिवसेना छोड़ चुके हैं। उन्होंने बागी खेमे से यह भी कहा कि वे भाजपा से राज्य में मध्यावधि चुनाव कराने को कहें। उन्होंने कहा, बागियों का पार्टी के चुनाव चिह्न पर दावा करने का कोई अधिकार नहीं है जिसे हमारे पिता (शिवसेना संस्थापक) बालासाहब ठाकरे ने बनाया था। हम मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार हैं। भाजपा को राज्य में राजनीतिक अस्थिरता समाप्त करनी चाहिए और मध्यावधि चुनाव की मांग करनी चाहिए।

इससे पहले आज दिन में जलगांव जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र में संवाददाताओं से बातचीत में पाटिल ने दावा किया कि 18 शिवसेना सांसदों में से 12 जल्द ही शिंदे नीत खेमे में शामिल हो जाएंगे। पूर्व मंत्री ने दावा किया कि शिंदे खेमा 56 साल पुरानी क्षेत्रीय पार्टी की गरिमा को वापस लौटाएगा। उन्होंने कहा, हमारे पास (बागी गुट में) 55 विधायकों में से 40 का समर्थन है और 18 ( शेष पेज 8 )

# नकवी-आरसीपी सिंह का मंत्रिमंडल से इस्तीफा





**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और राम चंद्र प्रसाद सिंह ने राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त होने के एक दिन पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान देश व लोगों की सेवा के लिए दोनों नेताओं की सराहना की थी। प्रधानमंत्री की सराहना को इस संकेत के रूप में देखा गया कि आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक दोनों नेताओं के लिए आखिरी थी। वहीं राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दोनों के इस्तीफे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी को अल्पसंख्यक मामलों का भी प्रभार और कैबिनेट मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस्पात मंत्रालय का प्रभार भी सौंपा गया है।

नकवी और सिंह का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल सात जुलाई यानी बृहस्पतिवार को समाप्त हो रहा है। नकवी को भाजपा ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में कहीं से उम्मीदवार नहीं बनाया था। आरसीपी सिंह जनता दल यूनाईटेड के कोटे से केंद्र सरकार में मंत्री थे। उन्हें भी जदयू ने अगला कार्यकाल नहीं दिया है। सिंह के पास इस्पात मंत्रालय का प्रभार था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कभी बेहद करीबी रहे सिंह का आज जन्मदिन भी था। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह ट्वीट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी। एक साल पहले ही वह जदयू कोटे से केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य बने थे। सिंह के इस्तीफे के बाद अब केंद्रीय मंत्रिपरिषद में भाजपा के सहयोगी दलों के दो ही सदस्य बचे हैं। इनमें अपना दल की अनुप्रिया पटेल और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के रामदास अठावले शामिल हैं। वहीं, नकवी केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री थे। वह ( शेष पेज 8 )

## इलैयाराजा-पीटी उषा राज्यसभा के लिए मनोनीत

- समाज सेवी वीरेंद्र हेगड़े और पटकथा लेखक वी विजयेंद्र प्रसाद को भी उच्च सदन भेजा गया





**भाषा।** नई दिल्ली

**दिग्गज** एथलीट पी.टी. उषा और महान संगीतकार इलैयाराजा को बुधवार को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया। साथ ही समाजसेवी एवं धर्मस्थल मंदिर के प्रशासक वीरेंद्र हेगड़े और प्रसिद्ध पटकथा लेखक एवं निर्देशक वी. विजएंद्र प्रसाद को भी संसद के उच्च सदन के लिए मनोनीत किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत होने पर सभी हस्तियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर कहा, उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली पी.टी. उषा जी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। खेलों में उनकी उपलब्धियों को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, हालांकि, पिछले कई वर्षों में उभरते एथलीटों का मार्गदर्शन करने के लिए उनका काम भी उतना ही सराहनीय है।

राज्यसभा के लिए मनोनीत होने पर उन्हें बधाई। मोदी ने अलग-अलग ट्वीट में अपने बधाई संदेशों के साथ उषा और इलैयाराजा के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कहा, इलैयाराजा की रचनात्मक प्रतिभा ने पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। उनका कार्य भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाता है। उनकी जीवन यात्रा भी उतनी ही प्रेरक है, वह सामान्य पृष्ठभूमि से आए और बहुत कुछ हासिल किया। खुशी है कि उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है।

# विद्युत परियोजना भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने की छापेमारी

- जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ स्थित किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड के लिए 2200 करोड़ रुपए में सिविल कार्य के ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में देशभर में 16 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। इस परियोजना में कथित भ्रष्टाचार का आरोप जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक द्वारा लगाया गया था। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बिचौलियों और परियोजना में शामिल सहयोगियों के श्रीनगर में दो स्थानों, जम्मू में पांच, दिल्ली में पांच, मुंबई में तीन और पटना में एक परिसर में छापेमारी की गई।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई को तीन महीने की जांच के दौरान चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (पी) लिमिटेड के तत्कालीन अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी सहित आरोपी लोकसेवकों और बिचौलियों के बीच कुछ वित्तीय लेनदेन का पता चला है। सीबीआई प्रवक्ता आर. सी. जोशी ने कहा, जांच के दौरान, तत्कालीन अध्यक्ष सहित बिचौलियों की कथित भूमिका और इन बिचौलियों और लोकसेवकों के बीच वित्तीय लेनदेन का खुलासा करने वाले सबूत पाए गए है और इसलिए 16 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी मुंबई में पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रूपेन पटेल, विजय गुप्ता और अमरेंद्र कुमार सिंह आदि के परिसरों में भी छापेमारी कर रही है।

मलिक 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के पद पर थे। मलिक ने दावा किया था कि उन्हें दो फाइल को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी। मलिक ने कहा था, कश्मीर जाने के बाद, दो फाइल (मंजूरी के लिए) मेरे पास भेजी गई थी, एक अंबानी की ( शेष पेज 8 )

## नासिक में अफगानिस्तान के सूफी धर्मगुरु की हत्या

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में अफगानिस्तान के सूफी धर्मगुरु की संदिग्ध तौर पर संपत्ति विवाद में हत्या कर दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को हुई इस हत्या के सिलसिले में एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। नासिक के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सचिन पाटिल ने बताया कि महाराष्ट्र में नासिक के एवला शहर में चार अज्ञात लोगों ने ख्वाजा अहमद जरीफ चिश्ती उर्फ ज़रीफ बाबा (38) की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि वह चार साल से शरणार्थी के तौर पर भारत में रह रहे थे और सोशल मीडिया पर उन्हें लोग बड़ी संख्या में फॉलो करते थे। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने प्रेस वार्ता में बताया कि संदिग्धों की तलाश की जा रही है। पाटिल ने बताया कि वह चार साल पहले पाकिस्तान से भारत आए थे और उन्हें शरणार्थी का दर्जा मिल गया था। वह सिन्नर तहसील के वावी इलाके में एक महिला के साथ रहते थे और माना जाता है कि महिला भी अफगानिस्तान की नागरिक है। शुरुआती जांच ( शेष पेज 8 )

# रसोई गैस की कीमतें 50 रुपए और बढ़ीं



गुरुग्राम में वितरण के लिए रसोई गैस सिलेंडर ले जाता कर्मचारी

- दिल्ली में 1,053 रुपए हुआ सिलेंडर का दाम

**भाषा।** नई दिल्ली

**घरेलू** रसोई गैस के दाम में बुधवार को 50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा की कीमतें ऊंचाई पर पहुंचने के बीच यह मई से एलपीजी कीमतों में तीसरी वृद्धि है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार राजधानी दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,053 रुपए हो गई है। यह पहले 1,003 रुपए थी। देश के अधिकांश शहरों में अब सरकार की तरफ से गैस सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं दी जा रही है। लिहाजा अब लोगों को बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर ही खरीदना पड़ रहा है।


सरकार सिर्फ उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन पाने वाले लाभार्थियों को ही एलपीजी सब्सिडी दे रही है। एलपीजी के दाम मई, 2022 से अबतक तीसरी बार और इस साल चौथी बार बढ़ाए गए हैं। सात मई को प्रति सिलेंडर 50 रुपए की वृद्धि की गई थी। इससे पहले 22 मार्च को भी प्रति सिलेंडर कीमतों में इतनी ही ( शेष पेज 8 )

## दस रुपए घटेंगे खाद्य तेलों के दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमतों में भारी गिरावट के बीच सरकार ने खाद्य तेल कंपनियों को आयातित खाद्य तेल के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में एक सप्ताह के अंदर 10 रुपए प्रति लीटर तक की और कटौती करने का निर्देश दिया है। साथ ही कंपनियों से कहा गया है कि एक ब्रांड के तेल कादाम पूरे देश में एक ही होना चाहिए। भारत अपनी खाद्य तेल जरूरत का 60 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। ऐसे में वैश्विक बाजार के अनुरूप पिछले कुछ माह में खुदरा कीमतें दबाव में आ गई हैं। इसकी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों के दाम काफी नीचे आए हैं। खाद्य तेल निर्माताओं ने पिछले महीने कीमतों में 10-15 रुपए प्रति लीटर तक की कटौती की थी और ( शेष पेज 8 )

# कोविड टीके की दूसरी व एहतियाती खुराक में अंतर छह माह किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनटीएजीआई की सिफारिश पर सभी लाभार्थियों के लिए कोविड-19 टीके की दूसरी एवं एहतियाती खुराकों के बीच अंतराल नौ महीने से घटाकर छह महीने कर दिया है। इस नई टीका व्यवस्था के वास्ते कोविन प्रणाली में जरूरी बदलाव किए गए हैं। राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को बुधवार को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि राष्ट्रीय टीकाकरण तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) की स्थाई तकनीकी उपसमिति की सिफारिश पर यह परिवर्तन किया गया है और उपसमिति भी सामने आ रहे वैज्ञानिक साक्ष्य एवं वैश्विक पद्धति को ध्यान में रखकर इस निष्कर्ष पर पहुंची है।

भूषण ने कहा कि इस सिफारिश पर एनटीएजीआई भी मुहर लगा चुका है। उन्होंने कहा, इसलिए, अब यह फैसला किया गया है कि 18 से 59 साल तक की उम्र के सभी लाभार्थियों को दूसरी खुराक के छह माह या 26 सप्ताह के पूरा हो जाने पर निजी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर एहतियाती खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य सचिव ने कहा, 60 साल से अधिक उम्र के लाभार्थियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों एवं अग्रिम मोर्चा कर्मियों के लिए दूसरी खुराक के छह माह या 26 सप्ताह पूरा हो जाने पर एहतियाती खुराक मुफ्त सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए जाएं तथा इसका व्यापक रूप से प्रचार किया जाए। उन्होंने सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों एवं प्रशासकों को लिखी इस चिट्ठी में कहा, हर घर दस्तक दूसरा अभियान के दौरान कोविड टीकाकरण केंद्रों एवं घरों में सभी पात्र लाभार्थियों को एहतियाती खुराक का लाभ पहुंचाने में मैं आपके सहयोग एवं नेतृत्व को लेकर आशावान हूं।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,750 | ↑ | 616 | |
| निफ्टी | 15,989 | ↑ | 178 | |
| सोना | 51,304 | ↓ | 760 | /10g |
| चांदी | 56,930 | ↓ | 1276 | /kg |

## क्विक न्यूज

### डीजीसीए का स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने पिछले 18 दिनों में तकनीकी खामी की आठ घटनाओं के बाद बुधवार को स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नियामक ने सुरक्षा की अनदेखी, अपर्याप्त रखरखाव और भुगतान की वजह से कलपुर्जों की कमी को चिह्नित किया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि स्पाइसजेट एयरलाइन विमान नियम, 1937 की 11वीं अनुसूची और नियम 134 की शर्तों के तहत सुरक्षित, दक्ष और विश्वसनीय हवाई सेवाओं को सुनिश्चित करने में नाकाम रही है। नोटिस में कहा गया है, घटनाओं की समीक्षा से पता चलता है कि आंतरिक सुरक्षा निरीक्षण खराब है और रखरखाव को लेकर पर्याप्त कदम नही (चूंकि ज्यादातर घटनाएं कलपुर्जों या प्रणाली के काम न करने से संबंधित है) उठाए जाने से सुरक्षा में कमी आई है।

# संविधान विरुद्ध टिप्पणी: केरल के मंत्री साजी चेरियन ने पद छोड़ा

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**संविधान** के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर विपक्ष व विभिन्न हलकों के बढ़ते दबाव के बीच केरल के मंत्री साजी चेरियन ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। सांस्कृतिक और मत्स्य पालन विभाग के मंत्री चेरियन ने मुख्यमंत्री कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

वहीं, राजभवन ने ट्वीट कर कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने चेरियन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनके विभागों को मुख्यमंत्री को आवंटित किया गया है। मंत्री पद से हटाए जाने की विपक्ष की मांग के बीच माकपा के वरिष्ठ नेता चेरियन ने कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से पद छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने दोहराया कि संविधान का अपमान करने की उनकी कोई मंशा नहीं थी और वह इसका (संविधान का) बेहद सम्मान करते हैं। विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ सरकार के दूसरे कार्यकाल में चेरियन पहले मंत्री हैं, जिन्होंने इस्तीफा दिया है। चेरियन ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि उनके हालिया भाषण को गलत संदर्भ में लिया गया अथवा आशिंक रूप से चित्रित किया गया अथवा न्यूज मीडिया द्वारा कुछ इस तरह पेश किया गया, जिससे यह गलत संदेश गया कि उन्होंने संविधान का अपमान किया है।

उन्होंने कहा, मैंने जो कहा था, उसके इस तरह के चित्रण से मैं आहत हुआ। मैं यह भी मानता हूं कि इसका उद्देश्य सत्तारूढ़ वाम सरकार को अस्थिर करना है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा संविधान की गरिमा को बरकरार रखने में कई बार विफल रहे हैं। इस बीच, पुलिस ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तिरुवल्ला ( शेष पेज 8 )

# महुआ को गिरफ्तार करने की भाजपा की मांग



कोलकाता में महुआ मित्रा की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करतीं भाजपा कार्यकर्ता

- सुवेंदु अधिकारी ने कहा- मां काली पर टिप्पणी से आहत हुईं धार्मिक भावनाएं

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बंगाल** में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को नादिया से तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि मोइत्रा द्वारा मां काली पर टिप्पणी करने से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। ज्ञात रहे कि मोइत्रा ने मां काली के सिगरेट पीने वाले चित्र को सही ठहराने के प्रसास करते हुए अपमानजनक बयान दिए थे। अधिकारी ने कहा कि हम ममता सरकार को मोइत्रा के खिलाफ 10 दिनों में कार्रवाई करने का समय देते हैं। उन्होंने कहा कि मोइत्रा जैसे लोगों के लिए यह आखिरी चेतावनी थी, यह आखिरी बार है जब हम बंगाल में हिंदू देवताओं के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वालों को बर्दाश्त करेंगे। अगली बार हम ऐसा नहीं होने देंगे। हम तब तक विरोध बंद नहीं करेंगे जब तक वह अपने ( शेष पेज 8 )

## नुपुर की जीभ काटने वाले को दो करोड़ देने के मामले की जांच शुरू

**हरियाणा** के मेवात में पुलिस उस कथित वीडियो क्लिप की जांच कर रही है जिसमें एक व्यक्ति भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा की जीभ काटने वाले को दो करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी की थी जिसके बाद विवाद पैदा हो गया था। नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा, मामला अभी हमारे पास आया है। हम आरोपी की पहचान करने के लिए जांच कर रहे हैं।

## नुपुर शर्मा के बारे में भड़काऊ टिप्पणी करने वाला अजमेर दरगाह का खादिम गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**भाजपा** की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा के बारे में भड़काऊ वीडियो बनाने व धमकाने के आरोप में अजमेर दरगाह के एक खादिम मौलवी को मंगलवार देर रात अजमेर में गिरफ्तार कर लिया गया।

इस खादिम ने कथित वीडियो में शर्मा का सिर कलम करने वाले को अपना घर इनाम में देने की बात कही थी। दरगाह थाने के थानाधिकारी दलबीर सिंह फौजदार ने बुधवार को बताया, आरोपी सलमान चिश्ती को कल रात गिरफ्तार किया गया। वह दरगाह पुलिस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उल्लेखनीय है कि एक शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को इस खादिम के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

पुलिस के अनुसार खादिम का यह कथित वीडियो 28 जून को उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड से पहले रिकॉर्ड किया गया था लेकिन इंटरनेट पर यह बाद में सामने आया। अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि आरोपी को खादिम मोहल्ले स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया और ( शेष पेज 8 )

# सर्विलांस पर नोएडा एक्सप्रेस-वे, 24 घंटे निगरानी शुरू

## जाम लगने की स्थिति में रूट होगा डायवर्ट, दिल्ली-एनसीआर के दस लाख यात्री होंगे लाभावित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे प्रदेश का पहला एक्सप्रेस वे होगा जो इंटीग्रेटड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ गया है। इससे रोजाना करीब 10 लाख वाहन चालकों को फायदा होगा। सिस्टम उनको पहने की आगाह कर देगा कि एक्सप्रेस वे पर कहा ट्रैफिक स्लो है और कहा जाम लगा है। इससे रूट को पहले ही डायवर्ट कर दिया जाएगा।

प्राधिकरण ने एक्सप्रेस वे को मॉडल बनाने के लिए यहां एक तरह के साइनेज का प्रयोग किया जाएगा। इसका एक प्रजेंटेशन तैयार किया गया है। इसके तहत यहां सभी बस स्टैंड को एक ही डिजाइन और साइनेज को एक ही साइज को रंग के किए जाएंगे इसके अलावा डिजिटल डिस्प्ले भी लगाए जाएंगे। बता दे अभी एक्सप्रेस के दोनों ओर फसाड लाइटे लगाई गई है। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे नोएडा की लाइफलाइन है। ये सीधे नोएडा को ग्रेटर नोएडा और दिल्ली को जोड़ता है। इसके अलावा आगरा एक्सप्रेस का लिंक है। रोजाना करीब 10 लाख से ज्यादा वाहन इस पर चलते है। आईटीएमएस होने से इस एक्सप्रेस वे एनाउंसमेंट, चालान और किसी प्रकार की दुर्घटना या मदद के लिए आसानी हो जाएगी। साथ ग्रीन कारिडोर बनाने में भी आसानी होगी। प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि संविदाकार कंपनी एफ कॉन ने ई चालान सिस्टम को शुरू कर दिया है। आईटीएमएस के तहत वीडियो एनालिस्टिक साफ्टवेयर के द्वारा इंटीग्रेशन एक्सिटिंग एचटीएमएस का अपग्रेडशेन भारत सरकार के एनआईसी पोर्टल से आईटीएमएस इंटीग्रेशन, जीआईएस मैप, डाटा सिक्योरटी के लिए फायर वॉल और कुछ मशीनी प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाएंगी। सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि प्रदेश में आईटीएमएस पहली योजना है जिसे नोएडा में लागू किया गया है। इसके लिए संविदाकार कंपनी की ओर ट्रैफिक पुलिस को ट्रैंड किया जा रहा है। साथ ही 24 घंटे इसकी मानिटरिंग भी की जा रही है।



रोप क्रैश बैरियर के लोकार्पण करते सांसद डॉ महेश शर्मा ।

## रोप क्रैश बैरियर का काम पूरा हादसों रोकने में रहेगा कारगर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

परी चौक से नोएडा की ओर एक्सप्रेस वे पर दोनों तरफ 3.4 और 3.4 किलोमीटर में लगे 4 वायर रोप क्रैश बैरियर के लोकार्पण सांसद डॉ महेश शर्मा ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा, सड़क हादसों में होने वाली क्षति को कम करने के लिए 4 वायर रोप क्रैश बैरियर लगाने की ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल बहुत सराहनीय है। कार्यक्रम में शामिल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडल आयुक्त सुरेन्द्र सिंह ने इसी तरह के 4 वायर रोप क्रैश बैरियर शहर के अन्य मार्गों पर भी लगाने की बात कही हैं।

डॉ महेश शर्मा ने कहा कि नोएडा एयरपोर्ट भले ही जेवर में बन रहा है, लेकिन इसका सबसे ज्यादा फायदा ग्रेटर नोएडा को मिलेगा। यहीं के होटल, रेस्टोरेंट, मार्केट आदि आबाद होंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर होने के नाते मैं हादसों से होने वाली क्षति से भलीभांति परिचित हूं। हादसों में सबसे ज्यादा अच्छा क्षति कटीले तारों से होती है। आधुनिक रोप क्रैश बैरियर इसे रोकने में मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम में शामिल दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि आधुनिक रोप क्रैश बैरियर और रिफ्लेक्टर लगने से हादसे कम होंगे।

सीईओ सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि इन रोप क्रैश बैरियर के साथ 7 तरह के रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इस तरह की व्यवस्थाएं अन्य मार्गों पर भी की जाएंगी, ताकि हादसे होने पर नुकसान कम से कम हो। गौरतलब है कि परी चौक से ग्रेटर नोएडा की सीमा तक 3.4 किलोमीटर की दूरी में दोनों तरफ रोप क्रैश बैरियर लगाए गए हैं। इन पर करीब ढाई करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इनको लगाने का समय 9 माह तय किया गया था, लेकिन 7 महीने में ही पूरा कर लिया गया। दिसंबर में यह काम शुरू हुआ था।

## प्राधिकरण करेगा सिटी बस सेवा को और बेहतर

● इस बार सेक्टर वासियों को भी सिटी बस सेवा से जोड़ा जाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अब जल्द ही शहर में लोगों को बेहतर सिटी बस सेवा मुहैया कराई जाएगी। जिसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा एक योजना तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्राधिकरण निजी बस ऑपरेटरों के साथ अनुबंधन करेगा। ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा बसों की सुविधा मिल सके। फिलहालए प्राधिकरण ने शहर में 5 रूटों पर रोडवेज के साथ मिलकर सिटी बसें चला रखी है, लेकिन शहर में अभी और बसों की आवश्यकता है। वहीं, इस बार प्राधिकरण सेक्टर वासियों को भी सिटी बस सेवा से जोड़ेगा।

अब से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में 6 जनवरी को 5 रूटों पर बसें चलाई थी। स्थानीय बस सेवा में 10 बस एक लगाई गई हैं। वहीं, प्राधिकरण द्वारा रोडवेज के साथ मिलकर चलाई जा रही बसों से अधिक फायदा नहीं हो रहा है। ऐसे में अब प्राधिकरण निजी बस ऑपरेटर के साथ अनुबंध करेगा। ताकि ज्यादा रूटों पर बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। जिसके लिए प्राधिकरण की सलाहकार एजेंसी ईएंडवाई ने बस रूटों का सर्वे शुरू कर दिया है। ताकि बसों को नोएडा और ग्रेटर नोएडा तक चलाया जा सके और उन्हें अधिक मात्रा में यात्री मिल सके।

जिसके लिए अधिक यात्री मिलने वाले रूटों, यात्रियों के आने का समय और बसों के फेरे आदि का सर्वे किया जाएगा। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लोगों को शहर में बेहतर बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकरण ने निजी ऑपरेटर के साथ मिलकर सिटी बसें चलाने का फैसला किया है। जिसके लिए वह ऑपरेटर के साथ अनुबंधन करेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अब शहर में निजी ऑपरेटर के साथ मिलकर सिटी बसें चलाई जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार



कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।

### दरोगा के बेटे ने बाथरूम में लगाई फांसी

**नोएडा।** नोएडा में एक दरोगा के बेटे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद नोएडा पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि युवक का उसकी पत्नी से काफी समय से घरेलू विवाद चल रहा था। युवक और उसकी पत्नी का तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा था। पुलिस इस मामले में हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। थाना सेक्टर.39 क्षेत्र के सेक्टर.108 ए.ब्लॉक में रहने वाले प्रह्लाद 30 वर्ष पुत्र दयाशंकर ने अपने घर के बाथरूम में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक का पत्नी से विवाद था और कोर्ट में तलाक का मुकदमा चल रहा है। उसके पिता दयाशंकर जनपद शामली में उप.निरीक्षक के पद पर तैनात है। मृतक के कुछ लोगों से लेनदेन भी था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### करंट से मौत के मामले में केस दर्ज

नोएडा। नवादा गोल चक्कर के समीप करंट की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस मृतक की पहचान करने के प्रयास में जुटी है। दरअसल, नवादा गोल चक्कर के समीप मैरिज होम के सामने सोमवार की रात अज्ञात युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। हालांकिए अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इस मामले में प्राधिकरण की लापरवाही की बात सामने आ रही थी जबकि कुछ लोगों ने मैरिज होम संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मैरिज होम संचालक ने तार फेंसिंग करा रखी थी जिसमें करंट उतर आया था। इस मामले में सेक्टर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मृतक की शिनाख्त होने के बाद परिजनों की शिकायत पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो नाबालिग लड़कियां गायब, केस दर्ज

**नोएडा।** नोएडा से दो नाबालिग लड़कियां गायब हो गई है। एक लड़की 4 जुलाई को डांस सीखने क्लास गई थी। तब से वह अपने घर नहीं लौटी है। दूसरी लड़की अपने घर से लापता हो गई। दोनों मामलों के पीड़ित परिजनों ने नोएडा सेक्टर-39 कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द दोनों लड़कियों को बरामद कर लिया जाएगा। थाना सेक्टर.39 के थानाध्यक्ष राजीव बालियान ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाली छात्रा 4 जुलाई को सदरपुर कॉलोनी में स्थित एक डांस क्लास में गई थी। तब से वह लापता है। उसके पिता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर.105 में रहने वाली छात्रा अपने घर से लापता है। उसके परिजनों ने दयानंद नामक व्यक्ति पर उसको अगवा करने का आरोप लगाते हुए थाना सेक्टर.39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

### क्राउन प्लाजा में मिलेगा कोरियन फूड

**नोएडा।** पिछले कुछ वर्षों में देशभर में कोरियाई संस्कृति, संगीत, सौंदर्य और भोजन के रूप में कोरिया की लहर दिख रही है, विशेष रूप से दिल्ली एनसीआर में। कोरियन फूड में वहां के लोगों की भावनाओं के साथ वहां की परंपरा की झलक दिखती है। खाने को लेकर दिल्ली-एनसीआर के लोगों का क्रेज किसी से छिपा नहीं है। यहां के लोग अलग-अलग देशों और संस्कृतियों के भोजन का आनंद लेना चाहते हैं। कोरियाई संस्कृति, संगीत और भोजन के प्रति दिल्ली एनसीआर के लोगों के क्रेज को देखते हुए क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा 10 दिन के कोरियाई फूड प्रदर्शनी कलनरी मार्वेल्स ऑफकोरियल क्युजीन के रूप में बेहतरीन कोरियाई डिश का आनंद लेने का मौका दे रहा है। शानदार कोरियन फूड की चाहत रखने वाले जुलाई से शुरू हो रहे इस उत्सव का आनंद ले सकते हैं। इंटरकॉन्टिनेंटल होटल, सियोल, कोरिया के विशेषज्ञ शेफनाम योन वांग और जून सोक पार्क की अगुआई में दिल्ली एनसीआर के लोगों को स्वादिष्ट कोरियाई डिश का स्वाद लेने का मौका मिलेगा। इस फूड फेस्टिवल के माध्यम से दिल्ली एनसीआर के लोगों को अपने शहर में कोरियाई भोजन का स्वाद मिलेगा।

## कलयुगी मां ने नवजात बच्चे को सड़क पर फेंका, मौके पर मौत

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

कलयुगी मां ने पैदा होते ही बच्चे को भरने के लिए सड़क पर फेंक दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची थाना बीटा.2 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस को शक है कि यह बच्चा अवैध संबंधों के चलते पैदा हुआ है, जिसकी वजह से उसकी मां ने पैदा होते हुए उसे मरने के लिए फेंक दिया। थाना बीटा.2 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि चुहरपुर अंडरपास के पास एक नवजात शिशु पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे का डीएनए सैंपल पुलिस ने रिजर्व किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने दी 47 कर्मचारियों को चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● स्ट्रीट लाइटों की केबल या पैनल को काटा तो होगी एफआईआर



केबल या पैनल को काटकर स्ट्रीट लाइटों को जलने में बाधा पहुंचाने वाले पूर्व कांट्रेक्टर के कर्मचारियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कड़ी चेतावनी दी है। अगर स्ट्रीट लाइटों की केबल या पैनल को काटा गया तो प्राधिकरण इन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएगा।

सभी वक्त सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दे दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा की स्ट्रीट लाइट को एलईडी में कन्वर्ट करने की लिए और मौजूदा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण ने बीते साल सितंबर में सूर्या कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। कंपनी अब तक 42 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइट लगा चुकी है। इससे पूर्व प्राधिकरण में अलग.अलग एरिया में अलग.अलग कांट्रेक्टर स्ट्रीट लाइटों का जिम्मा संभाल रहे थे, लेकिन बीते दिनों इन 147 कर्मचारियों को प्राधिकरण ने नौकरी से निकाल दिया है। बताया जा रहा है कि अब यह कर्मचारी मौजूदा व्यवस्था को क्षति पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। केबलों और पैनल को काटने और स्ट्रीट लाइट बंद करने की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्राधिकरण ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। उनके खिलाफएफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिन लोगों ने अब तक स्ट्रीट लाइट की केबल को काटकर व्यवस्था को क्षति पहुंचाई है। उनके खिलाफ प्राधिकरण शीघ्र ही थाने में तहरीर देने की तैयारी कर रहा है। सभी वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधकों को इसके लिए निर्देश दे दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली और विद्युत अभियांत्रिकी के उप महाप्रबंधक सलिल यादव की सूर्या कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। कंपनी ने कहा कि एक सप्ताह में 42000 एलईडी स्ट्रीट लाइटों लग चुकी।

## ऑटो चालकों को मीटर लगवाना हुआ जरूरी

● केवल तीन सवारी बैठानी होंगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

परिवहन विभाग की रिपोर्ट्स के मुताबिक जिले में करीब 17 हजार ऑटो पंजीकृत हैं। सभी ऑटो में मीटर लगा होना अनिवार्य है। इसके बाद भी चालक बिना मीटर ऑटो चला रहे है। जिले में ऑटो चालको को सिर्फ एक चालक समेत 3 सवारी सवार करने का आदेश है, लेकिन ऑटो चालक शेयरिंग बनाकर ऑटो को तीन से ज्यादा सवारी पीछे बैठा कर और आगे तीन सवारी बैठा कर नियम का उल्लंघन करते है।

नियम को तोड़ने वाले चालको के लिए परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा 24 जून को एक अभियान भी चलाया गया था। जिमसे ऑटो चालको ने विरोध में परिवाह विभाग कार्यालय में जा कर महापंचायत की थी। नोएडा सीएनजी ऑटो चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुर्जर ने कहा कि परिवहन विभाग की तरफसे आश्वासन मिला है कि जुलाई में ऑटो का मीटर किराया दिल्ली के बराबर कर दिया जाएगा। किराए में बढ़ोतरी होने पर ऑटो में मीटर लगा दिया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने कहा कि सभी ऑटो चालको को ऑटो में मीटर लगाना अनिवार्य है। उल्लंघन करेंगे तो चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बिना मीटर के 400 से अधिक ऑटो चालको पर जुर्माना लगाया गया है।

## दवा दुकानों से जांच के लिए दो नमूने लिए गए

**नोएडा।** जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने दो दवा दुकानों की जांच की और वहां से औषधि के दो नमूने एकत्रित किए।

जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान ने बताया कि दवा दुकानों पर बिकने वाली दवाओं की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता तथा गुणवत्ता की जांच की। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने मामूरा गांव स्थित रोशन कॉम्प्लेक्स की दो दवा दुकानों की जांच कर औषधियों के कुल दो नमूने एकत्रित किए।

## जमीनी की रंजिश में युवक पर हमला करने के आरोप बाप-बेटे गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

तिलपता करनवास गांव में करीब डेढ़ महीने पहले जमीनी रंजिश में एक युवक पर हमला करने के मामले में पुलिस ने पिता और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने पीड़ित की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा बढ़ाने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की है। मारपीट के दौरान पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले तिलपता करनवास गांव के रहने वाले सुखपाल और उसके दो बेटे जितेंद्र और धर्मेंद्र ने जमीनी रंजिश के चलते पड़ोस में रहने वाले तरुण कुमार पर हमला कर घायल कर दिया था। आरोपियों ने पीड़ित को लाठी-डंडों से जमकर पीटा था। जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई थी।

## महिला की शिकायत पर हेड कांस्टेबल सस्पेंड

● मदद के नाम पर कही थी रूम शेयर करने की बात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने इकोटेक तीन कोतवाली में तैनात एक हेड कांस्टेबल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने महिला की शिकायत पर आरोपी हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। डीसीपी ने एसीपी थर्ड को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। पीड़ित महिला ने पुलिस द्वारा पकड़े गए पति को छुड़ाने के लिए हेड कांस्टेबल से मदद मांगी थी।

इस बीच हेड कांस्टेबल ने महिला से रूम शेयर करने की बात की थी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक महिला अपने पति के साथ रहती है। महिला के पति का पड़ोसियों से झगड़ा हो गया था। पड़ोसियों की शिकायत पर ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार किया था।

इसके बाद महिला पति को छुड़ाने के लिए थाने पहुंची थी और एक हेड कॉन्स्टेबल से मदद की गुहार लगाई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि उसके पति को मजिस्ट्रेट के सामने ले जाते समय कार में आरोपी हेड कॉन्स्टेबल ने रूम शेयर करने की बात की थी। जिसका महिला ने विरोध किया था। इस मामले में महिला ने आपबीती का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर पुलिस के आला अधिकारियों से आरोपी हेड कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

मामले में डीसीपी सेंट्रल नोएडा हरिश्चंद्र का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी हेड कांस्टेबल दीपक कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले में एसीपी थर्ड को मामले की सौंपी गई है। एसीपी द्वारा मामले की जांच कर रिपोर्ट डीसीपी को सौंपी जाएगी।



अट्टा मार्केट में ज्वेलरी शॉप पर दुकानदार का ध्यान भ्रमित कर सोने के आभूषण चोरी करने के मामले में गिरफ्तार गैंग सरगना। कब्जे से 160 ग्राम गोल्ड बरामद।

## छह दिन से लापता छात्र जंगल में रस्सी से बंधा मिला

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

मुरादनगर में लापता छात्र बेहोशी के हालत में जंगल से मिला। यह छात्र छह दिन पहले अचानक लापता हो गया था। गांव डिडौली के पास ग्रामीणों ने देखा। छात्र के हाथ पैर बंधे थे। छात्र को होश आया तो उसने किसी का फोन लेकर अपने परिजनों को सूचित किया। फिलहाल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी रविन्द्र कुमार का 15 वर्षीय बेटा विशाल बीती 30 जून को सुबह रेस लगाने के लिए गया था। वहां से वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन फोन स्विच ऑफआ रहा था। परिजनों ने थाने में तहरीर दी थी। हालांकि परिजनों ने किसी से भी पुरानी रंजिश से इंकार किया। जिस दिन छात्र लापता हुआ था, उसी दिन पाइपलाइन मार्ग पर नवीपुर के पास उसका फोन मिला था। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह गांव डिडौली के जंगल में विशाल बेहोशी की हालत में मिला। उसका हाथ पैर रस्सी से बंधा था। राहगीरों ने उसका हाथ पैर खोला। उसे होश आया तो उसने किसी ग्रामीण के फोन से अपने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने छात्र को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर छात्र को गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में अनुपस्थित रहे दो हजार परीक्षार्थी

● जले के 33 केन्द्रों पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले के 33 केन्द्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की पहली पाली सुबह नौ बजे शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे सम्पन्न हुई। पहली पाली में ही 2043 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। परीक्षा के लिए जिले को 17 सेक्टर में बांटा गया, जहां 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं।

इसके अलावा 33 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं, हांलाकि पहली पाली में किसी केन्द्र पर कोई




समस्या सामने नहीं आई। कोविड प्रोटोकॉल के साथ परीक्षा सम्पन्न कराई गई। परीक्षा के लिए 15 हजार सौ छात्र पंजीकृत थे, जिनमें पहली पाली में 13057 ही परीक्षा में शामिल हुए, बाकी 2043 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया। इसके अलावा परीक्षा के नोडल अधिकारी व पुलिस अधिकारी भी लगातार केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। परीक्षा के नोडल कोर्डिनेटर प्रो अखिलेश मिश्रा ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

बीएड की प्रवेश परीक्षा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज विजयनगर, जीजीआईसी विजयनगर, एसडी पीजी कॉलेज, एमएमएच कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज, एमबी गर्ल्स कॉलेज, गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, डॉ केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज, जवाहर लाल मैमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज, गवर्मेंट ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इंटर कॉलेज, सुशीला इंटर कॉलेज, वीएमएलजी कॉलेज, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, सेठ मुकंदलाल इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, गुरूनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, मनोहारी विद्या मंदिर कॉलेज, जीआईसी नंदग्राम, कांशीराम डिग्री कॉलेज, एमएमएचवी इंटर कॉलेज, जैनमती उजागकर मल इंटर कॉलेज, लोकमान्य तिलक जनता इंटर कॉलेज, श्रीहंस इंटरमीडिएट कॉलेज, एचएचकेएम इंटर कॉलेज औश्र लाजपत राय कॉलेज साहिबाबाद परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

## अगले साल होगा शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन

# सजाये जाएंगे सभी बाजार और मॉल सस्ते दामों पर मिलेंगे सभी उत्पाद



- कलाकार 200 कार्यक्रम पेश करेंगे, हर तबके के लिए कुछ न कुछ अवश्य होगा : केजरीवाल



दिल्ली 28 जनवरी से 26 फरवरी 2023 तक करेगी मेजबानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से दिल्ली दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल की मेजबानी करेगा। इसका आयोजन 28 जनवरी से 26 फरवरी 2023 तक किया जाएगा। केजरीवाल सरकार ने दावा किया है कि दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश करने का यह बहुत बड़ा मौका होगा। आने वाले कुछ सालों में इसे दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे।

दिल्ली वालों और यहां की संस्कृति का अनुभव करने के साथ-साथ शॉपिंग आनंद लेने के लिए देश और दुनिया भर के लोगों को निमंत्रित किया जाएगा। इसमें अध्यात्मिक, कंप्यूटर गेम, तकनीक और स्वास्थ से जुड़े मुद्दों पर प्रदर्शनियों भी लगाई जाएगी। सभी बाजारों, दुकानों और मॉल्स को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा, जहां हर उत्पाद और चीज पर भारी छूट मिलेगी और हर तबके के लिए कुछ न कुछ अवश्य होगा। इस दौरान देश दुनिया के जानेमाने कलाकार 200 से अधिक मनोरंजन कार्यक्रम पेश करेंगे।

इसमें मराठी, साउथ इंडियन, गुजराती, बंगाली समेत अन्य स्वादिष्ट व्यंजन मिलेगा, एक स्पेशल फूड वाक्स होगा, जिसमें दिल्ली और बाहर के सभी नामी-गिरामी रेस्टोरेंट और होटल इंडस्ट्री भाग लेंगी।

बाहर से लोगों को बुलाने के लिए होटल, ट्रैवल एजेंट्स और एयरलाइन्स बात कर विशेष पैकेज ऑफर किए जाएंगे। यह एक ऐसा आयोजन होगा जिसमें यहां के लोग, कार्पोरेट्स, व्यापारी, बिजनेसमैन और सरकार सब मिलकर पार्टनर के रूप में काम करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिन तक चलने वाले इस उत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल होगा। आज तक इतना बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल कभी नहीं हुआ होगा। अभी इसकी शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले कुछ सालों के अंदर इसे दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे।

### फेस्टिवल के लिए दिल्ली को पांच जोन में बांटा जाएगा

शॉपिंग फेस्टिवल के लिए दिल्ली को पांच जोन उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और सेंट्रल जोन में बाँटा जाएगा। यूएसपी, ब्रांड जागरूकता, खरीदारी की शैलियों, दुकानों की संख्या, जीएसटी कलेक्शन, स्थान, फुटफॉल, कनेक्टिविटी और सफाई के आधार पर सरकार इस फेस्टिवल को मनाने के लिए सभी इलाकों में 15 प्रतिष्ठित बाजारों और 10 मॉल को चुनेगी। केजरीवाल सरकार दूसरे साल से इस शॉपिंग फेस्टिवल को पड़ोस के बाजारों में विस्तार करने की योजना बना रही है।

# बस लेन में खड़े निजी वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई, दिए निर्देश

- परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बस लेन प्रवर्तन अभियान का लिया जायजा
- बस क्यू शेल्टर्स के रखरखाव के दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बस लेन में अवैध रूप से खड़े किए गए निजी वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को आईटीओ-कश्मीरी गेट रूट पर बस लेन और बस क्यू शेल्टर (बीक्यूएस) का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बस लेन में अवैध रूप से पार्क किए गए निजी वाहनों को हटाने के भी निर्देश दिए ताकि बसों के लिए निर्बाध यातायात सुनिश्चित किया जा सके। परिवहन विभाग ने एक अप्रैल से शुरू हुए बस लेन प्रवर्तन अभियान के तहत 44 हजार से अधिक चालान जारी किए हैं।

कैलाश गहलोत ने दिल्ली गेट, लाल किला और दरियागंज रोड का दौरा करते हुए आईटीओ-कश्मीरी गेट खंड पर बस लेन और बस क्यू शेल्टर (बीक्यूएस) का निरीक्षण किया। परिवहन मंत्री ने दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम के अधिकारियों को यात्रियों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली भर में ऐसे सभी आश्रयों का नियमित रखरखाव और मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और उन्हें बस स्टॉप के पास बस मार्ग के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।

दिल्ली परिवहन विभाग ने इस साल राष्ट्रीय राजधानी में बस लेन प्रवर्तन सुनिश्चित करने के लिए एक अप्रैल से लेन प्रवर्तन अभियान शुरू किया था। चार जुलाई तक बस लेन प्रवर्तन अभियान के तहत कुल 44,594 चालान जारी किए जा चुके हैं। इनमें लेन उल्लंघन के लिए बस चालकों को जारी किए ग 1,591 चालान और निजी वाहन मालिकों को बस लेन में पार्किंग के लिए जारी किए गए 43,003 चालान शामिल हैं।

अभियान के तहत बस लेन में गलत तरीके से पार्किंग के लिए कुल 526 वाहनों को मौके से उठाया गया। परिवहन मंत्री ने कहा वह शहर के बस स्टॉप को सुविधाजनक बनाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बस कतार आश्रयों के साथ बसों की आसान आवाजाही और यात्रियों के सुरक्षित आवागमन को भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

# सरकार की ईमानदारी का बड़ा सबूत है कैग रिपोर्ट : केजरीवाल



- मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली सरकार के लाभ में बताने वाले आंकड़े हमारी उपलब्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कैग की दिल्ली सरकार को लाभ में बताने वाली एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि आंकड़े उसकी ईमानदारी का सबसे बड़ा सबूत हैं।

यह आंकड़े दिल्ली सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की ईमानदारी ने विरोधियों की नींद उड़ा दी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की मंगलवार को विधानसभा में रखी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार के पास 2015-16 से 2019-20 तक अतिरिक्त राजस्व था। हालांकि, उसने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार राजस्व अधिशेष इसलिए बनाए रख पाई क्योंकि उसके कर्मचारियों की पेंशन का खर्च केंद्र सरकार वहन करती है और दिल्ली पुलिस का खर्च केंद्रीय गृह मंत्रालय उठाता है। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि यह कैग की रिपोर्ट है।

इन्होंने कहा है कि दिल्ली में जब से आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से दिल्ली सरकार फायदे में चल रही है। यह आप सरकार की ईमानदारी का सबसे बड़ा सबूत है। इसी ईमानदारी ने हमारे विरोधियों की नींद उड़ा रखी है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा दे रही सरकार

- उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में केंद्र का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा दे रही है। शोध एवं विकास को गति देने के लिए नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए आधुनिक केंद्र स्थापित किया।

यह इमेज और वीडियो एनालिक्सि स्पीच सिंथेसिस एंड रिकॉग्निशन और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में माइल बिल्डिंग पर केंद्रित है। उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का उद्घाटन किया। इस सेंटर की शुरुआत यूनिवर्सिटी द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आधुनिक शोध की अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए की गई है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का होना आज विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। यह विवि के हाई-एंड थिंकिंग को दर्शाता है। तकनीक के क्षेत्र में तेजी से बढ़ते देशों की गति से मेल खाने के लिए हमें वर्तमान समय से आगे के लिए सोचना होगा जिसकी शुरुआत विवि से होगी। यदि यूनिवर्सिटीज समय से आगे सोचेंगे और इनोवेशन अपनाएंगे तो निश्चित रूप से देश भी समय से आगे होगा।

स्कूलों में देश की बॉटम लाइन तय होती है लेकिन देश को ऊँचाइयों तक ले जाने का काम उसकी यूनिवर्सिटीज से होता है, इसलिए वह अपने विश्वविद्यालयों को ऐसे संसाधान व सुविधाओं से लैस कर रहे है जिसका इस्तेमाल कर युवा देश को तरक्की की राह पर आगे बढाएंगे। सिसोदिया ने कहा कि पिछले 7-8 सालों से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से देश को आगे ले जाना रहा है। किसी भी राजनीतिक या ब्यूरोक्रेटिक स्थान से देश का भविष्य नहीं बदला जा सकता है, स्कूलों,कॉलेजों व यूनिवर्सिटीज ही देश को तरक्की की राह पर आगे ले जा सकते है।

### तकनीकी की विशेषताएं

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हाई-एंड ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट्स, वर्क-स्टेशन, डेटा स्टोरेज और कम्युनिकेशन सिस्टम से लैस है सेंटर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ एक्सीलेंस में 324 जीबी रैम और 8 ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट, 100 टीबी स्टोरेज, स्मार्ट रैक और हाई-स्पीड स्विच के साथ एक अत्याधुनिक सुपरकंप्यूटिंग सिस्टम भी स्थापित किया गया है, जो 5 पेटाफ्लॉप पर ट्रेनिंग एक्सीक्यूट करने में सक्षम है। यहां केंद्र में 10 हाई-एंड वर्कस्टेशन भी हैं जिनकी स्वतंत्र ग्राफिकल प्रोसेसिंग यूनिट हैं और ये 256जीबी रैम 10जीबीपीएस कनेक्टिविटी के साथ सुपर कंप्यूटर से जुड़े हैं।

# मेट्रो में महिला के यौन उत्पीड़न मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

- घटना के बाद नेपाल भाग गया था आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के एक मेट्रो स्टेशन पर एक महिला के यौन उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान यहां कोटला मुबारकपुर निवासी मानव अग्रवाल के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि वह घटना के बाद नेपाल भाग गया था और उसने हाल ही में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी भी दायर की थी। यह घटना मेट्रो के जोरबाग स्टेशन पर दो जून को हुई थी। पीड़ित महिला ने ट्विटर पर आपबीती साझा की थी। पुलिस उपायुक्त (रेलवे) हरेंद्र के सिंह ने कहा, मीडिया के माध्यम से घटना के बारे में पता चलने के बाद आरोपी चार जून को नेपाल भाग गया था। उसने उस अवधि के दौरान अग्रिम जमानत के लिए भी आवेदन किया था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को दक्षिणी दिल्ली के साकेत इलाके से गिरफ्तार किया गया। पीड़िता ने सिलसिलेवार ट्वीट कर दावा किया था कि दो जून को जब वह मेट्रो की येलो लाइन पर सफर कर रही थी तभी एक अजनबी व्यक्ति ने उससे एक पता पूछा।

महिला ने दावा किया था कि बाद में जब वह मेट्रो ट्रेन से उतरकर, कैब बुक करने के लिए प्लेटफॉर्म पर पहुंची तो आरोपी फिर से उसके पास आया और पते के बारे में अधिक जानकारी लेने लगा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया था कि इस घटना के समय प्लेटफॉर्म पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उसकी मदद नहीं की जिसके बाद बवाल मच गया।

# शिक्षकों की मांगों को लेकर डूटा का यूजीसी पर प्रदर्शन

- तदर्थ शिक्षकों के लिए एकबारगी समायोजन की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) पर प्रदर्शन किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो एके भागी ने कहा कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कॉलेजों में करीब साढ़े चार हजार शिक्षक तदर्थ के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षक संघ की मांग है कि केंद्र सरकार एकबारगी समायोजन बिल लाकर लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का स्थाई समाधान करे। समायोजन की इस प्रक्रिया में 200 प्वाइंट रोस्टर का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए।

प्रो. भागी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण के लागू होने से छात्र संख्या में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है लेकिन औपचारिक रूप से जरूरी शैक्षणिक व्यवस्था के लिए आवश्यक शिक्षक पद नहीं दिए गए हैं। इस संबंध में डूटा की मांग है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 25 फीसदी शिक्षक पदों को भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तुरंत जारी करें। डूटा सचिन डॉ. सुरेंदर सिंह ने यूजी सी से मांग की है कि एमोमली कमेटी की सिफारिशों को तुरंत जारी करे। डूटा उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार के अनुसार डूटा कमेटी की सिफारिशों को जारी करने की मांग कर रही है। डूटा सचिव डॉ सुरेंदर सिंह ने मांग करते हुए प्रोफेसर पद पर प्रमोशन के लिए कॉलेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर को पी एच डी की अनिवार्यता से छूट तथा शोध पत्रों में राहत देने की भी अपील की है।

## विमान इंजन हुआ खराब सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद विस्तारा एयरलाइन के विमान के एक इंजन में खराबी आ गई। हालांकि सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। इस विमान ने बैंकाक से उड़ान भरी थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एयरलाइन ने कहा कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद विमान के एक इंजन में मामूली खराबी आई थी। रनवे से हटने के बाद विमान का इंजन संख्या-2 बंद कर दिया गया क्योंकि पायलट इंजन संख्या-1 का इस्तेमाल कर एकल इंजन से संचालन करना चाहते थे। बाद में इंजन संख्या-1 ने भी काम करना बंद कर दिया।




दिल्ली विश्वविद्यालय के अदिति कॉलेज और दिल्ली पुलिस ने इंटरनेट से जुड़े अपराधों के बचाव के लिए साइबर जागृति दिवस का आयोजन किया। इसमें कॉलेज के 100 छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया।

## निजी अस्पताल देगा डीआर टीबी की निशुल्क दवा

नई दिल्ली। निजी अस्पताल बीएल मैक्स ने दवा प्रतिरोधी तपेदिक (डीआर-टीबी) का इलाज निशुल्क उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ साझेदारी की है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नई दवा अब केवल सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रों और बीलएके-मैक्स अस्पताल में मिलेगी।

दिल्ली राज्य टीबी नियंत्रण कार्यालय ने हाल में बीएलके-मैक्स अस्पताल से डीआर टीबी के खिलाफ इस राष्ट्रीय लड़ाई में सहयोग के लिए प्रस्ताव दिया था, ताकि निजी क्षेत्र में भी टीबी की दवाइयां दी जा सकें। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया के 25 फीसदी टीबी के मामले भारत में हैं। टीबी के जो मरीजों डीआर-टीबी की चपेट में आ जाते है।

# पायलट प्रोजेक्ट: एमसीडी के स्कूलों का होगा कायाकल्प

## राजधानी स्थित 25 स्मार्ट मॉडल स्कूल 15 अगस्त तक और 400 26 जनवरी तक होंगे स्मार्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के स्कूलों का बहुत जल्द पूरा नक्शा बदला हुआ नजर आएगा। इसका खाका तैयार कर एमसीडी ने 25 स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट भी शुरू कर दिया है। इनकी भौतिक संरचना में बदलाव के साथ डेस्क, बेंच, कुर्सियां सहित सारे सामान बदले जाएंगे।

पायलट प्रोजेक्ट में बेहतर परिणाम मिलने के बाद सभी स्कूलों को योजना के दायरे में लाया जाएगा। एमसीडी ने पिछले कुछ वर्षों में अपने स्कूलों की आधारभूत संरचना में काफी बदलाव किया है। स्मार्ट कक्षाएं, उपयोगी लाइब्रेरी, बच्चों व अभिभावकों की काउंसलिंग और अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई जैसी पहल से एमसीडी स्कूलों में की छवि बदली है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने एमसीडी द्वारा संचालित स्कूलों को स्मार्ट मॉडल स्कूल बनाने के पायलट प्रोजेक्ट सीपी ब्लॉक, पीतम पुरा स्थित नगर निगम प्रतिभा स्कूल से किया। नगर निगम स्कूलों में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं तकनीकी ढ़ांचे को अपग्रेड करने के मकसद से चालू किए जा रहे इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि नगर निगम के 25 ऐसे स्कूल 15 अगस्त तक तैयार कर आजादी के अमृत महोत्सव पर लोकार्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी, 2023 तक 400 अन्य स्कूलों को पूरी तरह से नवीनीकृत एवं स्मार्ट तकनीक से लैस कर दिया जाएगा। इस मौके पर एलजी ने निगम अधिकारियों को स्कूल में निर्माण एवं मरम्मत संबंधी कार्य तथा आधुनिक फर्नीचर, तकनीक से लैस ब्लैक बोर्ड, इंटरेक्टिव पैनल एवं अन्य पढ़ाने की वस्तुओं के साथ इस कार्य को 25 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिये। उपराज्यपाल के निर्देश पर नगर निगम स्कूलों के मरम्मत, रंगाई पोताई के लिए 14.85 करोड रूपये आवंटित किए गए हैं। 29 सर्वाधिक प्रभावित भवनों की मरम्मत हेतु इंजीनियरिंग विभाग को 4.41 करोड़ रूपये मंजूर किए गए। जिन स्कूलों का मरम्मत, नवीनीकरण और विकास किया जा रहा है, उनमें गैर सरकारी संगठनों और कॉरपोरेट जगत को उनके सीएसआर फंड के तहत सहभागी बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

मालूम हो कि उपराज्यपाल ने 18 जून को एच ब्लॉक, अशोक विहार स्थित एमसीडी स्कूल के अपने पहले दौरे में पायलट आधार पर मरम्मत, नवीनीकरण हेतु 25 एमसीडी स्कूलों की पहचान करने का ऐलान किया था।

7 हजार वर्गमीटर में बना सीपी ब्लॉक , पीतम पुरा स्थित स्कूल, जहां कल मरम्मत, पेंटिंग एवं साफ सफाई के कार्य का शुभारंभ किया गया था। इस श्रेणी में पहला है।

## ईमानदारी से करे एमसीडी कर का भुगतान : एलजी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार एमसीडी की खराब वित्तीय हालत में सुधार के लिए दिल्ली वालों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने लोगों से अपने संपत्ति करों और बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध भी किया है ताकि नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।

उपराज्यपाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-2020 और 2021-22 के बीच दिल्ली नगर निगम का नकद घाटा 2,756.32 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय कुप्रबंधन और अधिकांश निवासियों द्वारा संपत्ति करों का भुगतान न करने से वर्तमान वित्तीय संकट खड़ा हो गया है। एमसीडी दिल्ली में 94 प्रतिशत सेवाएं देता है। पिछले वित्तीय कुप्रबंधन और करीब 75 प्रतिशत निवासियों द्वारा किसी भी संपत्ति कर का भुगतान न करने से यह संकट में आ गया है।

# रेलटेल करेगी 756 रेलवे स्टेशनों पर वीडियो निगरानी की व्यवस्था

- वीडियो सर्विलांस सिस्टम स्थापित करने के लिए एजेंसी नियुक्त करेगी संस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय रेल ने केंद्रीय सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, मिनी रत्न कहे जाने वाले रेलटेल को नई दिल्ली समेत देश के प्रमुख 756 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर वीडियो निगररानी परियोजना के क्रियान्वयन का काम सौपा है। जिसके तहत रेलवे स्टेशनों पर वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वीएसएस) (सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क) की स्थापना के लिए रेलटेल एजेंसियों को नियुक्त करेगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमें रेलवे में नई तकनीक को तेजी से समाहित करने की आवश्यकता है, जैसे कि रोलिंग स्टॉक, निर्माण, सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, या ऐसी स्तिथियों में जहां मानव इंटरफ़ेस हो। रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरुणा सिंह ने आश्वासन दिया कि निष्पादन एजेंसियों को नियुक्त कर देने के साथ, परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी आएगी। इस प्रोजेक्ट में सबसे आधुनिक सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर का इस्तेमाल किया जाएगा। इस परियोजना के पहले चरण में ए-1, बी एवं सी श्रेणी के 756 प्रमुख रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है।

# भारत विभाजन के कट्टर विरोधी थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : नवीन गोयल

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पटौदी रोड पर किया पौधारोपण

## हर महापुरुष की जयंती, बलिदान दिवस पर्यावरण को करें समर्पित



गुरुग्राम के गांव गाड़ौली में कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण करते पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मां** भारती के अमर सपूत, राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद् लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल समर्थक, एक विधान-एक निशान-एक प्रधान सिद्धांत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में पौधारोपण किया गया। प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में यह पौधारोपण अभियान चलाया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ गाड़ौली गांव में पौधारोपण किया।

पौधारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण प्रकोष्ठ के सह संयोजक राजेश गुलिया, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल, कमांडर उदयवीर, गगन गोयल, ललित क्रांतिकारी, विजय वर्मा, केपी गर्ग, रजनीश राठी, हरकेश प्रधान, जितेश गोगिया, सतीश तायल, मनीष समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बोलते हुए नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक होना चाहिए। यह हम सभी का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करके अपने पर्यावरण को बचाएं, ताकि आने वाली पीढियां एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश में सांस ले सके। श्री गोयल ने कहा कि हमें हर महापुरुष की जयंती, उनके बलिदान दिवस पर पर्यावरण को समर्पित करना चाहिए। क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान में ज्वलंत मुद्दा है। यह किसी एक के नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों से सुधारा जा सकता है। कोई पेड़ लगाए तो कोई इसे प्रदूषित करने से बचे। इस तरह सब-मिलकर पर्यावरण को सुधारने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

# बोधराज सीकरी ने बताई डॉ. श्यामा प्रसाद की जीवनी



सुशांत लोक में पौधा लगाते बोधराज सीकरी।

## सुशांत लोक में किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष में बुधवार को सुशांत लोक फ्लायर्स पार्क में सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी, पार्षद अनिल आरती यादव के संयुक्त प्रयास से पौधारोपण किया गया। सुशांत लोक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में महिलाओं की भी अच्छी-खासी संख्या रही।

बोधराज सीकरी ने जहां एक ओर डॉ. मुखर्जी की जीवनी, उनकी योग्यता एवं उनका राष्ट्र के प्रति योगदान और भारतीय जनसंघ के गठन से लेकर भाजपा की संघर्ष पूर्ण यात्रा से लोगों को अवगत कराया, वहीं पर्यावरण के महत्व का भी संदेश दिया। अनिल आरती यादव ने अपने क्षेत्र में किए विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया और उनके सुझाव लिए। सुशांत लोक आरडब्ल्यूए प्रधान विष्णु खन्ना, महामंत्री दीपक वर्मा, संजय टंडन कोषाध्यक्ष, सीमा चावला, सतीश चावला, चारुकीर्ति जैन, सरिता विरमानी, श्वेता, डीपी गुप्ता, विक्रम, सीमा चावला, दीपक भाटिया, अनिल शर्मा, सुरेंद्र दसौर, राघवेंद्र, भक्ति शर्मा, सुभाष सचदेवा, प्रवीन कौर, योगेश्वर लाल चौहान, विरेंद्र, अरुण वर्मा, राजीव छाबड़ा, दीपक भाटिया, सोनी पूर्व प्रधान, विजय गुप्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री 11 को करेंगे एलीवेटेड मार्ग का उद्घाटन

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल 11 जुलाई को गुरुग्राम-सोहना के बीच बने 25 किलोमीटर एलीवेटेड मार्ग का उद्घाटन करेंगे। इस दिन से गुरुग्राम-सोहना के बीच की दूरी मात्र 20 मिनट में तय होगी। गुरुग्राम-सोहना के बीच बने एलीवेटेड मार्ग पर वाहन 11 जुलाई से बिना रुके फर्राटे भर सकेंगे। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस दिन एलीवेटेड मार्ग को आम जनता के लिए खोल देंगे। जिसको लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री गुरुग्राम के देवीलाल खेल स्टेडियम में एक कार्यक्रम में रहेंगे। इसी दिन इस मार्ग का उद्घाटन करेंगे। अभी यह तय नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री मार्ग का उद्घाटन किस स्थान पर रिबन काटकर करेंगे। उन्होंने बताया कि बादशाहपुर से गुरुग्राम राजीव चौक तक एलीवेटेड मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गुरुग्राम-सोहना के बीच बने एलीवेटेड मार्ग से दिल्ली, गुरुग्राम, गाजियाबाद, नोएड़ा, चण्डीगढ़ समेत राज्य के अन्य जिलों में जाने वाले नागरिकों को सफर कम समय में तय होगा।

# धर्म के काम में इंसान की भावना शुद्ध होनी चाहिए : डॉ. दिव्यानंद

## ज्योति पार्क में तीन दिवसीय सद्‌गुरु आराधना महोत्सव में बोले, आज की युवा पीढ़ी में संस्कारों का समावेश करने की जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



स्वामी दिव्यानंद।

**हरिद्वार** तपोवन के गीता ज्ञानेश्वर स्वामी डा. दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि तीर्थ करना धर्म है, लेकिन धर्म के लिए आत्मा शुद्ध होनी चाहिए। तीर्थ को तीर्थ मानकर करें ना कि पिकनिक जैसी भावना से करें। आज के दौर में हम तीर्थ भी करते हैं, धर्म भी करते हैं, लेकिन हमारी भावना में शुद्धता नहीं रही। यह बात उन्होंने यहां ज्योति पार्क स्थित श्रीगीता आश्रम में तीन दिवसीय सद्‌गुरू आराधना महोत्सव में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कही।

स्वामी डा. दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। अपनी संस्कृति का ज्ञान कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ डिग्रीधारी ही पढ़े-लिखे नहीं होते। उन्हें अपनी संस्कृति का ज्ञान भी होना चाहिए। संस्कार शुद्ध आत्मा से करें। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि धर्म के नाम पर जो करते हो, जरूरी नहीं कि वह धर्म है। उसमें धार्मिक भावना हो, तभी वह धर्म कहा जा सकता है। जहां धर्म के नाम पर धर्म-कर्म ना हो तो वहां का पतन पक्का है। धर्म-कर्म के नाम पर अधर्म नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में लोगों की धार्मिकता पर उन्होंने कहा कि आज हम धर्म से ज्यादा ध्यान इस बात पर देते हैं कि हमारी तस्वीर, हमारी सेल्फी अच्छी आई या नहीं। मतलब हमारा भगवान में ध्यान कम और अपनी तस्वीर कराने में अधिक रहता है। इसे धार्मिक भावना नहीं बल्कि दिखावा ही कहा जा सकता है। किसी भी धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल की तस्वीरों को तुरंत सोशल मीडिया जैसे फेसबुक पर डालने की होड़ लगी रहती है। हमारी यह आदत किसी न किसी रूप में हमें नुकसान देती है। एक उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि एक परिवार घूमने गया और वहां की तस्वीरें फेसबुक पर डाल दी। चोरों की निगाह उन पर थी। उनको फेसबुक पर फॉलो करते हुए चोरों ने अंदाजा लगा लिया कि वे तीन-चार

# अब बारिश का पानी नहीं होगा जमा, साफ होंगे नाले

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद बरसात के मौसम से पहले शहर के सभी नाले और नालियों की सफाई कराएगी। जिसके लिए आपातकाल टेंडर लगाए गए हैं। टैंडरों को पांच दिन बाद खोला जाएगा।

अभी बारिश के मौसम की शुरुआत नहीं हुई है। परिषद के अनुसार बारिश का मौसम 15 जुलाई के आस पास शुरम होता है। जिससे पहले परिषद शहर के सभी बरसाती नालों और नालों की सफाई कराएगी। जिससे शहर के किसी भी स्थान पर जलभराव की समस्या उत्पन न हो सके। इसके साथ ही शहर में बने 15 से 20 वाटर हार्वेस्टिंग की भी सफाई की जाएगी। ताकि उनके आस-पास जमा होने वाला बरसात का पानी जमीन में सीधा जा सके। बरसाती पानी गिरते भूजल स्तर को बढ़ोतरी दे सके।

**मंगलनगर पर विशेष ध्यान :**

नगर परिषद इस वर्ष वार्ड-19 के मंगलनगर में स्थित बरसाती नाले का विशेष ध्यान रखेगी। क्योंकि सबसे ज्यादा समस्या इसी वार्ड के नागरिकों को होती है। परिषद प्रशासन चाहता है कि यहां के नालों की सफाई गहराई से हो सके। ताकि बारिश का पानी सूचारू रूप से निकल सके। करीब दो माह पहले भी इस वार्ड के नाले की मैनपॉवर से सफाई कराई गई थी। जिसके चलते नाले का जलस्तर काफी नीचे पहुंच गया था।

नगर परिषद के सचिव नवीन पांडे ने बताया कि शहर में जलभराव के संभावित स्थानों को तलाशा जा रहा है। ऐसे बरसाती नाले, नालियां और गंदे पानी के नालों की पहचान की जा चुकी है। जिनकी सफाई के लिए टेंडर लगा दिए गए हैं। अलगे पांच दिन में टेंडर खोलकर सफाई का ठेका छोड़ दिया जाएगा।

# नशे का कारोबार करने वाले दवा विक्रेताओं पर पैनी नजर

एन रोहिल्ला। सोहना

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ते के निशाने पर शहर के दर्जनभर दवा विक्रेताओं की दुकानें हैं। इन दुकानों में नशे की दवाइयों से लेकर प्रतिबंधित दवाएं धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। मंगलवार को सीएम उड़नदस्ते ने शहर के चुंगी नंबर दो के निकट एक दवा विक्रेता की दुकान पर छापेमारी कर उसे सील किया था।

शहर में दिन प्रति दिन दवा विक्रेता की दुकानों पर नशा से संबंधित इंजेक्शन, गोली और प्रतिबंधित सीरप बेचने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे युवाओं में नशा करने की लत दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बीते



करीब एक माह में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के साथ नारको और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिलकर दो दवा विक्रेताओं की दुकानों पर छापमारी की थी। छापामारी के दौरान दवाओं की आड़ में बेची जा रहे नशीले पेय पदार्थ, इंजेक्शन और गोलियां बरामद की। छापामारी के बाद दोनों ही दुकानों को सील कर दिया गया था।

**छापामारी के दौरान गिर जाते हैं शटर :** शहर में जब-जब भी प्रतिबंधित नशे की गोलियां से लेकर प्रतिबंधित पेय पदार्थों पर छापामारी की गई तब तब शहर में दवा विक्रेताओं की दुकानों और निजी अस्पतालों पर ताले लटक जाते हैं। दुकानदार और निजी अस्पताल संचालक छोड़कर भाग जाते हैं।

जानकार सूत्रों के अनुसार शहर में दर्जन भर दवा विक्रेताओं की दुकान, निजी अस्पताल और झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें निशाने पर हैं। जिन पर कभी भी छापामारी हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि दवा सप्लायर भी उड़नदस्ते के निशाने पर हैं। जिनके यहां कभी भी छापामारी हो सकती है। कई दवा सप्लायरों के गोदाम तक की पहचान कर ली गई है।

# ‘हमें अब पर्यावरण विषय पर सोचना नहीं काम करना है’

## शुरुआती शिक्षा से ही पर्यावरण के प्रति बच्चों को दें प्रेरणा

**गुरुग्राम।** कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डीपी गोयल बुधवार को केंद्रीय विद्यालय में आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। वहां उन्होंने पेड़ लगाकर संदेश दिया कि पेड़ लगाना हम सबकी जिम्मेदारी और प्राथमिकता होनी चाहिए। पेड़ों से हमारा जीवन सुरक्षित है। पेड़ों से मिलने वाली प्राकृतिक ऑक्सीजन की पूर्ति अप्राकृतिक यानी मशीनों से बनाई जाने वाली ऑक्सीजन से नहीं की जा सकती।

वन महोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जेपी सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों ने डीपी गोयल का विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। साथ ही उनके द्वारा समाज में किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की गई। इस दौरान उनके साथ मंथन सेवा समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह, गगन बंसल, प्रदीप सिंह, अजय राय आदि मौजूद रहे। यहां अपने संबोधन में डीपी गोयल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होना बहुत जरूरी है। अब



गुरुग्राम के केंद्रीय विद्यालय में पौधारोपण करते रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डीपी गोयल।

इस विषय पर सोचने की बजाय काम करने की जरूरत है। हमारा पर्यावरण कितना खराब हो चुका है, यह किसी से छिपा नहीं है। हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं। शिक्षण संस्थान भी इस विषय को लेकर बच्चों में जागृति लाएं। इस विषय पर प्रतियोगिताएं कराने के साथ उन्हें पेड़ लगाने के प्रति भी जागरुक करें।

## संक्षिप्त-समाचार

### अक्षय आनंद को मिली ग्रैंड मास्टर की उपाधि



**गुरुग्राम।** एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की तरफ से अक्षय आनंद को ग्रैंड मास्टर की उपाधि दी गई है। हरियाणा का गौरव अक्षय आनंद (आनंदशाला संस्थापक) ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर प्रदेश का सम्मान बढ़ाया है। अक्षय आनंद द्वारा 5 मिनट में 52 सूर्य नमस्कार किए गए, जो कि एक एशिया रिकॉर्ड बना है। इसी को ध्यान में रखते हुए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा अक्षय आनंद को ग्रैंड मास्टर की उपाधि प्रदान की गई। अक्षय आनंद भारत सरकार के द्वारा प्रमाणित योग शिक्षक हैं और आनंदशाला के संस्थापक हैं। लगभग पिछले डेढ़ वर्षों से निशुल्क योग कक्षाएं आनंदशाला के नाम से चला रहे हैं। आनंदशाला में हरियाणा के 15 जिलों एवं विदेशों से भी 100 साधक नित्य योगाभ्यास करते हैं। अक्षय आनंद का दावा है कि उन्होंने कोरोना काल में केवल योग के माध्यम से लगभग 20 लोगों को कोरोना से ठीक किया। 500 से अधिक साधक केवल योग अभ्यास के द्वारा अनेक असाध्य बीमारियों को ठीक कर चुके हैं।

### देसी पिस्टल बरामद सहित एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम विकास है। आरोपी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव बेगमपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को सूचना के आधार पर थाना बीपीटीपी के एरिया से देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने देसी कट्टे को थाना बीपीटीपी क्षेत्र में आने वाले घर में से चोरी किया था। जिसका चोरी का मुकदमा दर्ज है। आरोपी को मामले की पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर नरेंद्र की टीम ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमन फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को नाकाबंदी कर डबुआ मंडी रोड से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी से मोटरसाइकिल के डॉक्यूमेंट मांगे जो आरोपी डॉक्यूमेंट पीस नहीं कर पाया। मोटरसाइकिल के चेचिस नंबर चेक करने पर पाया कि मोटरसाइकिल थाना डबुआ के चोरी के मुकदमे की है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के चालान से पहले व्यापारियों को किया जाएगा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के समक्ष नवीन गोयल ने रखी बात

**स्थानीय** निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता का गुरुग्राम पहुंचने पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक बैन होने के बाद लगातार व्यापारियों के चालान की प्रक्रिया को रुकवाकर पहले जागरुकता अभियान चलाने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए।

पिछले ढाई साल से पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल लगातार काम कर रहे हैं। स्वच्छ गुरुग्राम-स्वस्थ गुरुग्राम, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम के लिए उन्होंने अभियान चला रखा है। उन्होंने सरकार के सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर बैन लगाने को अहम कदम बताया। बुधवार को नवीन गोयल ने डिस्पोजल



गुरुग्राम में स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के समक्ष व्यापारियों की समस्या रखते नवीन गोयल।

एसोसिएशन के व्यापारियों के साथ स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता से यहां पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में मुलाकात की। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के बैन होने के बाद व्यापारियों को आ रही परेशानी और नगर निगम द्वारा काटे जा रहे चालान को लेकर व्यापारियों का पक्ष रखा। नवीन गोयल ने मंत्री डा. कमल गुप्ता से आग्रह किया कि व्यापारियों पर सख्ती करने की बजाय उन्हें जागरुक किया जाए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों, दुकानदारों से भी कहा कि वे सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने मेयर मधु आजाद, निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा की मौजूदगी में नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों के चालान करने से पूर्व उन्हें जागरूक करें। इस काम में पर्यावरण संरक्षण विभाग प्रमुख नवीन गोयल को भी शामिल करें, ताकि किसी दुकानदार, व्यापारी को परेशानी ना हो। साथ ही कहा कि आगामी रूपरेखा तैयार करें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद करने में किस तरह से कार्य किया जाए। सुमित कुमार संयुक्त आयुक्त, विजय यादव, डिस्पोजल एसोसिएशन से नवीन कुमार, धीरज कुमार, सचिन गुप्ता के अलावा गगन गोयल, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जून माह में गुरुग्राम आरटीए ने 741 ओवरलोड वाहनों के किए चालान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## तीन करोड़ में से 31 लाख 94 हजार का जुर्माना वसूलना बाकी

**जून-2022** में क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण (आरटीए) गुरुग्राम ने ओवरलोड वाहनों पर लगातार शिकंजा कसा। इस माह में विभाग ने 741 वाहनों के चालान करके उन पर करीब तीन करोड़ रुपये का जुर्माना ठोंका। हालांकि यह जुर्माना अभी वसूल किया जाना है।

क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण गुरुग्राम के सचिव रविंद्र यादव ने बुधवार को बताया कि जिला में ओवरलोड व बिना परमिट और बिना दस्तावेजों के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए सघन अभियान निरंतर जारी है। विभाग की ओर से जून माह में ओवरलोड व बिना परमिट के चल रहे 741 वाहनों के चालान कर 2 करोड़ 96 लाख 84 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सचिव ने कहा कि जिला में ओवरलोड वाहन का परिचालन किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे एक तो सड़क हादसों के ग्राफ में कमी आई है, साथ ही सभी ट्रांसपोर्टर्स को कहा गया है कि वो अंडर लोड ही चलाये जिससे कि कोई सड़क हादसा भी न हो। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम ओवर लोड को पूरी तरह बन्द करवाएं, इसके लिए निरंतर चेकिंग और चालान किये जा रहे हैं। विभाग की ओर से किए गए चालानों में अधिक संख्या ट्रकों की है। जिनमें कई बिना दस्तोवज और ओवरलोड मिले थे। वहीं बिना परमिट और बिना टैक्स दिए जिले में दौड़ती बसों पर भी विभाग सख्ती कर रहा है। विभाग की ओर से सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के दृष्टिगत ऑवर लोडिंग वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए सघन जांच अभियान को निरंतर जारी रखा जाए।

अभियान के दौरान क्षमता से अधिक वाहन में भार (रोड़ी, क्रेशर व सामान) पाए जाने पर चालान किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा जून माह में ओवरलोड व बिना परमिट के चल रहे 741 वाहनों के चालान कर 2 करोड़ 96 लाख 84 हजार 700 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऐसे में अब इन वाहन चालकों की ओर से 2 करोड़ 64 लाख 90 हजार 700 रुपये का जुर्माना अदा किया जा चुका है, जबकि कई वाहन चालकों की ओर से 31 लाख 94 हजार का जुर्माना अदा किया जाना है।

श्री यादव ने कहा कि सड़क पर चल रहे प्रत्येक वाहन के लिए भार की क्षमता निर्धारित की गई है। वाहन मालिकों के साथ-साथ क्रेसर संचालकों द्वारा भी वाहन की क्षमता के अनुसार ही भार (रोड़ी/क्रेशर) डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑवर लोडिंग के कारण सड़क दुर्घटना होने की आंशका बनी रहती है।

# नेहरू युवा केंद्र में रेडक्रॉस ने लगाया रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** नेहरू युवा केंद्र गुरुग्राम द्वारा बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सिविल हॉस्पिटल गुरुग्राम के सहयोग से केंद्र के कार्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

केंद्र के उप-निदेशक कृष्ण लाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस शिविर का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। शिविर के दौरान स्वैच्छिक रक्त दाताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सिविल हॉस्पिटल, डॉक्टर्स की टीम ने सभी को रक्तदान के लाभों से भी अवगत कराया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर विभिन्न युवा क्लबों मे पौधारोपण व अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। प्रोफेसर रोहित शर्मा, प्रोफेसर, राष्ट्रीय युवा पुरुस्कार विजेता, ममता धवन, जतिन कौशिक, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रेडक्रॉस एवं डॉ.



गुरुग्राम के नेहरू युवा केंद्र में पौधारोपण करते रेडक्रॉस व केंद्र के सदस्य।

जनक ने इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लिया। इस शिविर के सफल आयोजन में कुणाल मंगला, आकांक्षा युवा महिला मंडल की अध्यक्षा एवं सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया से श्यामा राजपूत, कामकाजी महिला आवास से वार्डन कविता सरकार, अतुल परासर, डॉ. जनक, डॉ. सुलोचना, एक उड़ान से कल्याणी सचान, रोहित मदान, तिलकराज, ममता धवन, वर्षा, अहमद एवं कपिल का सराहनीय योगदान रहा। शिविर को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। युवा केंद्र के उप-निदेशक कृष्ण लाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव विकास कुमार एवं पूरी टीम का धन्यवाद किया।

# भारत में अमेजन प्राइम मेंबर्स के लिए 23 और 24 जुलाई को होगा प्राइम डे 2022 का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** में प्राइम मेंबर्स को खुशियां मनाने का बहाना देने के लिए, अमेजन एक बार फरि से अपना वार्षिक प्राइम डे लेकर आ रहा है। दो दिनों तक आकर्षक डील्स, बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, नए लॉन्च, और बहुत कुछ की शुरुआत होगी 23 जुलाई, 2022 को रात 12 बजे से, जिसका समापन होगा 24 जुलाई, 2022 को। यह समय है आराम से बैठने, रिलेक्स करने और सभी ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अपनी मनचाही चीजों को खरीदने का आनंद लेने का, क्योंकि अमेजन अपने प्राइम मेंबर्स को सभी श्रेणियों में बेस्ट डील्स और बचत की पेशकश करेगा।

स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लायंसेस, फैशन एंड ब्यूटी, किराना, अमेजन डिवाइसेस, होम एंड किचन, फर्नीचर से लेकर रोजमर्रा की जरूरी चीजें आदि तक प्राइम मेंबर्स नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील्स, और बेहतरीन मनोरंजन बेनफिट्स का आनंद उठा सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, अक्षय साही, डायरेक्टर - प्राइम एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, अमेजन इंडिया ने कहा, भारत में हमारा छठा





प्राइम डे हमारे सभी प्राइम मेंबर्स के लिए बेजोड़ खरीदारी और मनोरंजन अनुभव के साथ बड़ा, बेहतर और भरपूर है। हमें अभी तक अपने मौजूदा प्राइम मेंबर्स से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मजबूत समर्थन के लिए हम उनके आभारी हैं, और मुझे पूरा भरोसा है कि इस प्राइम डे के दौरान भी रोमांचक डील्स, नए लॉन्च, और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन के साथ अपने लिए खुशियां प्राप्त करेंगे। अपने ग्राहकों के लिए वैल्यू और सुविधा को बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और हम इसे प्राइम परिवार में नए ग्राहकों की सेवा और स्वागत करने के अवसर के रूप में भी देखते हैं। इस प्राइम डे पर, अमेजन छोटे और मध्यम व्यवसायों (SMB) का समर्थन करना जारी रखेगा और लाखों विक्रेताओं, निर्माताओं, स्टार्ट-अप्स और ब्रांड्स, महिला उद्यमियों, कारीगरों, बुनकरों और स्थानीय दुकानों द्वारा पेश किए गए उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांग उत्पन्न करने में मदद करेगा।

प्राइम डे के दौरान, प्राइम मेंबर्स फैशन एंड ब्यूटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, और होम डेकोर जैसी सभी कैटेगरी में अनूठे प्रोडक्ट्स पर विभिन्न प्रोग्राम्स जैसे लोकल शॉप ऑन अमेजन, लॉन्चपैड, सहेली और कारीगर पर विक्रेताओं से डील्स हासिल करने का अवसर प्राप्त करेंगे. प्राइम डे शुरू होने से पहले, 7 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से 22 जुलाई को रात 23:59 बजे तक, मेंबर्स एसएमबी द्वारा पेश किए गए लाखों अनूठे उत्पादों से खरीदारी कर सकते हैं और अविश्वसनीय ऑफर जैसे 100* रुपये तक का 10 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसे प्राइम डे पर की जाने वाली खरीदारी आदि पर रिडीम किया जा सकता है। प्राइम डे 2021 में Amazon.in पर लघु मध्यम व्यवसायों की अब तक की सबसे बड़ी संख्या में बिक्री दर्ज की गई थी, क्योंकि प्राइम मेंबर्स की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। कारीगरों, बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्ट-अप और ब्रांडस सहित टियर 2-3-4 शहरों के स्थानीय ऑफलाइन पड़ोस के स्टोर को मिलाकर 126,000 से अधिक विक्रेताओं से ग्राहकों ने खरीदारी की।

# मरीजों को दिल्ली नहीं निजी अस्पताल पहुंचा रही एम्बुलेंस

## सोसाल मीडिया पर वायरल विड़ियों से एम्बुलेंस चालक के कारनामें का खुलासा

**कविता।** फरीदाबाद



एम्बुलेंस में भर्ती मरीज और संग में परिजन।




एनएच-तीन के निजी अस्पताल के बाहर खड़ी सरकारी एम्बुलेंस।

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल से दिल्ली के लिए रेफर हो रहे मरीजों को सरकारी एम्बुलेंस चालकों द्वारा निजी अस्पताल में ले जाने के वीडियो वायरल हो रहे है। जिसमें एक मरीज के परिजनों को एम्बुलेंस चालक एनएच-तीन स्थित एक निजी अस्पताल में उतार रहे है।

जहां मरीज के परिजन बता रहे हैं कि उन्हें दिल्ली के लिए रेफर किया गया था, लेकिन गंभीर हालत का हवाला देते हुए उन्हें एम्बुलेंस वालों ने निजी में जाने की सलाह दी। उन्हें इतना डरा दिया कि वह निजी अस्पताल में आ गए। वहीं दूसरी वीडियो में एक नवजात बच्चे को पिता बीके से दिल्ली ले जाने के लिए एम्बलेंस लेने पहुंचा। उसे बच्चे को धूप में 112 रूम में लाने को कहा गया। लेकिन जब इस विषय में 112 नि:शुल्क एम्बुलेंस में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मरीज अपने आप जहां जाना चाहता है, हम उसे वहीं छोड़ देते हैं। हमारी तरफ से मरीज के परिजनों को किसी तरह से मजबूर नहीं किया जाता।

**पहला वीडियो :** स्विमिंग पूल में नहाते समय एक युवक डूब गया था, लेकिन उसके साथ नहाने गए अन्य युवकों ने उसे सुरक्षित निकालकर बीके अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत खराब होने की बात कहते हुए उसे बीके से दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया।

रेफर किए युवक को 112 नि:शुल्क एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष से एम्बुलेंस लेकर दिल्ली के लिए ले जाया गया। लेकिन युवक को एम्बुलेंस चालक दिल्ली के सफदरजंग में ले जाने के बजाय निजी अस्पताल में ले गए। परिजनों ने कहा कि सरकारी अस्पताल से निकलते ही चालक और ईएमटी ने उन्हें डराना और बरगलाना शुरू कर दिया और उन्हें उनके बेटे कि ज्यादा हालत बिगड़ने की बात कहकर डरा दिया और निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

**दूसरा वीडियो :** एक नवजात बच्ची को इलाज के लिए डॉक्टरों ने दिल्ली रेफर कर दिया। जिसके बाद बच्ची के पिता एम्बुलेंस लेने के लिए एंबुलेंस कंट्रोल रूम में गए, लेकिन एंबुलेंस कंट्रोल रूम से उसे बच्ची को कंट्रोल रूम तक लाने के लिए कह दिया। जिसके बाद बच्ची का पिता अपनी नवजात बच्ची को गोद में उठाकर कंट्रोल रूम पर ले जाता दिखाई दिया।

## चोरी की बाइक सहित चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम दीपक है जो फरीदाबाद के गांव राजपुर कलां का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को नया पुल नहर पार से चोरी की बाइक सहित थाना कोतवाली के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी ने पहले भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जिसमें आरोपी पकड़ा नहीं गया था। आरोपी ने चोरी की बाइक को रोज गार्डन एनआईटी से अप्रैल के महीने में चोरी किया था।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया जोरदार प्रदर्शन

## भ्रष्टाचारी विधायक एवं मंत्री का नाम उजागर करे सरकार : बीर सिंह सरपंच

## फार्मेसी लाइसेंस देने के नाम पर लूट मचाने वाला अदलखा हो सलाखों के अंदर : धर्मबीर भड़ाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जलुस निकाल कर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

**आम** आदमी पार्टी ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता हाथों में तख्ती लिए शामिल हुए। जिसमें नगर निगम के 200 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, भ्रष्टाचार में शामिल विधायक एवं मंत्री का नाम सार्वजनिक करने तथा दो आईएएस अधिकारी जिनका नाम शामिल है, उन पर कार्रवाई की परमिशन दिए जाने की मांग की गई।

प्रदर्शन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के दक्षिण हरियाणा के अध्यक्ष बीर सिंह सरपंच ने किया। पहले प्रदर्शनकारी बीके चौक पर एकत्रित हुए और वहां से नीलम चौक तक नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया और वापस नगर निगम कार्यालय पहुंचकर निगम कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उपस्थित भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए बीर सिंह सरपंच ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी।

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री के संरक्षण में भाजपा के सभी नेता एवं विधायक लूट मचाने में लगे हुए हैं। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी सहभागिता निभा रहे हैं। आज प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। भ्रष्टाचार के मामले में बीजेपी ने कांग्रेस को भी पछाड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम में एक धेले का काम नहीं होता और 200 करोड़ रुपये हड़प लिए जाते हैं। आप समझ सकते हैं फरीदाबाद को भाजपा के इन भ्रष्ट नेताओं ने कहां लाकर खड़ा कर दिया है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि फरीदाबाद के नगर निगम घोटाले में फरीदाबाद के ही एक मंत्री एवं विधायक का नाम आ रहा है। सरकार इनका नाम सार्वजनिक करे, ताकि जनता को पता लग सके कि उनके खून-पसीने की कमाई पर किसने डाका डाला है। धनेश अदलखा मुख्यमंत्री के दलाल के रूप में काम करता था और फार्मेसी करने वाले बच्चों से पैसे ऐंठते थे। इनको शर्म आनी चाहिए और पानी में डूबकर मर जाना चाहिए।

भड़ाना ने कहा कि शहर की पूरी जनता जानती है कि इस घोटाले में शामिल मंत्री एवं विधायक कौन है। मगर, प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इनका नाम सार्वजनिक करना चाहिए और इस घोटाले में जितने भी आरोपी शामिल है, कार्रवाई की जानी चाहिए। जनता के पैसे पर डाका डालने वाले धनेश अदलखा, जिसके खिलाफ विजिलेंस ने मामला दर्ज किया और उसकी तलाश जारी है, महाराष्ट्र में जाकर मुख्यमंत्री को मोबाइल दिखा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वो मुख्यमंत्री के कितने करीबी हैं। उन्होंने फरीदाबाद की जनता से नगर निगम चुनावों में इन भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने की मांग की।

# चिह्नित अपराध के तहत 152 मामलों की पहचान : एसीएस



मुख्य सचिव गृह एसएस प्रसाद द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये आयोजित बैठक में भाग लेते डीसी जितेंन्द्र यादव और जिला के पुलिस अधिकारी।

## उपायुक्त जितेंद्र यादव ने दी फरीदाबाद जिला की विस्तृत जानकारी

**फरीदाबाद।** हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह राजीव अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा में जिला स्तरीय समितियों की सिफारिशों के आधार पर अक्टूबर 2018 में योजना शुरू होने के बाद से राज्य स्तरीय समिति द्वारा अब तक कुल 152 मामलों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना बेहद गंभीर और सनसनीखेज अपराधों की पहचान करने के लिए शुरू हुई थी, जो एक संस्थागत तंत्र के माध्यम से आरोपी व्यक्तियों की सजा को सुरक्षित करने के लिए त्वरित और उचित परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए जनता के मानस पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह राजीव अरोड़ा बुधवार को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय समिति ने चिह्नित अपराध के तहत चयनित मामलों की सुनवाई में हुई प्रगति की समीक्षा की और अभियोजन में आने वाली बाधाओं की पहचान की और सुधारात्मक उपाय किए। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह राजीव अरोड़ा ने कहा कि चिह्नित अपराध के तहत चयनित मामलों का जिला स्तर पर पालन किया जा रहा है। ताकि आरोपियों की दोष सिद्धि सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और उचित सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। अरोड़ा ने चिह्नित अपराध योजना के तहत विभिन्न मामलों की प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी अवगत कराया गया कि 152 चयनित मामलों में से कुछ मामलों का निर्णय न्यायालयों द्वारा किया गया है।

# पेंशनरों के लिए आठ को लगेगा मोबाइल नवीनीकरण कैंप

## प्रातः 10 से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा कैंप



**फरीदाबाद।** जिला खजाना अधिकारी संजय छौकर ने बताया कि हरियाणा प्रदेश सेवानिवृत पैंशनरों के लिए कल आठ जुलाई को मोबाइल नवीनीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला खजाना कार्यालय में लगने वाले इस शिविर का समय प्रात: दस बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस शिविर में हरियाणा सरकार से सभी सेवानिवृत पेंशनरों के मोबाइल नंबर अपडेट किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह कैंप उन पेंशनरों के लिए अति उपयोगी साबित होगा जिनका मोबाइल नंबर उनके व्यक्तिगत आनलाइन पेंशन दस्तावेज पर खजाना कार्यालय में रजिस्टर नहीं हैं। मोबाइल नंबर रजिस्टर होने पर उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की पेंशन संबंधित जानकारी खजाना कार्यालय से आसानी से प्राप्त हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने जिला खजाना कार्यालय फरीदाबाद व उप खजाना कार्यालय बल्लभगढ़ से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनरों से अपील की है कि वह आठ जुलाई को प्रात: 10 बजे पहुंचकर अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर अथवा नवीनीकरण अवश्य करवाएं। पेंशन रेजिस्टर करने के लिए अपने दस्तावेजों (पेंशन कॉपी, आधार कार्ड की मूल प्रात व रेजिस्टर करने लिए मोबाइल नम्ब) को साथ ले के आए। इन दस्तावेजों को लेके आना महत्वपूर्ण है।

# एनएचएसआरसी के चिकित्सकों ने किया बीके का दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बीके अस्पताल का दौरा करते एनएचएस आरसी के चिकित्सक।

**भारत** सरकार के अधीनस्थ एनएचएसआरसी (राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र) के डॉक्टरों की एक टीम ने बुधवार को बीके सिविल अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान अस्पताल में आए बदलावों और यहां बने मुस्कान केन्द्र का दौरा करते हुए उन्होंने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जांच की।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल में जहां एक तरफ देश का पहला मुस्कान केन्द्र बना है, वहीं दूसरी तरफ यह अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण कायाकल्प प्रमाणित है। इन दो बड़ी उपलब्धियों ने देश के अन्य सिविल अस्पताल प्रबंधकों के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसके चलते केंद्र एवं अन्य राज्यों के चिकित्सकों की टीमें समय-समय पर यहां दौरा करती है। इसी कड़ी में बुधवार को टीम ने इस दौरान सीटी-एमआरआई सेंटर, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, ओपीडी, एक्सरे रूम, अल्ट्रासाउंड रूम, मुस्कान केंद्र, आपरेशन थियेटर, प्रयोगशालाएं, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, इंफेक्शन कंट्रोल, एसएनसीयू, एंबुलेंस ट्रैफिक सिस्टम और हर्बल गार्डन का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट तैयार करके ले गए हैं। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही हैदराबाद के चिकित्सकों की टीम भी निरीक्षण के लिए आएगी। इस बारे में पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि चिकित्सकों की टीम यह देखने आई थी कि कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बनाए रखी हैं या नहीं। इसके अलावा देश का पहला मुस्कान केंद्र सभी राज्यों के लिए आकर्षण का केंद्र है। टीम ने इस कारण उसका भी निरीक्षण किया। टीम एसएनसीयू में इंफेक्शन कंट्रोल को देखकर काफी प्रभावित थी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को

**फरीदाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने बताया है कि आगामी 13 अगस्त को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की आपसी सहमति से लंबित मामलों का समाधान किया जाता है। अदालत में यातायात, फैक्ट्री-श्रम विवाद, नगर निगम, पारिवारिक विवाद, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे मामले आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे।

सुकीर्ति गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। न्यायिक परिसर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से मामले आपसी सहमति से निपटाए जाते हैं।

# पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करना जरूरी

## हर उपभोक्ता कराए अपना नल कनेक्शन पीपीपी आईडी से लिंक : दीपक कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



समीक्षा बैठक लेते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने ढांड खंड के सक्षम युवाओं के साथ समीक्षा बैठक की।

दीपक कुमार ने बताया कि कैथल एक ग्रामीण क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर एक लाख 37 हजार 456 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 51 हजार 647 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 85 हजार 809 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। 17 जून 2022 से विभाग द्वारा घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने का काम किया गया। जिसके तहत अब तक 6389 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी किया जा चुका है। पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने में ढांड सबसे अव्वल है तो वही राजौंद सबसे फिसड्डी है। ढांड में 2101 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है।

कैथल में 1788, गुहला में 795, पुंडरी में 769, कलायत में 515, सीवन में 227 तो वहीं राजौंद में 192 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है। अभी भी जिला कैथल में 79420 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जाना शेष है। पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किए जाने के लिए 200 सक्षम युवाओं की डिमांड रोजगार विभाग से की गई है ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके। मौजूदा समय में लगभग 100 सक्षम युवा पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने में लगे हुए हैं।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी सेवाओं को परिवार पहचान पत्र से लिंक करवा रही है। इसी के तहत पेयजल नल कनेक्शन भी लिंक किये जा रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने नल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से जल्द से जल्द लिंक अवश्य करवा लें।

## देसी गाय की खरीद पर 25 हजार रुपये की दी जाएगी सब्सिडी

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में हरियाणा सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। किसानों के लिए प्रदेश सरकार उन्हीं योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे सीमान्त किसान जिसके पास 2 से पांच एकड़ भूमि है। उन्हें देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरुआत की है।

डीसी जितेन्द्र यादव ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों के लिए शुरू की गई इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

# जिला में कंटेनमेंट जोन की संशोधित सूची

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में कंटेनमेंट जोन की सूची संशोधित की है, जिसके तहत नए क्षेत्र कंटेनमेंट जोन में शामिल किए हैं। इसलिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कंटेनमेंट जोन की सूची को संशोधित किया गया है। अत एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि 05. जुलाई 2022 तक जिला फरीदाबाद में निम्नलिखित स्थानों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जाता है।

कंटेनमेंट जोन के संबंध में जिला प्रशासन, हरियाणा सरकार और भारत सरकार द्वारा जारी सभी निर्देशों का नीचे दिए गए कंटेनमेंट जोन में सख्ती से पालन किया जाएगा। बनाये गए नये कंटेनमेंट जोन की सूची इस प्रकार है ग्रीन फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-81, सेक्टर 39, सेक्टर 55, सेक्टर 15, सेक्टर 9, सेक्टर 28, सेक्टर 14, सेक्टर 11, सेक्टर 43, सेक्टर 30, सेक्टर 48, सेक्टर 7, सेक्टर 8, एनआईटी, सेक्टर 70, सेक्टर 29, सेक्टर 16, सेक्टर 17, सेक्टर 19, सेक्टर 31, वसंत, सेक्टर 87, सेक्टर 22, सूरजकुंड, सैनिक कॉलोनी सेक्टर 49, सेक्टर 82, 84, 88, 86, इंदिरा कॉलोनी, झारसेंतली, बल्लभगढ़ चावला कॉलोनी, संजय कॉलोनी, एसजीएम नगर, सेक्टर 21, ग्राम कुरैशीपुर, सेक्टर 46, सेक्टर 75, 78, 85, इंद्र नगर, जवाहर कॉलोनी, फतेहपुर बिलोच, सेक्टर 45, सेक्टर 42, तिलपटा, आजाद नगर, संजय कॉलोनी, मुजेसर, आजाद नगर, सेक्टर 29, एनआईटी, संजय कॉलोनी, तिलपत शामिल किए है। वही बुधवार को जोन सेक्टर 29 में एच. नंबर 76 से 93 टाइप 3 नैसीन कॉम्प्लेक्स, एच.सं. 616 से 625 और पल्ला में एच.सं. 135 -9 से 145-9 शिव एंक्लेव इस्माइलपुर और एच.सं. 20- 6 से 30-6 शिव एन्क्लेव इस्माइलपुर एक्सटेंशन अमरनगर को हटाया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## गदपुरी टोल पर वकीलों के वाहन फ्री कराने को सौंपा ज्ञापन



गदपुरी टोल पर वकीलों के वाहनों को फ्री करने के लिए ज्ञापन देते वकील।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 लघुसचिवालय में वकीलों ने जिला उपायुक्त फरीदाबाद को भारत सरकार में सड़क परिवहन मंत्री, नितिन गड़करी के नाम ज्ञापन सौंपा। बार काउंसिल पंजाब एण्ड हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ, एडवोकेट ने वकीलों के लिए गदपुरी टोल प्लाजा को उनका आईडी देखकर उनके वाहनों को आने-जाने के लिए फ्री किया जाना चाहिए। टोल प्लाजा पर वहानों की लम्बी कतारें लग जाने के कारण वकील अपने मुवक्किलों के केसों की पैरवी समय पर नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें ढाई से तीन घंटे टोल पार करने में लग जाते हैं। फरीदाबाद से सैकड़ों की तादाद में वकील पलवल अदालत जाते हैं उनका आने-जाने में टोल पार करने में काफी समय बर्बाद हो जाता है। टोल पर अधिक समय लगने की वजह से वकील साथी समय पर कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाते जिससे उनके मुवक्किलों के गैर जमानती वारंट हो जाते हैं और मुवक्किलों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए सभी वकील आपसे मांग करते हैं कि वाहनों को बिना टोल शुल्क लिये जाने की अनुमति दी जाये। मौके पर जिला बार ऐसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतबीर शर्मा, मनजेश भड़ाना, जिला बार ऐसोसिएशन के सदस्य कुलदीप जोशी, विजय यादव, राजकुमार शिशोदिया, अफाक खान, कमल दलाल, मनोज कुमार, अशीष, तरुन, पुरुषोत्तम वशिष्ठ, नमन बसंल, कपिल तिवारी, नरेश कौशिक, गौरव चौहान आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

## नहीं होने दिया जाएगा अवैध निर्माण : निगमायुक्त

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को नहीं होने दिया जाएगा और अगर कोई अवैध निर्माण होते पाया जाता है तो उसके निर्माणकर्ताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जाएगा। निगमायुक्त ने बड़खल मोड़ से अमृता अस्पताल के रास्ते में पड़ने वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के बारे में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। क्षेत्र में चल रहे अवैध निर्माणों को तुरन्त तोड़ने और उस क्षेत्र में पदस्थ सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ अनुशानत्मक कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। निगमायुक्त ने बताया कि इसी प्रकार एनआईटी क्षेत्र में कुछ अवैध निर्माणों के विरूद्ध कार्रवाई न करने पर सम्बंधित सहायक अभियंताओं के विरुद्ध धारा सात के तहत आरोप पत्र जारी करने के लिए सरकार को केस भेजने के आदेश दिये गये हैं। इसी प्रकार नियमित कनिष्ठ अभियंता के धारा सात के अंतर्गत आरेप पत्र जारी करने तथा आउटसोर्स एजेंसी के तहत कार्यरत कनिष्ठ अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिये हैं कि क्यों ना उनकी सेवाओं को खत्म कर दिया जाए। निगमायुक्त ने कहा कि निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे सभी निर्माणों को निर्माणकर्ताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि ऐसे निर्माण तोडने से पहले निर्माणकर्ता को नोटिस देने के उपरान्त ही इनको तोड़ने की कार्रवाई की जाती है।

## हार्ट सेंटर पर सही स्टंट न डालने का लगाया आरोप

**फरीदाबाद।** बादशाह खान अस्पताल के हार्ट सेंटर पर सही स्टंड न डालने का आरोप ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने लगाया है। किशन लाल बजाज ने सीएमओ को इसकी लिखित में शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग विजय कुमार का इलाज बीके अस्पताल के हार्ट सेंटर में 17 जून और 23 जून को हुआ था। शंका है के मेरे मरीज का इलाज सही तरह से नहीं किया है। मैंने उसके इलाज की एंजियोग्राफी फोर्टिज एस्कोर्टस अस्पताल से कराई है। जिसमें बताया कि स्टंट सही नहीं डाला है। मेरे मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई है। यदि मेरे मरीज को कोई जान का खतरा हुआ तो इसका जिम्मेदार हार्ट सेंटर होगा। उन्होंने हार्ट सेंटर और फोर्टिज एस्कार्टस अस्पताल दोनों की रिपोर्ट की कॉपी भी संलग्न की है। किशन लाल बजाज ने सीएमओ से मांग की है कि इसकी उचित जांच कराई जाए। ताकि इस हार्ट सेंटर से किसी और की जान से खिलवाड़ न हो सके। वहीं दूसरी तरफ हार्ट सेंटर के चिकित्सक डॉ. ओमजीवन ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। इसमें ऐसी कोई शिकायत आई है, तो उन्हें नहीं पता है। हमारी तरफ से स्टंट सही डाला गया था, क्योंकि हमारे रिकार्ड के मुताबिक स्टंट की वीडियोग्राफी ठीक है।

## नीमका जेल में लोक अदालत का आयोजन




नीमका जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में केसों की सुनवाई करतीं सीजेएम सुकीर्ति गोयल।

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल ने बुधवार को जिला जेल नीमका में लोक अदालत लगाई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकीर्ति गोयल की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के 18 केसों पर सुनवाई हुई। इन केसों में से एक केस जिसमें आरोपी चोरी के केस में बंद था। उसे तुरंत छोड़ने के आदेश भी पारित किए गए। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक रामचंद्र और उप अधीक्षक अनिल कुमार, पैनल एडवोकेट नीना शर्मा, जीत कुमार रावत और स्टेनो प्रभात शंकर मौजूद रहे।

## पर्यटन कर्मियों ने की गेट मीटिंग

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड, बड़खल लेक, मैगपाई, गोल्फक्लब, नाहरसिंह महल, होडल डबचिक और शमां गुरुग्राम के कर्मचारियों ने मोटल सनबर्ड सूरज कुंड में प्रधान मुरारीलाल, राजेश यादव और अशोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में गेट मीटिंग की। मंच संचालन प्रेस सचिव टीकाराम शर्मा ने किया। मीटिंग में राज्य प्रधान सुरेश नोहरा व चेयरमैन मित्रपाल राणा ने कड़े शब्दों में कहा कि जिस प्रकार हरियाणा सरकार व निगम प्रशासन कॉम्पलेक्श बेचने की नीयत पाले है। हम उनकी इस मंशा को कतई सफल नहीं होने देंगे। वर्षों की मेहनत से कर्मचारियों ने अपने खून पसीने से पर्यटन को सींचा है उसको उजड़ने नहीं देंगे। महासचिव सुभाष देसवाल, वरि.उप प्रधान युद्धवीर सिंह, उपप्रधान डिगम्बर सिंह, विरेंद्र शर्मा, संगठन सचिव लच्छीराम व देवेन्दर नमबरदार ने बताया कि सेवेंथ पे कमिशन का मकान भत्ता अभी तक निगम ने नहीं दिया है। जिसके कारण कर्मचारियों को हर महीने कम से कम 3000 रुपये का नुकसान हो रहा है। कई कॉम्पलेक्शों में दो से तीन महीने का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है। रिटायर कर्मचारियों का हिसाब किताब समय पर नहीं मिल रहा है। मीटिंग को सुरेंदर चांदना, सुभाष बिधूडी, कल्लूराम,ने सम्बोधित करते हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व निगम में नई भर्ती करने को कहा। मांगों का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

## पुलिस लाइन में किया पौधारोपण



सेक्टर 14 पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार को पौधा भेंट करते हुए।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 30 स्थित पुलिस लाइन के ग्राउंड में विक्टोरा इंडस्ट्रीज एसएस वांगा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान आओ पेड़ लगाएं के तहत पौधारोपण किया गया। सेक्टर 14 पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार ने बांगा द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए बताया कि पर्यावरण की चिंता करना के समय की मांग है और इसमें हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि अपने आसपास खाली जगह पर पेड़ लगाएं और साथ-साथ उसकी देखभाल भी करें। इस मौके पर विक्टोरा इंडस्ट्रीज से सुनील त्रिपाठी, विपिन राणा, नीरज, जी के चौहान, हरका बहादुर, मनोज गुप्ता, विशाल महेश्वरी साथ में अभाविप जिला प्रमुख सरोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत की स्थिति
## चौथी क्रांति का नेतृत्व

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया है कि भारत चौथी औद्योगिक क्रान्ति या उद्योग-4 का नेतृत्व कर रहा है। आलोचकों को यह अतिवाद लग सकता है। लेकिन यह बात ठीक है कि देश ने तकनीकों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा वे चौथी क्रान्ति की पारिभाषिक तत्व हैं। विश्व आर्थिक मंच ने इस अवधारणा का विवरण इस प्रकार दिया है, 'पहली औद्योगिक क्रांति में पानी और भाप की शक्ति का प्रयोग कर उत्पादन का मशीनीकरण किया गया था। दूसरी में बड़े स्तर पर उत्पादन के लिए बिजली की शक्ति का प्रयोग हुआ। तीसरी में उत्पादन के स्वचालीकरण के लिए एलेक्ट्रानिक्स व सूचना तकनीक का प्रयोग हुआ। अब चौथी औद्योगिक क्रांति का विकास तीसरी क्रांति के आधार पर हो रहा है जिसका विकास पिछली शताब्दी के मध्य से शुरू हुआ था। इसे तकनीकों का विलय कहा जा सकता है जो भौतिक, डिजिटल व जीववैज्ञानिक दायरों के बीच विभाजक रेखाओं को समाप्त कर रहा है।' लेकिन सवाल है कि क्या हम उद्योग-4 के निकट हैं? निश्चित रूप से इस बारे में अभी तथ्य पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। उभरती अर्थव्यवस्था के बारे में चाहे जितनी बातें होती हों, या हम उसके बारे में चाहे जितना जोश दिखाते हों और स्वयं को उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में पेश करते हों, पर हमारी प्रति व्यक्ति आय 2,300 डालर से कम है और इस प्रकार हम बांग्लादेश से नीचे हैं। भारत एक गरीब देश है और उसे प्रति व्यक्ति आय के दृष्टिकोण से 142वीं सीढ़ी पर रखा गया है। इसके साथ ही विनिर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन 2011-12 से ठीक स्थिति में नहीं है। देश के सकल मूल्य संवर्धन-जीवीए में इसका हिस्सा 2011-12 में 17.4 प्रतिशत था जो 2020-21 में घट कर 14.5 प्रतिशत हो गया है।



लेकिन इसके बावजूद यह कहना पूरी तरह सही नहीं होगा कि अब कोई उम्मीद नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, 'आज शुरू किए जा रहे सभी कार्यक्रम बिजनेस सुगमता सूचकांक व जीवन सुगमता सूचकांक को मजबूत करने के उद्देश्य से हैं। इनसे भारत के परिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा। भारत गर्व से कह सकता है कि वह न केवल चौथी औद्योगिक क्रांति और उद्योग-4 का हिस्सा है, बल्कि वास्तव में वह उसका नेतृत्व कर रहा है।' उन्होंने यह बात सोमवार को डिजिटल इंडिया सप्ताह 2022 के अंतर्गत अनेक डिजिटल पोर्टल लांच करते हुए कही। भारत में न केवल सभी उद्योग-4 तकनीकों का प्रयोग हो रहा है, बल्कि उनको सरकार से प्रोत्साहन भी मिल रहा है। उदाहरण के लिए, इस साल सरकार ने फरवरी में 3डी प्रिंटिंग के नाम से लोकप्रिय एडिटिव विनिर्माण के लिए राष्ट्रीय रणनीति जारी की जिसका उद्देश्य अकादमिक दुनिया, सरकार और उद्योग के बीच संवाद स्थापित करना है। इसका उद्देश्य भारत को इस क्षेत्र में डिजाइन, विकास व क्रियान्वयन का वैश्विक केन्द्र बनाना है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अंतर-अनुशासनिक साइबर-भौतिक व्यवस्थाओं पर राष्ट्रीय मिशन-एनएम-आईसीपीएस का क्रियान्वयन कर रहा है। इसका उद्देश्य शोध को प्रोत्साहित करना, कर्मियों को प्रशिक्षण देना, प्रासांगिक तकनीकों का विकास, उद्यमिता को जन्म देना तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। देश भर के सम्मानित संस्थानों में उत्कृष्ट तकनीकों के क्षेत्र में 25 तकनीकी खोज केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में मशीन लर्निंग तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई शामिल हैं। यहां सरकार द्वारा उद्योग-4 का नेतृत्व करने की इच्छा दिखती है और उसने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अतीत में औद्योगीकरण के दौरों में आने वाली बाधायें-यथास्थितिवादी नीतियां सामने न आएं। इनमें संस्थाबद्ध रूप से व्याप्त बिजनेस-विरोधी दृष्टिकोण, अत्यधिक नियमन व लाल फीताशाही, आदि भी शामिल हैं। उद्योग-4 पर बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो स्थिति दयनीय होगी।

# ईशनिंदा की व्यवस्था में फंसने का खतरा

यदि इस स्वतंत्र देश में दूर-दूर से भी ईशनिन्दा व्यवस्था प्रोत्साहित करने का प्रयास होता है तो यह अत्यधिक हानिकारक होगा। भारतीय न्यायपालिका को इस संबंध में सतर्क रहना होगा।



**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक, स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)



पिछले शुक्रवार को उदयपुर की एक स्थानीय अदालत ने पेशे से दर्जी कन्हैया लाल तेली का सिर काटने का मामला जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए को सौंप दिया। इस मामले की गंभीरता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि यहां तक कि राजस्थान सरकार भी इस मामले को विदेशी संपर्क वाली आतंकी गतिविधि के रूप में जांच के लिए आगे बढ़ा रही है, जबकि पहले उस पर कुछ विपक्षी राजनेताओं द्वारा मुस्लिम कट्टरपंथ के प्रति नरम दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लग रहा था। लेकिन विडंबना है कि उसी दिन सर्वोच्च न्यायालय की अवकाश पीठ के एक न्यायाधीश ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को उदयपुर हत्या के लिए नैतिक रूप से जिम्मेदार ठहरा दिया।

हालांकि, नूपुर शर्मा ने बाद में अपने बयान के लिए माफी मांग ली थी तथा उनकी भाजपा से सदस्यता स्थगित कर दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वे उदयुपर की 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' समेत देश में जो कुछ हो रहा है, उसके प्रति 'एकमात्र' जिम्मेदार हैं। निश्चित रूप से उम्मीद की जाती है कि उदयपुर हत्या के गिरफ्तार आरोपी रियाज़ अख्तारी और गौस मुहम्मद अपनी सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय की इस टिप्पणी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

अतीत पर गौर करें तो देश की स्वतंत्रता से पहले का एक मामला सामने आता है। सितंबर, 1934 में अब्दुल कय्यूम ने सिंध के जूडीशियल कमिश्नर की अदालत में नाथूरामल शर्मा की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। शर्मा की सुनवाई भारतीय दंड संहिता की धारा 195 के अंतर्गत इस्लाम के इतिहास पर एक पैंफलेट छापने के कारण हो रही थी। अब्दुल कय्यूम के मामले पर उनकी ओर से लाहौर के बैरिस्टर बरकत अली ने अदालत में बचाव पक्ष की बहस की थी। डा.बी.आर. अंबेडकर द्वारा दिए संदर्भ के अनुसार, 'उन्होंने विस्तार से बताया था कि कय्यूम नाथूरामल की हत्या का दोषी नहीं है क्योंकि उसका कृत्य कुरान में वर्णित कानून के अनुसार सही है।' कोई आश्चर्य नहीं कि रियाज़ और गौस यही तर्क दें कि इस्लाम के अनुसार उन्होंने कन्हैया लाल तेली दर्जी का कत्ल कर कुछ गलत नहीं किया है।

नूपुर शर्मा को भारत तथा विदेशों से हत्या की अनेक धमकियां मिली हैं। इनमें से अधिकांश के बारे में उनको शायद कोई जानकारी नहीं मिल सकती है क्योंकि उनका ईमेल एकाउंट लगभग बंद हो गया है। हत्या की ये धमकियां किसी व्यक्ति या कुछ लोगों की मनमानी या इच्छाओं पर आधारित नहीं हैं क्योंकि इस्लामी कानून के अनुसार उनका निश्चित आधार है। इससे पता चलता है कि आखिरकार बड़ी संख्या में मुसलमान इसी प्रकार क्यों सोचते हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि देश के वर्तमान कानून के अनुसार भी ऐसे अपमान के मामलों में दंड दिया जा सकता है।

इस सवाल का जवाब दारुल उलूम के दारुल उलूम के फतवे में तलाशा जा सकता है जो आनलाइन उपलब्ध है। प्रश्न संख्या आईडी-2019 द्वारा एक व्यक्ति ने सवाल पूछा था कि भारत में देश के कानून तथा इस्लामी कानून के आधार पर पैगंबर हजरत मुहम्मद के खिलाफ ईशनिन्दा की क्या सजा है। इसके जवाब में फतवा 1836-1226बी जारी किया गया। इसमें बताया गया है कि किसी अपराध के दोषी व्यक्ति को सजा देना सरकार की जिम्मेदारी है, व्यक्तियों की नहीं।

**कोई ईसाई या यहूदी वर्तमान समय में अपने उन पैगंबरों को सम्मान देने की बात नहीं करता है जिन्होंने तलवारों या बंदूको की सहायता से धर्म का प्रचार किया था। इससे इन धर्मों के आलोचनात्मक परीक्षण की अनुमति मिलती है। लेकिन इस्लाम के संबंध में ऐसे प्रयास का नतीजा मौत का संकट हो सकता है।**

हालांकि, कोई व्यक्ति भारतीय संविधान के आधार पर ऐसे दोषी को दंड दिलाने के सर्वोत्तम प्रयास कर सकता है। लेकिन फतवे में यह भी बताया गया था कि किसी इस्लामी देश में ईशनिन्दा के ऐसे अपराध की सजा मृत्यु दंड है। इस प्रकार स्पष्ट है कि इस मामले में जोश दिखाने वालों के पास एक सीमा तक इस्लाम का आधार है। हत्या की धमकियां देने वाले तथा हत्यायें करने वाले ऐसा कर स्वयं को इस्लामी कानून के विचार से ठीक मानते हैं। यदि यह स्वीकार कर लिया जाए कि नूपुर ने गलती की, तो भी सवाल है कि कोई मौलाना या मुफ्ती उनको तथ्यों के बारे में सही जानकारियां देने के लिए सामने क्यों नहीं आया। क्या यह इस मुद्दे से निपटने का सर्वाधिक सभ्य रास्ता नहीं हो सकता है?

केवल पाकिस्तान के सलाफी विचार के धर्मगुरु इंजीनियर मुहम्मद अली मिर्जा ने स्पष्ट रूप से कहा कि नूपुर ने जो कहा, वह संभवत: मुस्लिम पक्ष की ओर से टीवी चर्चा में बहस कर रहे एक व्यक्ति के उकसावे पर था। नूपुर शर्मा का दृष्टिकोण यह बताना था कि यदि मुसलमानों की धर्मशास्त्रीय आधार पर हिंदुओं का मजाक उड़ाने की इच्छा होती है तो उनको अपनी समस्याओं को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए।

अनुमान लगाइये कि यदि नूपुर ने ईसा मसीह द्वारा स्वर्ग से बरसने वाली मछलियों व रोटियों के बारे में कोई गंभीर संदेह व्यक्त किया होता तो क्या भारत में रहने वाले ईसाई चाकू लेकर सड़कों पर उतर आते। इसी प्रकार यदि नूपुर ने मोजेज़ या ओल्ड टेस्टामेंट में पैगंबर इसाइया के कृत्यों के खिलाफ कोई टिप्पणी की होती तो क्या इस्राइल में येरूशलेम के 9, यिटझाक राबिन बूलवार्ड स्थित किरयात हालोम, यानी इस्राइल के विदेश मंत्रालय में इस्राइल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला को फौरन तलब किया जाता? वर्तमान समय में यहूदीवाद व ईसाइयत ईशनिन्दा के मामलों पर जोर नहीं देते हैं। इससे पता चलता है कि आखिरकार कोई ईसाई या यहूदी वर्तमान समय में अपने उन पैगंबरों को सम्मान देने की बात क्यों नहीं करता है जिन्होंने तलवारों या बंदूको की सहायता से अपने धर्म का प्रचार किया था। इससे बिना किसी घातक बदले के किसी को भी उन धर्मों के ऐतिहासिक व आलोचनात्मक परीक्षण की अनुमति मिलती है। लेकिन इस्लाम के संबंध में ऐसे किसी प्रयास का नतीजा मौत का संकट पैदा कर सकता है, लेकिन विडंबना है कि इस दृष्टिकोण के बावजूद इस्लाम को 'शांति का धर्म' बताया जाता है। इस विरोधाभास का निश्चित रूप से जवाब मिलना चाहिए।

8 जून, 1992 को मिस्र के प्रख्यात प्रोफेसर, लेखक व मानवाधिकार कार्यकर्ता फ़राक़ फोदा की हत्या काहिरा में अल-जामा अल-इस्लामिया के सदस्यों ने कर दी। फोगा ने अक्सर मिस्र में लागू शरीया कानून के पैरोकारों को यह बताने के लिए कहा था कि वे काहिरा में आवासों की कमी जैसी आधुनिक समस्या से निपटने के लिए क्या करेंगे। फोदा को अल-अज़हर विश्वविद्यालय द्वारा ईशनिन्दा का दोषी माना गया, हालांकि उसने किसी इस्लामी संगठन को उनकी हत्या के लिए अधिकृत नहीं किया था। फोदा के हत्यारे अबू इल इला अबद्राबू को 2012 में जेल से रिहा कर दिया गया। बाद में एक टेलीविजन साक्षात्कार में उसने कहा था कि इस्लाम छोड़ने वाले व्यक्ति की सजा मौत है, भले ही उसने इस पर दु:ख प्रकट किया हो। भारत में हमेशा मुसलमानों को सहन करने पर जोर दिया गया है। लेकिन इस्लाम के मूलाधारों को देखते हुए ऐसा लगता है कि उनके लिए धर्म ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यहां तक कि तार्किकता का प्रकाशस्तंभ समझी जाने वाली न्यायपालिका भी एक सीमा तक इस विचार से व्यथित है। जुलाई, 2009 में जस्टिस आर.वी. रवीन्द्रन व मार्कण्डेय काटजू ने इस्लामवादी दबाव के सामने झुकते हुए 30 मार्च, 2009 को दिया सर्वोच्च न्यायालय का आदेश वापस ले लिया था जिसमें मुसलमानों द्वारा दाढ़ी रखने पर जोर देने की तुलना 'भारत के तालिबानीकरण' से की गई थी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि भारत में शांति बनी रहे।

# अन्नाद्रमुक में कुर्सी की लड़ाई

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अन्ना द्रविण मुन्नेत्र कझगम-अन्नाद्रमुक के लिए यह एक चुनौती है कि वह अपनी सहयोगी भाजपा से कैसे जुड़े, जो इसे द्रमुक के खिलाफ एक प्रतिपक्ष के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है। जहां शिवसेना महाराष्ट्र में विभाजित हो गई है, वहीं तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक दो पूर्व मुख्यमंत्रियों, ई. पलानीस्वामी (ईपीएस) और ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के साथ सत्ता संघर्ष में लगी हुई है। ये दोनों कद्दावर नेता आपस में लड़ रहे हैं जिससे पार्टी के कार्यकर्ता भी विभाजित हैं तथा इसके भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। तेजी से विकसित हो रहे राजनीतिक नाटक में, ईपीएस खेमा ओपीएस को पार्टी के कोषाध्यक्ष और विधानसभा में उप नेता के वर्तमान पद से मुक्त करने के प्रयास कर रहा है। पिछले साल विधानसभा चुनाव और लगातार स्थानीय निकाय चुनाव हारने के बाद, ईपीएस खेमे को लगता है कि दो नेताओं के नेतृत्व ने पार्टी के काम में बाधा ही डाली है और वह उससे मुक्त होने का प्रयास कर रहा है।

विडंबना है कि अपनी पार्टी के स्वर्ण जयंती समारोह के बीच अन्नाद्रमुक कार्यकर्ता असमंजस में हैं। पांच साल पहले, जब अन्नााद्रमुक के पूर्व महासचिव वी.के. शशिकला, ईपीएस और ओपीएस ने 2017 में दोहरे नेतृत्व को स्थापित करने के लिए एक समझौता किया तब उम्मीद जगी थी कि पार्टी का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने मिलकर कोरोनावायरस वैश्विक महामारी का काफी सफलता से मुकाबला करते हुए, चार साल तक पार्टी और सरकार को सफलतापूर्वक चलाया। लेकिन आज पांच दशक बाद अन्नाद्रमुक का भविष्य अंधकारमय है। दो पूर्व मुख्यमंत्रियों-संस्थापक एम.जी. रामचंद्रन और उनकी सहयोगी जे. जयललिता- द्वारा सावधानीपूर्वक बना यह संगठन एक खराब दौर से गुजर रहा है।

नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच कटुता बनी हुई है। पार्टी की कुछ चुनौतियों में शामिल है, लंबे समय से चली आ रही जबर्दस्त गुटबाजी और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के प्रति दृष्टिकोण, जो द्रविड़ पार्टी को द्रमुक के प्रतिपक्ष के रूप में बदलने की कोशिश कर रही है। शक्तिशाली नेता स्व. जे. जयललिता के बाद के युग में अन्नाद्रमुक के कामकाज में एक क्रमिक क्षरण स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में अन्नाद्रमुक का वोट शेयर 25.47 फीसदी है। उसे विधानसभा में 33.29 फीसदी वोट मिले थे। करिश्माई मैटिनी आइडल एमजीआर ने 12 अक्टूबर 1972 को अन्नाद्रमुक की स्थापना की, उसके दो दिन बाद मूल पार्टी द्रमुक ने उन्हें निष्कासित कर दिया। उन्होंने 1977 से 1987 में अपनी मृत्यु तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने हमेशा ही केंद्र में सत्तासीन सरकार के साथ अच्छे सबंध बनाए रखने का रास्ता चुना और इस उद्देश्य से इंदिरा गांधी सहित प्रधानमंत्रियों के साथ समझौता किया। द्रमुक के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई अन्नाद्रमुक के संस्थापक सिद्धांतकारी नेता बने। एमजीआर की उत्तराधिकारी जयललिता ने अलग-अलग समय में भाजपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन किया और छह बार रुकावट के साथ मुख्यमंत्री बनीं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब अन्नाद्रमुक विभाजन का सामना कर रही है।

1987 में एमजीआर की मृत्यु के बाद, एमजीआर की पत्नी जानकी रामचंद्रन के नेतृत्व वाले एक गुट और जयललिता के दूसरे गुट के बीच सत्ता संघर्ष हुआ। हालांकि जानकी रामचंद्रन एमजीआर के बाद थोड़े समय के लिए मुख्यमंत्री बनीं, मगर दोनों धड़े 1989 के चुनावों में द्रमुक से बुरी तरह हार गए। फिर जानकी राजनीति से हट गईं और जयललिता अन्नाद्रमुक की अकेली नेता बन गईं। ओपीएस और ईपीएस अपनी लड़ाई को सामान्य परिषद में ले गए हैं, जिसके पास स्थायी नहीं, बल्कि अंतरिम महासचिव चुनने का अधिकार है। जयललिता की मृत्यु के बाद शशिकला ने इस तरह पद संभाला था।

लेकिन ईपीएस और ओपीएस ने शशिकला को उस पद से हटा दिया और समन्वयक और सह-समन्वयक जैसे नए पद सृजित किए, वे भी अस्थायी हैं। मौजूदा परिस्थिति में, ओपीएस ने सामान्य परिषद की बैठक में चर्चा बिंदुओं को प्रतिबंधित करने के लिए तमिलनाडु उच्च न्यायालय में आधी रात को सुनवाई कराई। इस प्रकार उन्होंने पार्टी को 23 जून की आम परिषद की बैठक में ईपीएस को एकमात्र नेता के रूप में सामने लाने से रोक दिया। हालांकि, चर्चा उस समय बिगड़ गयी, जब दोनों खेमों के बीच झड़प हो गई। पिछले कुछ दिनों में पचहत्तर जिला सचिव, मुख्यालय के पदाधिकारी और सामान्य परिषद के सदस्य ईपीएस खेमे में चले गए हैं।

ओपीएस को सिर्फ नौ जिला सचिवों और मनोज पांडियन व आर. वैथिलिंगम जैसे नेताओं का समर्थन प्राप्त है। ओपीएस ने निहित स्वार्थों को दोषी ठहराया और कहा कि आम परिषद और सोमवार को एआईएडीएमके के शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक अवैध थी। इसी तरह, 11 जुलाई को प्रस्तावित सामान्य परिषद भी कानूनी नहीं है। इसमें संशय है कि ऐसा होगा या ओपीएस इसे रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाएगा।

जया के बाद भारतीय जनता पार्टी-भाजपा का एआईएडीएमके पर केंद्र से एक प्रकार का रिमोट कंट्रोल स्थापित है। एनईईटी, नई शिक्षा नीति, त्रिभाषा नीति (पहले मंजूरी देना और फिर विरोध के बाद इसे वापस लेना), सीएए, किसान कानून, महामारी से निपटने आदि मुद्दों पर बदलाव साफ तौर पर स्पष्ट था। भाजपा अपनी विचारधारा के कारण इस प्रदेश में बहुत गहराई तक प्रवेश करने में सक्षम नहीं है। तमिलनाडु में द्रविड़-तमिल भावना प्रबल है। तो कांग्रेस की तरह ही, बीजेपी भी अन्नाद्रमुक पर सवार हो रही है। अतीत में भी द्रविड़ दलों ने दो राष्ट्रीय दलों के साथ अलग-अलग समय पर अपनी सुविधा के अनुसार गंठजोड़ किया है। ओपीएस ने भाजपा को अपने साथ जोड़ने की कोशिश की, जिसने पहले उनका समर्थन किया था, लेकिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते उनसे मिलने से इंकार कर दिया। निराश ओपीएस दिल्ली से वापस आ गये और अपने अस्तित्व के लिए अन्य उपायों को आजमा रहे हैं।

किसी भी राजनीतिक दल में, कार्यकर्ता तय करते हैं कि अंतत: पार्टी का नेतृत्व किसको करना है, और इस मामले में, पनीरसेल्वम निश्चित रूप से उनकी पहली पसंद नहीं रहे है। ऐसे में अब यह लगने लगा है कि यह समय आ गया है जिसमें उन्होंने इस तथ्य को स्वीकार किया और बड़ी संख्या में अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं को अपने नेता के रूप में स्वीकार करने की दिशा में काम किया, क्योंकि अदालतें उन्हें पुन: उनके कार्यकर्ताओं के पास वापस नहीं ला सकतीं।

## आप की बात

### ओडिशा की सफलता

**राष्ट्रीय** खाद्य सुरक्षा कानून के क्रियान्वयन को लेकर जारी राज्यों की रैंकिंग में ओडिशा का शीर्ष स्थान पर आना उन राज्यों के लिए सबक बनना चाहिए, जो अपेक्षाकृत समर्थ और संपन्न माने जाते हैं। ओडिशा ने पहला स्थान हासिल कर यह प्रदर्शित किया है कि वह निर्धन वर्गों के कल्याण के लिए कहीं अधिक प्रतिबद्ध है। इस रैंकिंग में दूसरा स्थान अर्जित कर उत्तर प्रदेश ने पुन: सिद्ध किया है कि सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के बाद भी वह जन-कल्याणकारी योजनाओं को सही तरह से लागू करने में कहीं अधिक सक्षम है। उत्तर प्रदेश के बाद तीसरा स्थान आंध्र प्रदेश ने हासिल किया है, लेकिन उसका पड़ोसी और उससे ही अलग होकर बना तेलंगाना 12वें स्थान पर है। पंजाब का 16वें स्थान पर आना भी चकित करता है। इस पर भी हैरानी होती है कि पंजाब से भी पीछे हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और गोवा दिख रहे हैं। आखिर हरियाणा, दिल्ली, गोवा जैसे छोटे व संपन्न राज्य बेहतर क्यों नहीं कर सके? खाद्य सुरक्षा कानून के क्रियान्वयन में जैसी प्रतिबद्धता ओडिशा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने दिखाई वैसी अन्य राज्य क्यों नहीं दिखा सके ?

-**सदन जी**, पटना

### कश्मीर का माहौल

**कश्मीर** घाटी में सेना का आल आऊट प्रोग्राम काफी समय से चल रहा है इसके अंतर्गत कई सौ आतंकवादियों का अब तक सफाया किया जा चुका है। आम जनता भी यहां काफी खुश है। सेना के मानवतावादी, इंसाफपसंद चेहरे की भी काफी तारीफकी जा रही है। सेना जब भी आतंकवादियों के एनकाउंटर के लिए जाती है तब वह कोशिश यही करती है कि आतंकवादी जिंदा पकड़े जा सके। अभी हाल ही में कुलगाम क्षेत्र में कुछ आतंकियों के घिर जाने पर सेना ने उन आतंकियों के मां-बाप को बुलाकर फिर उनसे आतंकियों के सरेंडर करने की अपील करवाई। माता-पिता की अपील का काफी असर हुआ एवं उन आतंकियों ने अपने माता-पिता की मार्मिक अपील के कारण सेना के सामने आकर सरेंडर कर दिया। जब से धारा 370 हटी है कश्मीर घाटी की स्थिति काफी कुछ बदलाव आया है। आज जनता खुद भी इन आतंकवादियों से मुक्ति पाना चाहती हैं। अब आज घाटी के नवयुवक पत्थरबाजी को छोड़ पढ़ाई लिखाई की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं। विश्वास है कि विधानसभा चुनाव के बाद वहां आने वाली नई सरकार भी इस आतंकवाद को खत्म करने के प्रयास अवश्य करेगी।

-**एम एम राजावत**, शाजापुर


### भाजपा का प्रयास

**भाजपा** मोदी के आठ साल पूरे होने का जश्न् मनाने के साथ मिशन तेलंगाना पर भी काम कर रही है। उसकी नज़रें विशेष रूप से तेलंगाना पर हैं क्योंकि वहाँ विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कभी टीआरएस भाजपा के साथ थी मगर अब उनके मनसूबे कुछ और है। भाजपा ने तेलंगाना में पूरी ताकत झोंकी हुई है। भाजपा दक्षिण भारतीय राज्यों में अपना परचम लहराने की कोशिश कर रही है। अगले वर्ष कर्नाटक में भी चुनाव हैं उसके बाद 2026 में तमिलनाडु व केरल में। भाजपा के नेता जानते हैं कि जो नीति उत्तर में उनके लिए लाभदायक सिद्ध होती है, वह नीति तमिलनाडु व केरल मे बिलकुल काम नहीं आती है। दोनों राज्यों मे विचारधारा की चुनौतियां हैं। भाजपा आक्रामक हैं और उसने विपक्षी आलोचना की जू भी अपने कान पर रेंगने नहीं दी, वह अपनी पार्टी को मजबूत करने की ओर अग्रसर है। उसने कार्यकर्ताओं में विश्वास भी पैदा किया है। देखना होगा कि आने वाले समय में दक्षिण भारत में भाजपा कितनी सफल होती है।

-**विभुति बुपक्या**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**पिछले** सौ साल में साम्यवाद व पूंजीवाद को विभिन्न देशों ने माडल माना है। लेकिन सफल होने का रास्ता सहकारिता माडल है।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**मेरा** विश्वास है कि कोविड मास्क वसंत व जाड़े में बड़ी भूमिका अदा करेंगे।

- **ओलाफ़ शुल्ज़**
जर्मन चांसलर



**गुजरात** को चौबीसों घंटे व सातों दिन सस्ती बिजली मिल सकती है।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली का जल्द हो क्रियान्वयन: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एक बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनआस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को प्रोत्सहित कर रही है। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में ऑनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली की शुरुआत का संकल्प है। इसे यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाए। ऑनलाईन पोर्टल में हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन आदि धर्म-सम्प्रदायों से जुड़े धर्मस्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध हो। हर जनपद के धर्मस्थल का विवरण इस पर दिया जाए। धर्म, पंथ, सम्प्रदाय की विशिष्ट परंपरा का भी उल्लेख हो ताकि अधिकाधिक लोग प्रदेश की विविधतापूर्ण धार्मिक आध्यत्मिक प्रकृति से परिचित हो सकें। इसी प्रकार मस्जिदों के बारे में भी संबंधित विभाग द्वारा विशिष्ट पोर्टल का विकास किया जाना चाहिए। दोनों पोर्टल को एकीकृत भी किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र के अनुसार बुजुर्ग संतों, पुजारियों एवं पुरोहितों के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरोहित कल्याण बोर्ड का गठन किया जाना है। बोर्ड के गठन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। इस बोर्ड से लाभान्वित होने के योग्य सभी धर्मों के संतों, पुजारियों का सत्यापन, चिन्हांकन कर लिया जाए।

बोर्ड के माध्यम से सभी धर्मों के पुजारियों, संतों, पुरोहितों, मौलवियों, फकीरों को लाभान्वित किया जाना चाहिए। बोर्ड द्वारा न केवल इनके कल्याणार्थ कार्य किया जाए वरन विभिन्न धर्म, सम्प्रदायों की परंपरा का संरक्षण और पुरोहितों का प्रशिक्षण भी कराया जाए। मंदिर सूचना प्रणाली और बोर्ड को भी एकीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में निजी सुरक्षा सेवाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही हैं। इसी प्रकारए निजी सुरक्षा एजेंसियां भी बढ़ रही हैं। प्रदेश में 662 निजी सुरक्षा एजेंसियां पंजीकृत हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि निजी सुरक्षा एजेंसियों के संचालन, प्रबंधन की नियमावली को और सरल किया जाए। इस विषय में केंद्र सरकार द्वारा निजी सुरक्षा एजेंसी विनियमन अधिनियम के आधार पर प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण विनियमन केंद्रीय मॉडल 2020 को लागू किया गया है। इसे राज्य की जरूरत के अनुसार अंगीकार किया जाए। निजी सुरक्षा एजेंसियों के सम्बंध में नई व्यवस्था के प्रभावी होने के बाद आधुनिक तकनीक आधारित सीसीटीआईएनएस व आईसीजेएस का प्रयोग करते हुए आवेदक के पूर्ववृत्त का सत्यापन किया जाए जिससे सत्यापन में लगने वाले समय को घटाया जा सकेगा।

## सीएम ने दी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती के अवसर पर आज यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय के परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा के सम्मुख चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे। आज उनकी पावन जयन्ती है। उन्होंने प्रदेश शासन की ओर से भारत माता के इस महान सपूत को देश के प्रति उनकी सेवाओं के लिए कोटि-कोटि नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की आजादी में बढ़-चढ़कर भाग लिया था। उनकी सेवाओं को देखते हुए देश की आजादी के बाद बनी अन्तरिम सरकार में उन्हें देश के उद्योग एवं खाद्य विभाग मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया था। जिसका उन्होंने भलीभांति निर्वहन किया था।

# योगी सरकार ने माध्यमिक संस्कृत बोर्ड का किया गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्षों** से सरकारों के उपेक्षा का शिकार रही देववाणी संस्कृत भाषा को योगी सरकार ने संजीवनी दी है। सरकार ने इसके प्रोत्साहन के लिए रोजगार परक पाठ्यक्रमों की शुरुआत की हैं। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के जरिये आधुनिक विषयों का समावेश किया गया है। वहीं इसे लोकप्रिय भाषा बनाने के उद्देश्य से कई कदम उठाये हैं। अब कोई घर बैठे ही आनलाइन संस्कृत की शिक्षा ग्रहण कर सकता है। इसके लिए सरकार ने टोल फ्री नंबर जारी किया है। यह पहली सरकार है जिसने माध्यमिक संस्कृत बोर्ड का गठन किया है। साथ शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए मानदेय पर तैनाती की है।

इसमें कोई दो राय नही कि पिछले कुछ सालों से संस्कृत सियासी उपेक्षा ओर कान्वेंट स्कूलों के बढ़ते वर्चस्व की वजह से संस्कृत के प्रति विद्यार्थियों की रूचि घटी है। एक वजह विज्ञान और आधुनिक विषयों का विकल्प न होना भी माना जा सकता है। यही वजह रही कि अनिवार्य विषय के रूप में संस्कृत की बाध्यता खत्म होते ही आगे की शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की तादाद में लगातार गिरावट देखी जा रही है। स्नातक और परास्नातक की पूरी सीटें नही भर पा रहीं थी। संस्कृत के प्राथमिक विद्यालय भी काफी उपेक्षा के शिकार रहे हैं। शिक्षकों की कमी और संसाधनों के अभाव में संस्कृत के प्रति युवाओं की रूचि घटती गयी। योगी सरकार ने संस्कृत विद्यालयों में बड़े पैमाने पर मानदेय शिक्षकों की नियुक्ति कर शिक्षकों की कमी दूर किया और समय की मांग के अनुरूप संस्कृत को कंप्यूटर, विज्ञान और सामाजिक विषयों से जोड़ा। संस्कृत से रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में आनलाइन सर्टिफ़िकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया। इन पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण के बाद युवा पुरोहित, पुजारी और वास्तुविद को रोजगार का जरिया बना सकेंगे। योगी सरकार ने संस्कृत को जन जन की भाषा बनाने के लिए संस्कृत विद्यालयों में 15 से 25 दिन के प्रशिक्षण की व्यवस्था की है।

# ग्रामीण आजीविका मिशन से महिलाएं हो रही स्वावलंबी: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रेरणा ओजस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में आजीविका मिशन तथा एशिया की अग्रणी संस्था काउंसिल फसा एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड वाटर, एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड तथा क्लीन के साथ बुधवार को यूपी ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सभागार में एमओयू हस्ताक्षर हुआ। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री द्वारा विद्युत सखी पोर्टल का शुभारम्भ भी किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को विस्तारित करने के लिए प्रेरणा ओजस के अन्तर्गत किये जा रहे एमओयू से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के साथ ही आर्थिक उन्नति का रास्ता भी प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग से पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही प्रकृति द्वारा उत्पादित खनिज सम्पदा की रक्षा भी होगी। श्री मौर्य ने कहा कि जिन संस्थाओं के साथ एमओयू हो रहा है, वह देश की अग्रणी संस्थायें हैं जो सौर ऊर्जा को विस्तारित करते हुए आमजन को इसके प्रयोग के लिए प्रेरित कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस एमओयू से ग्रामीण महिलाओं को विशेषकर आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों के स्वरोजगार में बढ़ोत्तरी होगी तथा इससे इनका सामाजिक विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्वरोजगार कार्यक्रमों का संवर्धन किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब स्वयं सहायता समूह की दीदियां एक कदम और आगे बढ़ाते हुए अपने आपको ओजस उद्यमी के रूप में विकसित होकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभायेंगी। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा सौर ऊर्जा से संचालित उपकरणों को बनाने में दक्ष होते हुए एलईडी बल्ब, बीएलडीसी पंखें व ट्यूबलाइट्स इत्यादि को निर्मित किया जायेगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गांव-गांव में सौर ऊर्जा को पहंचाया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आजीविका मिशन द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणा ओजस के अन्तर्गत 826 ब्लाकों में प्रेरणा ओजस शॉप स्थापित किया जायेगा तथा साथ ही एसम्बली सेंटर भी स्थापित किया जायेगा ताकि सौर ऊर्जा के उत्पादों में किसी प्रकार की खराबी आने पर उसे स्थानीय स्तर पर ही ठीक किया जा सके। राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विजय लक्ष्मी गौतम ने विश्वास व्यक्त किया कि निश्चित रूप से इस एमओयू के दूरगामी परिणाम हासिल होंगे और विकास में और अधिक रफ्तार आयेगी। इस अवसर पर मिशन निदेशक भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि काउंसिल फार एनर्जी एनवायरमेंट एण्ड वाटर एशिया की अग्रणी संस्थानों में से एक है जो सौर ऊर्जा के उपकरणों को आमजनता को उपलब्ध कराती है। इस संस्था के सहयोग से प्रेरणा ओजस कार्यक्रम के अन्तर्गत आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा से संचालित होने वाले विभिन्न उत्पदों की बिक्री की जायेगी।

# राज्यव्यापी टोल-फ्री टेलिफोन सेवा 1533 का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के नगर निकायों में नागरिक सुविधाओं के सुचारू संचालन तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं जन शिकायतो के प्रभावी निस्तारण के लिए तथा इसके लिए पूर्व में उनके द्वारा शुरू की गयी सम्भव एवं डेडिकेटेड कमांड एवं कन्ट्रोल सेन्टर को और असरदार एवं प्रभावी बनाने के लिये राज्य व्यापी टोल फ्री नम्बर 1533 की बुधवार को शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने साहारनपुर, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, मुरादाबादए एवं गाजियाबाद के नगर आयुक्तों एवं मेयर से इस सेवा के ट्रॉयल के लिए बात की और सेवा के सुचारू संचालन के लिए निर्देशित भी किया। उन्होंने सभी नगर निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीएसएनएल की कोई समस्या हो तो उसे एक-दो घण्टे में ठीक कराकर 1533 सेवा को 24 घंटे और सातों दिन चालू करें। इसके लिए डेडिकेटेड टीम लगायी जाए जिससे कि यह महिलाओं की 1090 एवं बिजली की 1912 हेल्पलाइन की तरह कार्य करे। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद जीओ, एयरटेल एवं बीएसएनएल के अधिकारियों को भी इस व्यवस्था के शीघ्र संचालन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होने यह भी बताया कि अभी यह व्यवस्था सभी नगर निगमों में निगम स्तर पर तथा सभी जिलों में जिले स्तर पर बीएसएनएल की सहयोग से हेल्पलाइन की व्यवस्था की गई है। बाद में इसे सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायत स्तर तक लागू किया जायेगा। इस व्यवस्था के तहत कहीं से भी कॉल करने पर सम्बन्धित जनपद की समस्त शिकायतें उसी जनपद में पंजीकृत होगी। कॉल यदि वहाँ नहीं उठती है तो वह कॉल लखनऊ स्थित निदेशक स्थानीय निकाय के कार्यालय पर डेडिकेटेड कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर पर स्वत: पंजीकृत हो जायेगी।

# जून में प्रदेश सरकार के राजस्व में 4095.53 करोड़ रुपए की वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वित्त** मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि यूपी में योगी राज में बेहतर कानून व्यवस्था हुई है। इससे प्रदेश में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जून 2021 के मुकाबले जून 2022 में प्रदेश के मुख्य कर करेत्तर वाले मदों में 4095.53 करोड़ की वृद्धि हुई है। इसमें जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवम निबंधन, परिवहन और भूतत्व एवम खनिकर्म शामिल हैं। हम लगातार अपने संसाधन बढ़ाने के प्रयास में जुटे हैं। मुख्य कर करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के जून 2022 में कुल 15259.64 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2021-22 के जून 2022 माह में 11164.11 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार जून 2021 के सापेक्ष जून 2022 में 4095.53 करोड़ रूपए अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत जून 2022 में कुल 6190.33 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि वर्ष जून 2021 के माह में प्राप्ति 3481.73 करोड़ रुपए थी। वैट के अन्तर्गत जून में 2808.10 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि जून 2021 में प्राप्ति 2033.44 करोड़ रुपए थी। आबकारी के अन्तर्गत जून में कुल 3146.16 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि जून 2021 में प्राप्ति 2988.96 करोड़ रुपए थी।

# लोक कल्याण संकल्प पत्र के सभी वादे होंगे पूरे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 100 दिन के बनाये गये रोड मैप के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य किया गया है। कहा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र के सभी वादे पूरे किये जायेंगे। विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने में मीडिया का भी सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा 6 माह, एक साल, 2 साल और 5 साल का भी रोड मैप तैयार किया गया है। योजना कार्यों व लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमन्त्री के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। योजनाओं के क्रियान्वयन में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश विकास की नई उड़ान भर रहा है। कहा कि महिला सशक्तिकरण पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मनरेगा योजना के बारे में प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा विकास के साथ रोजगार सृजन का सफल माध्यम बनी है और उत्तर प्रदेश ग्रामोत्थान की दिशा में लगातार अग्रसर है। उप मुख्यमंत्री ने 100 दिन की कार्ययोजना के क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत निर्माणाधीन 1 लाख आवासों को पूर्ण किया गया है। मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत 100 दिन में 5000 किमी मार्गो के निर्माण का लक्ष्य था, जिसे पूर्ण कर लिया गया है।

## अराजकता पर अंकुश व कानून का राज जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि विकास के लिए अराजकता पर अंकुश व कानून का आयरन राज जरूरी है। उन्होंने फेक न्यूज, हेट स्पीच, भड़काऊ भाषण आदि को लेकर ताबड़तोड़ पुलिस कार्रवाई देश भर में काफी गंभीर रूप धारण कर चुकी है। इस प्रकार के दुखद घटनाक्रमों से कानून का राज नष्ट होकर आमजन-जीवन भी प्रभावित होता है। मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि फेक न्यूज के मामले में ही कल एक टीव पत्रकार की गिरफ्तारी को लेकर हुआ टकराव मीडिया की सुर्खियों में है व जिसकी जबरदस्त चर्चा एवं चिंता की लहर भी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सभी सरकारों को तटस्थ व गंभीर होकर कार्य करना चाहिए तभी यहां लोगों को तनाव व हिंसक वातावरण से मुक्ति मिल पाएगी।

# हम सार्वभौमिक स्वच्छता की ओर बढ़ रहे: भूपेंद्र

● पंचायती राज मंत्री ने पंचायतीराज विभाग की 100 दिवस में प्राप्त की गयी उपलब्धियों की दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पंचायती राज मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार लोक भवन स्थित मीडिया सेन्टर में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि गांव को एक सक्षम इकाई बनाने के लिए उन्हे सशक्त बनाना होगा, जहां लोग अपनी आजीविका को आगे बढ़ा सकें, जहां हमारे सम्मानित जन स्वच्छ, हरित, सुखद मनोरंजन, भाईचारे और समुचित परिवेश में पूर्ण सद्भाव एवं गरिमा के साथ रह सकें।

चौधरी ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप विभाग के 100 दिवस की उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि चयनित सभी 2.41 लाभार्थियों को धनराशि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। इज्जत घरों का निर्माण शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही साथ नवसृजित परिवारों में शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाइन आवेदन का प्राविधान कर ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र परिवारों को सम्मिलित कराने के लिये प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि कोई भी शौचालय की सुविधा से वंचित न रहे एवं ओडीएफ की स्थिरता को बनाये रखने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में 1494 सामुदायिक शौचालय काम्पलेक्स का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पंचायती राज मंत्री ने बताया कि प्रदेश को ओडीएफ प्लस बनाने की दिशा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध किये जाने हेतु लक्षित 10000 ग्रामों में नियोजन, प्रशिक्षण एवं ट्रिगरिंग इत्यादि का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस वर्ष ओडीएफ प्लस की मॉडल कैटेगरी के गांव विकसित करने के लिए 4,723 गांवो को चिन्हित किया गया है। चिन्हित गांवो की प्रत्येक जनपद में ग्राम स्तर पर निर्मित कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण राज्य स्तर पर संबंधित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के समक्ष कराया जा रहा है एवं यथा आवश्यक संशोधन कराये जाने का सुझाव दिया जा रहा है। पंचायती राज मंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायतों की बेहतर कार्यप्रणाली के लिये भौगोलिक रूप से एक साथ या निकटता के दृष्टिगत रिमोट सेसिंग एप्लीकेशन सेन्टर (आरएएसएसी), उप्र, लखनऊ के माध्यम से ग्राम पंचायतें का क्लस्टर तैयार कराया गया है। प्रदेश में ऐसे कुल 15720 क्लस्टर बनाये गये है, जिससे पूर्व में आ रही समस्याएं जैसे-कार्य क्षेत्र आवंटन में असमानता, कार्य सम्पादित करने में प्रशासनिक कठिनाईयां इत्यादि को दूर करते हुए व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया है।

## बिजली चोरी रोकने के लिए सीएमडी पावर कारपोरेशन ने की बैठक

**लखनऊ।** बिजली चोरी रोकने के लिए सीएमडी पावर कारपोरेशन एम देवराज और एसएन साबत पुलिस महानिदेशक सतर्कता ने समीक्षा बैठक शक्ति भवन में करते हुए बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया। एम देवराज ने भविष्य में प्रभावी व गुणवत्ता परक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि भविष्य में बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके तथा राजस्व में वृद्धि हो सके। इस कार्यवाही से जहां एक ओर विद्युत चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा वहीं दूसरी ओर कानून प्रिय जनता को सम्यक् ढंग से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चिचत हो सकेगी। जनवरी से लेकर 30 जून तक प्रदेश में कुल 57334 छापे डाले गए। प्रवर्तन दलों द्वारा कुल 29238 अभियोग पंजीकृत कराए गए। आरएमएस पोर्टल पर फीड/अपलोड किये जाने की कार्यवाही 2019, 2020, 2021 व 2022 पर पंजीकृत अभियोगों व उनके निस्तारण तथा 5 किवा से अधिक भार के चोरी के प्रकरण के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी।

# उपज की खरीद में कई गुना वृद्धि: जेपीएस राठौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**सहकारिता** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से ही विभाग द्वारा अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की गयी है। परिणामस्वरुप फसली ऋण वितरण, भण्डारण क्षमता एवं कृषकों से उनकी उपज की खरीद में कई गुणा वृद्धि हुयी है, जिससे विभाग प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आगे आने वाले समय में भी सहकारिता विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य किये जायेगें तथा कृषकों एवं ग्रामीणों को विभाग द्वारा अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जायेंगी। यह बात बुधवार को सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर लोकभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। श्री राठौर ने बताया कि जिला सहकारी बैंकों द्वारा 1 अप्रैल 2022 से 30 जून 2022 तक 4635.00 करोड़ का फसली ऋण वितरण किया गया, जिससे 8.5 लाख लघु एवं सीमान्त कृषक लाभान्वित हुयेए गत वर्ष इसी अवधि में 3200 करोड़ रूपये का वितरण हुआ था। इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य 10000 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि कृषि यन्त्रीकरण एवं रोजगार परक योजनाओं के अन्तर्गत 112 करोड़ रुपये का दीर्घकालीन ऋण वितरण किया गया। उर्वरकों के अग्रिम भंडारण हेतु राज्य सरकार द्वारा बजट 2022-23 में 150 करोड़ की धनराशि आवंटित की गयी है, ताकि कृषकों को समय से उर्वरक उपलब्ध हो सके। सहकारिता विभाग के अन्तर्गत समस्त 9 प्रशिक्षण केन्द्रों क्रमश: मेरठ, वाराणसी, अयोध्या, महोबा, मुरादाबाद और इटावा तथा यूपीसीबी द्वारा संचालित एसीएसटीआई, एलडीबी ट्रेनिंग सेन्टर एवं आईसीसीएमआरटी का आधुनिकीकरण किया जायेगा। प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर भारतीय खाद्य निगम एवं यूपी राज्य भण्डारण निगम द्वारा निर्मित कराये जा रहे 10 स्टील साइलो क्षमता कुल 5 लाख मै. टन ;प्रत्येक 50 हजार मै. टन की अनुमानित लागत 413 करोड़ रुपए है। प्रदेश में निजी उद्यमियों द्वारा पीपीपी मॉडल पर 13 स्थानों ;क्षमता 2 लाख मै. टन पर निर्मित किये जा रहे गोदामों की अनुमानित लागत 129 करोड़ रुपए है।

# सौ दिन में जनता को मिला महंगाई का उपहार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर जनता को महंगाई का जानलेवा उपहार मिल गया है। महंगाई की आग में जलाने के लिए भाजपा सरकार ने रसोई गैस से लेकर आटा-दाल तक के दाम बढ़ा दिए हैं। सबका साथ वाली भाजपा अब सबको भयए भ्रष्टाचार और महंगाई की मार देकर साथ रहने को मजबूर करने की रणनीति पर काम करने लगी है। उन्होंने कहा कि ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों ने घरेलू 14.2 केजी एलपीजी सिलेण्डर के दाम 50 रूपए तक बढ़ा दिए हैं। 5 केजी घरेलू सिलेण्डर के दाम 18 रूपए प्रति सिलेण्डर बढ़ गए हैं। अखिलेश ने कहा कि जीएसटी काउंसिल की बैठक में नानब्रांडेड आटा, दाल और अनाज पर भी 5 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला कर लिया है। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ना तय है। इस फैसले से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर टूटना तय हैं। जीएसटी काउंसिल के ताजा फैसले से हर वस्तु के दाम 2 से 5 रूपए प्रतिकिलो तक बढ़ जाएंगे।

## सपा मुखिया से मिला पीड़ित परिवार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भेंट कर जनपद फर्रूखाबाद के थाना मेरापुर के ग्राम ब्रह्मपुरी निवासी युवक गौतम सिसोदिया के पुलिस हिरासत में मौत की घटना की विस्तृत जानकारी मृतक की पत्नी मंजू देवी उनके भाई ऊधल सिंह तथा साथ आए अन्य लोगों ने दी। मृतक की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि 24 जून 2022 को रात्रि 12 बजे घर से थाना मेराजपुर की पुलिस गौतम सिसोदिया की थाने ले जाते समय गांव के नज़दीक रास्ते में पिटाई की गई। पिटाई से गौतम की मौत हो गई। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में निर्दोषों को सताया जा रहा है। उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। अन्याय भाजपा सरकार का एजेण्डा है। उन्होंने मृतक की पत्नी को समाजवादी पार्टी की ओर से एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी दी। यादव ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक मदद तथा परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की भी मांग की है।

स्मरणीय है भाजपा सरकार ने पेट्रोल.डीजल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी करके लोगों की परेशानियां बढ़ाई हैं। किसान की खेती की लागत बढ़ी है। भाजपा सरकार अपनी हवाई उपलब्धियों की चर्चा तो जोरशोर से कर रही है लेकिन आम आदमी की तकलीफों पर उसका जरा भी ध्यान नहीं है। घरेलू खर्च पर सबसे ज्यादा कटौती हुई है। जनता भाजपा की कुनीतियों से बुरी तरह त्रस्त्र है। सन् 2024 में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।

# पीजीआई का पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर बनेगा रोल मॉडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रतिवर्ष बच्चों के उपचार के लिए 48 विशेषज्ञ होंगे तैयार

**प्रदेश** के स्वास्थ्य के बुनियादी ढाचें को बेहतर करते हुए पिछले पांच सालों में सरकार ने तेजी से कदम बढ़ाए हैं। युवाओं के कौशल को निखारने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर शुरू करने की बात कही थी, जिसमें बच्चों की जन्मजात सहित अन्य बीमारियों के उपचार तो हों सके इसके साथ ही उन पर अध्ययन किया जा सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ये सेंटर ऐसे होने चाहिए, जो देश-दुनिया के लिए मॉडल बने।

इसकी कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी एसजीपीजीआई को दी गई। एसजीपीजीआई की टीम ने विभिन्न देशों में चल रहे ऐसे सेंटरों की सुविधाओं का अध्ययन कर कार्ययोजना तैयार की। प्रदेश में बच्चों के उपचार की विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा मुहैया करने के लिए एसजीपीजीआई में पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर खोला जाएगा। इसका निर्माण करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। सेंटर में संबंधित सुपर स्पेशियलिटी विभाग की पढ़ाई शुरू हो सकेगी। डिग्री व डिप्लोमा कोर्स शुरू होने से संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञों की संख्या बढ़ेगी। एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमान ने कहा कि पीडियाट्रिक एडवांस सेंटर को विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कोशिश है कि विकसित देशों में जैसी उपचार की सुविधा प्रदेश के बच्चों को भी मिले सके। परियोजना तैयार है। अगले माह शिलान्यास की तैयारी है। इसे दिसंबर तक तैयार करने का लक्ष्य है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने 24 विभागों में डीएम व एमएसी की दो दो सीटों में मान्यता होने से हर साल बच्चों के उपचार के लिए 48 विशेषज्ञ तैयार होंगे। इससे इन विधाओं से जुड़ी क्लीनिक भविष्य में मेडिकल कॉलेजों में भी शुरू हो सकेंगी। प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में 12 से 18 साल की उम्र वाले किशोर-किशोरियों से जुड़ी बीमारियों के उपचार के लिए केंद्र बनेगा। यह पूरी तरह से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा होगा। उम्र बढ़ने के साथ किशोरों में होने वाले विभिन्न हॉर्मोनल बदलाव की समस्या का निस्तारण किया जाएगा। किशोरों के स्ट्रेस मैनेजमेंट, साइको सेक्सुअल डिस्ऑर्डर, साइकियाट्री एंड बिहैवियर एडिक्शन एक्शिन साइकियाट्री और किशोरियों के लिए गाइनी-साइकियाट्री क्लीनिक जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

10 जुलाई को बकरीद व 14 से शुरू होगा सावन

# सीतापुर के डीएम-एसपी ने धर्मगुरूओं से की अपील

● बकरीद व सावन को लेकर शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने की हुई अपील

● डीएम-एसपी ने जनपद के धर्मगुरूओं के साथ की पीस कमेटी की बैठक





संवाददाता। सीतापुर

**10 जुलाई को** होने वाली बकरीद व 14 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है, सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बैठको का दौर शुरू हो गया है। सावन माह में ही कावड़ यात्रा निकलती है, जबकि बकरीद पर्व पर कुर्बानी दिए जाने की परम्परा है। एक साथ पड़ रहे कई त्योहारों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था एवं भाईचारा मेल मिलाप को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने सीतापुर के धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें आगामी कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण निपटाए जाने की अपील की व आपस में कोई समस्या न आए इस पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने धर्मगुरूओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी वर्ग समाज की तरफ से कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाना चाहिए जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हो। सभी लोग त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाए। त्योहार किसी भी समाज के हो भाईचारे का संदेश देते है। पीस कमेटी में धर्मगुरूओ से अपील करते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने अपील की शान्तिपूर्ण त्यौहार मनाएं। पीस कमेटी की बैठक के बाद पेशइमाम मौलाना शौकत कासमी ने एक वाक्या का जिक्र करते हुए पायनियर को बताया कि अपने मुल्क की यह खासियत है कि सभी के त्योहारों में लोग एक दुसरे से गले मिलते है। मछरेहटा से पीस कमेटी में भाग लेने पहुंचे काजी मो. असलम ने प्रशासन की तरफ से दिए गए सुझाव को अमल में लाने के साथ सराहना की। समाजसेवी फरहत बेग सनी, अध्यक्ष मरकज मस्जिद रेउसा रिजवान अहमद ने त्योहारों को अमनचैन और मोहब्बत का पैगाम देने वाला बताते हुए बताया। रिजवान अहमद, अध्यक्ष मरकज मस्जिद रेउसा ने कहा कि पीस कमेटी की बैठक में प्रशासन द्वारा की गई अपील का जिक्र करते हुए हिन्दू धर्मगुरू आचार्य आशीष शास्त्री ने कहा हर त्यौहार शान्तिपूर्ण निपटे यही अपील है।

## तिरुपति महोत्सव में छोटे कान्हा ने दर्शकों का मोहा मन

**सीतापुर**। ककरहा में चल रहे तिरुपति महोत्सव में वृंदावन के कलाकारों के द्वारा मंच पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें सर्व प्रथम पंच मुखी हनुमान जी के दर्शन सभी दर्शकों को कराए गए। जिसके बाद राधा कृष्ण की झांकी निकाली गई। वहीं फूलों की होली खेली गई जिसमें राधा कृष्ण की झांकी देख सभी दर्शक झूम उठे। झांकी में छोटे कान्हा सरोही पांडेय ने लोगों का मन मोह लिया। छोटे कान्हा के साथ हर कोई फ़ोटो लेने के लिए उत्साहित दिखा। इस दौरान आयोजक गिरीश मिश्रा,सन्दीप अग्निहोत्री,धर्मेंद्र मिश्रा,अभय सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

**विद्यालय प्रबंध समिति की हुई बैठक**

**सीतापुर**। विकास क्षेत्र कसमंडा के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय सरैया अकबरपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सतीश कुमार अध्यक्ष ने की। बैठक में 124 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के सचिव गिरिजेश अवस्थी द्वारा शासन व विभाग द्वारा जारी योजनाओ के विषय में विस्तार से अभिभावकों से चर्चा की गयी और अभिभावकों से अपेक्षा की गयी कि वे सभी लोग अपने बच्चो को नियमित विद्यालय भेजे साथ ही जो बच्चे नामांकन से वंचित रह गए है उनका नामांकन भी तत्काल कराये।

## विवक न्यूज

### अस्पताल के निरीक्षण में महिला आयोग की सदस्या को मिली कमियां, दिए निर्देश!



**सीतापुर**। सीतापुर जनसुनवाई करने पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया, निरीक्षण करने पहुंची सुनीता बंसल ने सबसे पहले अल्ट्रा सांउड कक्ष पहुंची जहां पर महिलाओं से बात की और पता करने पर बताया कि यहां पर चिकित्सक की कमी है जिस वजह से अल्ट्रा सांउड नहीं हो पाते है, जिसपर सुनीता बंसल ने डीएम से बात करने की बात कही। उसके बाद वह महिला इमरजेन्सी वार्ड में पहुंची जहां पर एक शिकायत पेटिका लगी हुई थी शिकायत मिलने पर उस हेल्पलाइन के नम्बर को लेकर सीएमएस से पूंछा तो उन्होंने कहा कि यह नम्बर डा. गोपाल का है जो शिकायत करने पर रिसीव करते है, लेकिन वह नम्बर उस समय मिलाने पर मिला नहीं, इस पर सुनीता बंसल ने सीएमएस को सही मोबाइल नम्बर लिखकर टंगवाने की बात कही। उसके बाद गर्भवती महिलाओं से दवाई के बारे में भी जानकारी ली और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बारे में पूछा तो महिलाओं को इसी जानकारी ही नहीं थी जिसपर सीएमएस से नाराजगी जताते हुए योजनाओं के बारे में जानकारी देने की बात कही। निरीक्षण करने के बाद क्या कुछ मिला उन्होंने पायनियर से बताया कि अस्पताल में कुछ कमियां मिली है जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा। निरीक्षण के बाद सदर तहसील में महिलाओ के साथ सदस्या ने जनसुनवाई भी की।

### भाला मारकर बुजुर्ग की हत्या

**बरेली**। जंगल से वापस लौट रहे एक बुजुर्गों पर गांव के ही रहने वाले एक युवक ने भाले से हमला कर दिया बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।सिरौली थाना क्षेत्र के गांव धनोरा गौरी निवासी 55 वर्षीय राम पाल पुत्र थान सिंह की आज सुबह गांव में ही रहने वाले सुनील पुत्र चंद्रपाल ने भाला मारकर हत्या कर दी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रामपाल के साथ गांव के युवक मजाक करते थे और रामपाल भी उनके साथ गाली गलौज करते थे आज सुबह में रोजाना की तरह सो कर उठने के बाद रामपाल जंगल में गए थे जहां से लगभग 7 बजे वह घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान जब वह सुनील के मकान के दरवाजे के सामने से गुजर रहे थे इसी दौरान दरवाजे पर खड़े सुनील ने उनसे मजाक कर दी गुस्साए राम पाल सुनील को गालियां देने लगे जिससे सुनील गुस्से में आ गया और अपने घर के अंदर चला गया वह तुरंत भाला लेकर रामपाल के पास पहुंचा और उन पर हमला कर दिया भाला लगने से रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा सूचना मिलने पर उसके घर वाले मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक रामपाल की मौत हो चुकी थी घटना के बाद सुनील मौके से फरार हो गया घटना की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सुनील को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी मृतक तीन बेटों का पता था उसकी पत्नी का नाम विमला देवी है

### ट्यूशन जा रही बच्ची को ट्रक ने रौंदा

**बरेली** । साइकिल पर ट्यूशन पढ़ने जा रही एक बच्ची को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना के बाद ट्रक फरार हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर बनियान निवासी श्रीकृष्ण की 17 वर्षीय बेटी शोभा कि आज दोपहर गांव से कुछ ही दूरी पर फतेहगंज पूर्वी मजार के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि शोभा कक्षा नौ की छात्रा थी और रोजाना अपने भाई के साथ साइकिल से ट्यूशन पढ़ने जाती थी लेकिन आज खेत पर काम होने के कारण भाई खेत पर चला गया और शोभा अकेली ही साइकिल से ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकली थी लेकिन जब वह मजार के पास पहुंची तभी तेजी से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली।

क्राइम ब्रांच और महोली कोतवाली पुलिस को मिली कायमयाबी....

# पुलिस के हत्थे चढ़ा सरगना सहित दस अंतर्जनपदीय डकैतों का गिरोह

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर की** महोली कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान मास्टरमाइंड समेत 10 शातिर अंतर्जनपदीय डकैत, लुटेरे व नकबजनों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान हारुन पुत्र बसीर, दुशासन लोनिया पुत्र मनोहर, रईश अहमद पुत्र जलील अहमद, मेराज उर्फ मोनू पुत्र बुद्धा, अवधेश लोनिया पुत्र मनोहर निवासीगण जालिमपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर, विरेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल नि0 ऊंचगाव थाना सकरन जनपद सीतापुर, विजय लोनिया पुत्र छेदीलाल, अखिलेश पुत्र गोले लोनिया निवासीगण बैदौरा लोनियनपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर, मुकीम पुत्र बसीम निवासी चमनगंज थाना तम्बौर जनपद सीतापुर तथा मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद वसीम निवासी आजादनगर काण्ठ रोड थाना सिविल लाइन्स जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। गिरोह के कब्जे से एक लाख 12 हजार रुपये की नगदी, 1.4 किलो चांदी व 20 ग्राम सोने के जेवरात, दो बटुवा पीली धातु, घटना कारित करने में प्रयुक्त एक लोहे की सरिया, एक पेचकस, एक प्लास, 02 चार पहिया वाहन (ब्रेजा व एटीयोस), 10 मोबाइल फोन, 03 तमंचा व 03 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया अभियुक्तो का एक संगठित गिरोह है, जिसके सदस्य सीतापुर तथा लखनऊ, बाराबंकी, फैजाबाद, अमेठी, लखीमपुर खीरी व रायबरेली मे चार पहिया वाहनो से रात मे घूम-घूम कर पहले रैकी फिर घरो मे चोरी करते थे, इसका सरगना हारुन पुत्र बसीर है। अभियुक्तों ने पूछताछ में थाना महोली, कमलापुर, लहरपुर, रेउसा आदि क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में स्वाट व सर्विलासं प्रभारी सत्येन्द्र विक्रम सिहं, हेड कांस्टेबल गुरपाल सिंह, कांस्टेबल अनुराग पांडेय, रवि वर्मा, उमेश मिश्रा, आनंद कुमार, सुमित राघव, राहुल कुमार तथा महोली के प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला, अपराध निरीक्षक सुरेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह, शीतला प्रसाद सिंह व एजाज अहमद शामिल थे। एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने इस ऑपरेशन की पूरी जानकारी दी।

# सीतापुर में 719 परीक्षार्थियों ने छोड़ी बीएड की परीक्षा



संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** संयुक्त बीएड परीक्षा देने से पहले ही 719 परीक्षार्थियों ने किनारा कर लिया। बुधवार को दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा के दौरान पहली पाली में 358 और दूसरी पाली में 361 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सीतापुर में द्विवार्षिक बीएड पाठ्यक्रम रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा आयोजित परीक्षा संपन्न कराने के लिए 13 केंद्र बनाए गए थे। राजकीय डिग्री कॉलेज प्राचार्य नोडल अधिकारी डॉ राजीव द्विवेदी ने बताया कुल 5 हजार 376 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें से 719 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया जनपद में नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराई गई। सचल दल भी लगातार निगरानी करता रहा। उन्होंने बताया कि आरएमपी डिग्री कॉलेज, आरएमपी इंटर कॉलेज, हिन्दू कन्या डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, जीआईसी, जीजीआईसी सीतापुर, आरआरडी इंटर कॉलेज, उजागरलाल इंटर कॉलेज, म्युनिस्पल इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, जेएलएमडी कॉलेज खैराबाद एवं आरबीएसबीएस इंटर कॉलेज कमलापुर में दो परीक्षा केन्द्र ए व बी बनाए गए थे।

# सम्मान पूर्वक हुई चौकी इंचार्ज की विदाई



**ढखेरवा-खीरी।** ढखेरवा पुलिस चौकी में पिछले दस माह से कार्यरत रहे इंचार्ज हर्षित कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला होने के बाद बुधवार की सुबह उनकी पूरे सम्मान पूर्वक विदाई हुई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। विदाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राकेश वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामनिवास वर्मा, उपाध्यक्ष अटल मनार, कोषाध्यक्ष कुलदीप बरनवाल के अलावा एडवोकेट पुष्पेंद्र सिंह राठौर, शिवा सिंह गोलू, कमर अहमद, धीरेंद्र शुक्ला व शंकर चक्रवर्ती समेत चौकी स्टाफ सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# 784 अभ्यर्थियों ने छोड़ी बीएड प्रवेश परीक्षा

● डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बुधवार को** खीरी में दो पालियों में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022 सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। डीएम-एसपी, डीआईओएस-सेक्टर अधिकारियों ने भ्रमणशील रहकर परीक्षा को संपन्न कराया।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने शांतिपूर्ण ढंग व नकल विहीन बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2022 संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जीआईसीए स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर कक्षवार निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने केंद्राध्यक्ष से परीक्षा में शामिल, अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। निरीक्षण के समय सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती मिली और कहींए किसी भी प्रकार की अनियमितता देखने को नहीं मिली। डीएम ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भी परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया। उपस्थित प्रधानाध्यापक व केंद्र अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जाएए इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाए। डीएम.एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क व मुस्तैद रहकर शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने भी दोनों पालियों में राजकीय इंटर कालेज लखीमपुर, गांधी इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, अब्दुल कलाम बालिका इंटर कॉलेज व धर्म इंटर कॉलेज लखीमपुर परीक्षा केंद्रों पर जाकर चल रही परीक्षा का जायजा लिया। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि पहली पाली में 7181 के सापेक्ष 6784 परीक्षार्थियों में शामिल हुए। वही 397 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 7181 के सापेक्ष 6794 परीक्षार्थी शामिल हुए 387 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

## आयोजित हुई संगोष्ठी

**लखीमपुर खीरी।** इंडियन बैंक द्वारा एमएसएमई योजना के तहत ऋण वितरण की प्रक्रिया में तीव्रता लाने के लिए संगोष्ठी हुई जिसमें बड़ी संख्या में ग्राहकए उद्यमी बैंकर्स मौजूद रहे। ग्राहकोंए उद्यमियों के साथ आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए इंडियन बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक लखनऊ पंकज त्रिपाठी ने बैंक की ऋण योजनाओं से सबंधित नवीनतम जानकारी दी। साथ.साथ ऋण को और गति प्रदान करने के लिए बारे में भी अवगत कराया। उक्त संगोष्ठी में मंडल प्रमुख मिथिलेश कुमार ने भी अपनी शाखाओं एमएपीसी आरएपीसी द्वारा ऋण प्रस्तावों के त्वरित निस्तारण हेतु आश्वस्त किया। महाप्रबंधक ने जनपद के विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं प्लाईवुड क्लस्टर का भ्रमण भी किया। संगोष्ठी में बैंक को उद्यमियों से 15 करोड़ से अधिक के नए ऋण के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। संगोष्ठी में क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि जनपद का अग्रणी बैंक होने के नाते इंडियन बैंक जनपद के समग्र विकास हेतु अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए कटिबद्ध है।

# विभिन्न कार्यक्रमों की गोला विधायक ने की अध्यक्षता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** न्याय पंचायत अलीगंज में ग्राम चौपाल, वृक्षारोपण व पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि अरविंद गिरि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। साथ ही ग्रामवासियों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करते हुए विधायक ने संचारी रोगों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को प्रदान की। अलीगंज प्रधान आरिफ शेख, सुनील राज, गोपालपुर प्रधान सुशील पांडे, विकास सोनी, संजय सिंह, अवतार सिंह, सुनील वाजपेयी, आस मोहम्मद, वीरेंद्र भूषण ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ, विनीत पांडे, जवाहर वर्मा विधायक प्रतिनिधि, प्रमोद वर्मा, प्रमोद सिंह, मंजीत राज, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, बाबा अनुभवदास, राकेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अनूप वर्मा, लेखपाल मोहित मौर्य व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) अनिल कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## शिवसेना पर...

से दिया था। इस घटनाक्रम में बागी नेता एकनाथ शिंदे पार्टी के 55 में से 40 विधायकों के साथ शिवसेना को तोड़कर अलग हो गए थे और शिवसेना के पास केवल 15 विधायक ही बच। शिवसेना के जानकार सूत्रों ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ताजा विद्रोह से बचने के लिए शेवाले और पार्टी के अन्य सांसदों से बातचीत कर रहा है। यह देखा जाना बाकी है कि क्या उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सेना एकनाथ शिंदे खेमे के तमाम प्रयासों के बावजूद अपने सांसदों को एकजुट रखने में सक्षम होगी।

## चुनाव चिह्न...

सांसदों में से 12 हमारे साथ हैं। तो पार्टी किसकी हुई ? मैंने चार सांसदों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की है। हमारे साथ 22 पूर्व विधायक भी हैं। हीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि अफवाह फैलाई जा रही है कि उन्होंने एक दिन पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की है। शिंदे ने ट्वीट किया, राकांपा प्रमुख शरद पवार के साथ मेरी फोटो वायरल की जा रही है। ऐसी कोई मुलाकात नहीं हुई थी। कृपया अफवाहों पर विश्वास न करें। दूसरी ओर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने बुधवार को राजन विचारे को सांसद भावना गवली की जगह लोकसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक नामित किया।

## नकवी-आरसीपी...

राज्यसभा में भाजपा के उपनेता हैं। नकवी के इस्तीफे के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में मुस्लिम समुदाय का एक भी सदस्य नहीं होगा। साथ ही संसद के दोनों सदनों में भाजपा के करीब 400 सांसदों में एक भी सदस्य मुस्लिम समुदाय का नहीं होगा। भाजपा ने जब नकवी को राज्यसभा के लिए फिर से उम्मीदवार नहीं बनाया तभी से यह कयास लगाए जाने लगे थे कि पार्टी उन्हें उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का उम्मीदवार बना सकती है या किसी अन्य प्रमुख पद की जिम्मदारी सौंप सकती है। छह अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है।

## विद्युत परियोजना...

और दूसरी आरएसएस से जुड़े व्यक्ति की, जो महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)- भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार में मंत्री थे और प्रधानमंत्री के बहुत करीब होने का दावा करते थे। मलिक ने पिछले साल अक्टूबर में राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में एक सभा में कहा था, मुझे दोनों विभागों के सचिवों द्वारा सूचित किया गया था कि एक घोटाला है और मैंने तदनुसार दोनों सौदे रद्द कर दिए। सचिवों ने मुझसे कहा कि आपको प्रत्एक फाइल को मंजूरी देने के लिए 150 करोड़ रुपए मिलेंगे लेकिन मैंने उनसे कहा कि मैं पांच कुर्ता-पायजामा साथ लेकर आया हूं और उसी के साथ वापस जाऊंगा।

## नासिक में...

के मुताबिक, वह अपने तीन-चार अनुयायियों के साथ मंगलवार दोपहर को एवला गए थे और वहां कोई धार्मिक रस्म की। पुलिस के अधिकारी के मुताबिक, इसके बाद वे भूमिपूजन के लिए रवाना हुए और चिनचोली मआईडीसी (महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम) इलाके में पहुंचे। एसपी ने बताया कि रस्म के बाद शाम में जब चिश्ती अपनी कार में बैठे तो उनके चालक ने पिस्तौल से उनके सिर में कथित रूप से गोली मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हुए आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया है। पाटिल ने बताया कि कुछ लोगों को वह खून से लथपथ पड़े मिले तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। एसपी के मुताबिक, चिश्ती को एवला के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## रसोई गैस...

वृद्धि की गई थी। 19 मई को रसोई गैस सिलेंडर के दाम 3.50 रुपए बढ़ाए गए थे। जून, 2021 से अबतक रसोई गैस सिलेंडर के दाम 244 रुपए तक बढ़ चुके हैं। इसमें से 153.50 रुपए की बढ़ोतरी मार्च, 2022 से की गई है। हालांकि, पेट्रोल और डीजल के दाम में पिछले तीन महीने से बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले, 22 मार्च से शुरू करते हुए 16 दिन के भीतर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल दस रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद मुंबई में एलपीजी का 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 1,052.50 रुपए का हो गया है। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत।,079 रुपए और कोलकाता में 1,068.50 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई है। पेट्रोलियम कंपनियों ने होटल एवं रेस्तरांओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम घटाए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यि गैस सिलेंडर का दाम 2,021 रुपए से घटाकर 2,012.50 रुपए कर दिया गया है।

## दस रुपए...

इससे पहले वैश्विक बाजार से संकेत लेते हुए एमआरपी में भी कमी की थी। वैश्विक कीमतों में और गिरावट को ध्यान में रखते हुए खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने सभी खाद्य तेल संघों और प्रमुख निर्माताओं की एक बैठक बुलाई, जिसमें मौजूदा स्थिति पर चर्चा की गई और एमआरपी को कम करके उपभोक्ताओं को गिरती वैश्विक कीमतों का लाभ देने की बात कही गई। पांडेय ने बैठक के बाद पीटीआई-भाषा से कहा, हमने एक विस्तृत प्रस्तुति दी और उन्हें बताया कि पिछले एक सप्ताह में वैश्विक कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसका लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाना चाहिए। हमने उन्हें एमआरपी कम करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख खाद्य तेल निर्माताओं ने अगले सप्ताह तक सभी आयातित खाद्य तेलों जैसे पाम तेल, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल पर एमआरपी को 10 रुपए प्रति लीटर तक कम करने का वादा किया है। उन्होंने कहा एक बार इन खाद्य तेलों की कीमतें कम हो जाती हैं तो अन्य तेलों के दाम भी नीचे आएंगे।

## संविधान विरुद्ध...

की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने बुधवार को कीझवईपुर पुलिस को चेरियन के खिलाफ दायर एक याचिका के आधार पर कथित रूप से संविधान का अपमान करने के लिए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। यह याचिका एर्नाकुलम के एक वकील ने दायर की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने इस्तीफे का स्वागत करते हुए आरोप लगाया कि चेरियन ने अपने इस्तीफप की घोषणा के दौरान अपनी टिप्पणी पर कोई पछतावा नहीं जताया और ना ही मुख्यमंत्री की ओर से ऐसा किया गया। मंत्री के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री तिरुवनचूर राधाकृष्णन ने कहा, उनके भाषण की वजह से इस्तीफा हुआ है। हालांकि, अपने इस्तीफे की घोषणा करने के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए, उन्होंने (चेरियन) अपने शब्दों के लिए खेद व्यक्त नहीं किया।

## महुआ को...

कान पकड़ कर माफी नहीं मांग लेती। उन्होंने कहा कि मोइत्रा के खिलाफ पहले भी बंगाल समेत कई जगहों पर कई मामलों में मामले दर्ज हैं। हम 10 दिन और इंतजार करेंगे, अगर बंगाल सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो हम अदालत का रुख करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य पुलिस ने नूपुर शर्मा के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की थी। लेकिन उनके पास महुआ मोइत्रा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। हालांकि टीएमसी ने मोइत्रा के बयान से दूरी बना ली, लेकिन नादिया सांसद यह कहते हुए ऐसी बात कही जबकि वह स्वयं काली की उपासक है और यह जानती हैं क्या सही था और क्या गलत। सांसद मोइत्रा ने पहले अपने एक ट्वीट में मां काली की पूजा में शराब और मीट के भोग की बात कहकर मधुमक्खी के छत्ते को छेड़ दिया। उन्होंने कहा कि आप संघ के लोग झूठ बोलने से बेहतर हिंदू नहीं बन जाएंगे। साथ ही मोइत्रा ने यह भी साफ किया कि मैंने कभी भी किसी फिल्म या पोस्टर या मां काली के धूम्रपान का ना तो समर्थन किया है ना इस शब्द का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आप सभी को मेरा सुझाव है कि आप तारापीठ में मां तारा (काली का दूसरा नाम) जाएं और मां के भोग के रूप में क्या खाना-पीना चढ़ाया जाता है यह देंखे।

## नुपुर शर्मा...

पुलिस थाने लाया गया। उन्होंने बताया, प्रथम दृष्टया उसने यह कथित वीडियो नशे की हालत में बनाया, आगे जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि वीडियो 28 जून से पहले रिकॉर्ड किया गया और वह बाद में लीक हुआ।वीडियो में चिश्ती कहता सुनाई दे रहा है, वह पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने पर उसे खुलेआम गोली मार देता। चिश्ती ने वीडियो में कहा है, जो कोई भी उसे नुपुर शर्मा का सिर लाकर देगा वह उसे अपना घर इनाम में दे देगा। उसने वीडियो में कथित तौर पर कहा, आपको सभी मुस्लिम देशों को जवाब देना होगा। यह मैं अजमेर राजस्थान से कह रहा हूं और यह संदेश हुजूर ख्वाजा बाबा के दरबार से है।

# कृषि क्षेत्र में उत्पादन बाद की चुनौतियों को हल करने के लिए कदम उठा रही है सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली



**कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर** ने कहा है कि उत्पादन के बाद खाद्यान्नों का रखरखाव निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र के लिए एक चुनौती है और सरकार ने ई-नाम और अन्य सुविधाओं की स्थापना के जरिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से इस मसले के हल को कई कदम उठाए हैं। तोमर ने कहा कि उत्पादन के बाद की चुनौतियों से निपटने के लिए, सरकार ने अबतक लगभग 1,000 विनियमित थोक मंडियों को इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) से जोड़ा है, कृषि-बुनियादी ढांचा कोष के तहत 13,000 परियोजनाओं के लिए 9,500 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं तथा ड्रोन जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने के अलावा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना को प्रोत्साहित किया है। तोमर ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और इक्रियर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कृषि बाजार को दुरुस्त करना विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, उत्पादन नहीं, लेकिन उत्पादन बाद खाद्यान्नों का रखरखाव निश्चित रूप से आज एक समस्या है।

तोमर ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में समय-समय पर उत्पादन बाद खाद्यान्नों के रखरखाव के मुद्दों को हल करने के प्रयास किए गए थे लेकिन वांछित परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सके। उन्होंने कहा कि हालांकि, पिछले आठ वर्षों में, उत्पादन के बाद खाद्यान्नों के रखरखाव के मुद्दों को ठीक करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिले और उनकी आय में सुधार हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जैविक उत्पादों का भी अच्छा बाजार है क्योंकि उनके निर्यात में वृद्धि हुई है। लेकिन किसानों को बेहतर दाम पाने के लिए गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर इक्रियर के चेयरमैन प्रमोद भसीन, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक और सीईओ विक्रम लिमए और इक्रियर में इन्फोसिस की कृषि पीठ के प्रोफेसर अशोक गुलाटी भी उपस्थित थे।

# भारत में कोविड के 16,159 नए मामले उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 16,159 नए मामले आने से कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,35,47,809 हो गई है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,15,212 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, महामारी के कारण 28 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,270 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.26 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.53 प्रतिशत दर्ज की गई है।

कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में पिछले 24 घंटे में 737 की वृद्धि दर्ज की गई है। संक्रमण की दैनिक दर 3.56 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 3.84 फीसदी रही। इस बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,29,07,327 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 198.20 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में जिन 28 और मरीजों ने जान गंवाई है, उनमें से छह-छह मरीजों की मौत केरल और महाराष्ट्र में हुई।



जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर संसद के सेन्ट्रल हाल में लगे उनके चित्र को नमन करते प्रधानमंत्री

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज करेंगे विवाह

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बृहस्पतिवार को दूसरी बार शादी के बंधन में बंधेंगे। मान (48) का उनकी पत्नी के साथ 2015 में तलाक हो गया था। मुख्यमंत्री के दो बच्चे हैं। आप की पंजाब इकाई के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने बताया, मुख्यमंत्री कल एक निजी समारोह में विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। हरियाणा के कुरूक्षेत्र जिले की रहने वाली डॉ गुरप्रीत कौर के साथ उनका विवाह होगा। मान की मां, बहन, संबंधी और कुछ अन्य अतिथि इस विवाह समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भी इसमें शामिल होने की संभावना है। राज्य के मंत्रियों हरजोत बैंस तथा अमन अरोड़ा और राघव चड्ढा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ट्वीट कर मान को बधाई दी है। बैंस ने कहा, अपने मख्यमंत्री भगवंत मान जी को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देता हूं। मैं जीवनभर उनके आपसी प्यार, सम्मान और सहयोग की कामना करता हूं। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने भी मान को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# अन्नाद्रमुक में नेतृत्व को लेकर विवाद संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उसने पार्टी के एकल नेतृत्व के मुद्दे पर अन्नाद्रमुक की एक हालिया बैठक में किसी अघोषित प्रस्ताव को पारित करने पर रोक लगा दी थी। एडप्पाडी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) खेमा न्यायालय के इस निर्णय से उत्साहित है जो सक्रिय रूप से एकल नेतृत्व की कमान उनके हाथ में होने पर जोर दे रहा है। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 11 जुलाई, 2022 को होने वाली अन्नाद्रमुक की आम परिषद की बैठक कानून के अनुसार आगे बढ़ सकती है। ईपीएस खेमा शीर्ष अदालत के आदेश से इसलिए खुश है क्योंकि 23 जून को हुई आम परिषद की बैठक नेतृत्व के विषय के बारे में थी। उस दिन लिए जाने वाले सभी 23 प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया था। गत 23 जून को हुई आम परिषद की बैठक में 11 जुलाई को फिर से बैठक करने का फैसला किया था।

न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की अवकाशकालीन पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ई. के. पलानीस्वामी (ईपीएस) की याचिका पर अन्नाद्रमुक की आम परिषद के सदस्य एम शणमुगम और पार्टी समन्वयक ओ. पनीरसेल्वम को नोटिस भी जारी किए। पीठ ने कहा, प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए जाएं...जिन पर दो सप्ताह के भीतर जवाब दिया जाए। मामले के तथ्यों तथा परिस्थितियों, मुकदमे के विषय और उच्च न्यायालय के आदेशों को देखते हुए, यह उचित समझा जाता है कि 23 जून 2022 को पारित आदेश के अमल पर रोक लगा दी जाए।

शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि 11 जुलाई, 2022 को होने वाली अन्नाद्रमुक की आम परिषद की बैठक कानून के अनुसार आगे बढ़ सकती है। पीठ ने कहा, वर्तमान में, हम अंतरिम प्रकृति के किसी अन्य आदेश को पारित करना आवश्यक नहीं समझते। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय की पीठ ने आम परिषद की बैठक के संदर्भ में स्थगन आदेश पारित करके अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। पलानीस्वामी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी एस वैद्यनाथन ने कहा कि पार्टी की बैठक को लेकर अवमानना याचिकाएं दायर की गई हैं जिसके बाद शीर्ष अदालत मामले की पड़ताल करने के लिए सहमत हुई। शणमुगम की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि एकल पीठ, जिसने आम परिषद की बैठक पर स्थगन से इनकार कर दिया था, ने आदेश में कोई कारण दर्ज नहीं किया। पनीरसेल्वम ने 11 जुलाई को यहां पलानीस्वामी गुट द्वारा की जा रही पार्टी की आम परिषद की बैठक को रोकने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय की खंडपीठ मध्यरात्रि में असाधारण रूप से बैठी थी और 23 जून को सुबह चार बजे आदेश पारित किया था।

इसने आदेश दिया था कि अन्नाद्रमुक की आम और कार्यकारी परिषद बैठक में किसी भी अघोषित प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा सकता है, जिससे संभावित एकल नेतृत्व के मुद्दे पर संयुक्त समन्वयक पलानीस्वामी के नेतृत्व वाले खेमे के इस तरह का कोई भी कदम उठाने पर रोक लग गई थी। तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी की आम परिषद और कार्यकारिणी की बैठक 23 जून को हुई थी। गत 23 जून को सुबह तक चली सुनवाई में, विशेष खंडपीठ ने पनीरसेल्वम को एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ अपील पर राहत दी थी। इसने कहा था कि बैठक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो सकती है और पहले से तय 23 प्रस्तावों को लिया जा सकता है तथा अपनाया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक पदों को खत्म करने और महासचिव पद को बहाल करने के लिए पार्टी उप-नियमों में संशोधन करने से संबंधित कोई अन्य नया प्रस्ताव नहीं लिया जाएगा। इससे पहले 22 जून को रात करीब नौ बजे, उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अपने संक्षिप्त आदेश में बैठक की अनुमति दी थी, लेकिन पलानीस्वामी समूह को कोई अन्य नया प्रस्ताव लेने से रोकने से परहेज किया था।

# भाजपा नेता ने तमिलनाडु में जल्द सत्ता-परिवर्तन का दावा किया, द्रमुक ने किया खारिज

**चेन्नई।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने तमिलनाडु में जल्द ही महाराष्ट्र की तरह सत्ता परिवर्तन होने का दावा किया है। सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ने उनके दावे को खारिज किया है। द्रमुक के वरिष्ठ नेता आर. एस. भारती ने अन्नामलाई की टिप्पणियों को बेकार करार देते हुए कहा कि पार्टी उन्हें गंभीरता से नहीं ले रही है। अन्नामलाई ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु की राजनीतिक परिस्थितियों की तुलना करते हुए कहा कि दिवंगत शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के सबसे बड़े बेटे बिंदुमाधव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के बेटे एम. के. मुत्थु की फिल्मी पारी एक जैसी रही है, दोनों फिल्मों में काम करना चाहते थे, लेकिन उनकी फिल्मों ने कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। इसी तरह ठाकरे के दूसरे बेटे जयदेव और करुणानिधि के दूसरे बेटे एम. के. अलागिरि दोनों ही परिवार से दूर हैं।

अन्नामलाई ने मंगलवार को शहर में भाजपा की एक प्रदर्शन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बाल ठाकरे के तीसरे बेटे उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला और इसी तरह एम. के. स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने। उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य की राजनीति में दिलचस्पी है और स्टालिन के बेटे उदयनिधि की भी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, दोनों अपनी-अपनी पार्टी की युवा शाखा के नेता हैं। तमिलनाडु में मंत्रिमंडल में फेरबदल होने वाला है। यहां भी एक एकनाथ शिंदे सामने आएगा। गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे के पिछले महीने बागी रुख अख्तियार करने के बाद महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। इसके बाद शिंदे ने 30 जून को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी।

अन्नामलाई ने कहा कि ढाई साल पहले तीन दलों ने महाराष्ट्र में गठबंधन बनाने के लिए हाथ मिलाया था, जैसे द्रमुक ने यहां कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठबंधन किया था। महाराष्ट्र में शिवसेना, राकांपा तथा कांग्रेस साथ आए और भाजपा जिसके 105 विधायक थे उसे दरकिनार कर दिया गया। 57 विधायकों वाली शिवसेना ने सरकार बनाई। अन्नामलाई ने कहा, महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कई भाजपा समर्थकों को प्रताड़ित किया। फिर एकनाथ शिंदे आए। वह सूरत गए। यही राजधर्म है। जब ऐसा होना होगा, तब होगा। यह महाराष्ट्र में हुआ और आप इसे तमिलनाडु में भी होते देखेंगे। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने भाजपा नेता के बयान को खारिज करते हुए कहा कि पार्टी में विद्रोह की कोई आशंका नहीं है। द्रमुक नेता भारती ने बुधवार को कहा, वह (अन्नामलाई) काफी दिनों से बेमतलब की बातें कर रहे हैं। जहां तक मेरी बात है, मैं उन्हें बिलकुल गंभीरता से नहीं ले रहा हूं।



पुरी में भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु

## राहुल के बयान से छेड़छाड़ का मामलाः टीवी प्रस्तोता की याचिका पर कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाते हुए एक खबर प्रसारित करने के आरोप में कुछ राज्यों में प्राथमिकियों का सामना कर रहे टेलीविजन समाचार प्रस्तोता (टीवी एंकर) रोहित रंजन की एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। रंजन ने याचिका दायर कर कथित अपराध के लिए कठोर कार्वाई से संरक्षण का आग्रह किया है। टीवी प्रस्तोता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने छेड़छाड़ की गई वीडियो क्लिप के प्रसारण के लिए कई राज्यों में प्राथमिकियां दर्ज किए जाने के मद्देनजर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। इस पर न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा, इसे कल के लिए सूचीबद्ध किया जाए। लूथरा ने कहा, इस व्यक्ति को नोएडा में कल उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया और जमानत पर रिहा कर दिया गया क्योंकि अपराध जमानती था।

# एनजीओ ने स्वप्ना सुरेश को नौकरी से किया बर्खास्त

**पलक्कड़ (केरल)।** सोना तस्करी मामले में मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ कथित संबंध वाले एक एनजीओ में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) ने आरोप लगाया कि केरल सरकार आरोपी स्वप्ना सुरेश के लिए संगठन को सूली पर चढ़ा रही थी। पलक्कड़ स्थित एचआरडीएस ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि भले ही सुरेश को महिला अधिकारिता और सीएसआर निदेशक के रूप में उनके वर्तमान पद से हटा दिया गया है, लेकिन वह महिला अधिकारिता सलाहकार समिति के अध्यक्ष के पद पर बनी रहेंगी, जो अवैतनिक पद है।

हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (एचआरडीएस) ने कहा कि उसने राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री के इस आरोप पर विचार करने के बाद सुरेश की नियुक्ति रद्द करने का फैसला किया है कि एनजीओ सोने की तस्करी के मामले के आरोपियों का बचाव कर रहा है। 28 जून को, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विधानसभा में एक स्थगन प्रस्ताव के जवाब में कहा था कि सुरेश को आरएसएस से जुड़े एक संगठन का समर्थन प्राप्त है।

एनजीओ ने बताया कि मामले में सह-आरोपी और मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर को सेवा में शामिल होने की अनुमति दे दी गई थी। एनजीओ ने एक विज्ञप्ति में कहा, हमें उम्मीद है कि सोने की तस्करी के मामले में एक आरोपी को नियुक्त करने के लिए एचआरडीएस को सूली पर चढ़ाने वाली सरकार शिवशंकर को सेवा से बर्खास्त करेगी, जो इस मामले में सह-आरोपी हैं। सुरेश को 18 फरवरी को एचआरडीएस में निदेशक, महिला अधिकारिता और सीएसआर नियुक्त किया गया था। एनजीओ ने आरोप लगाया कि पुलिस, सतर्कता, अपराध शाखा और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां उसके कार्यालयों में बार-बार आ रही हैं।

## अग्निवीर की वन रक्षक के तौर पर नियुक्ति के प्रावधान के लिए करेंगे अनुरोध : बिहार के मंत्री

**पटना।** सशस्त्र बलों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना को लेकर जदयू के विरोध को नजरअंदाज करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता और बिहार के वन एवं पर्यावरण मंत्री नीरज कुमार सिंह चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सेवानिवृत्त अग्निवीर को वन रक्षक और वनपाल के रूप में नियुक्त करें। सिंह ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया, हां, मैं जल्द ही मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राज्य मे वन रक्षकों और वनपालो की भर्ती में अग्निवीरों के लिए आरक्षण की मांग करूंगा। मैंने पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से इस पर विस्तृत नोट तैयार करने को कहा है। कई राज्य सरकारें पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि सशस्त्र बलों में सीमित अवधि की सेवा करने के बाद पुलिस बलों और अन्य विभागों मे रिक्त पदो को भरने में अग्निवीरों को वरीयता दी जाएगी। बिहार सरकार को भी राज्य सेवाओं मे अग्निवीरों के लिए प्राथमिकताओं की घोषणा करनी चाहिए। अग्निपथ योजना पर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार की चुप्पी के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, इस योजना को लेकर कोई भ्रम नही होना चाहिए। हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि यह योजना देश के युवाओं के लिए अच्छी है। असम, उप्र, मप्र, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कर्नाटक जैसे कई राज्यों ने सशस्त्र बलों मे चार साल की सेवा के बाद अग्निवीरों के लिए सहायक उपायों की घोषणा की है। राज्य मे वन रक्षकों और वनपालों की भर्ती मे अग्निवीरों को आरक्षण दिया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा, हाल ही में भर्ती किए गए 693 वन रक्षक और वनकर्मी जल्द ही पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य मे वनों विशेष रूप से सार्वजनिक वनों की देखभाल और संरक्षण की निगरानी के लिए लगाए जाएंगे। हम जल्द ही राज्य में 1000 और वन रक्षकों और वनकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेंगे। राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री के इस कदम से बिहार में सत्तारूढ़ राजग के घटक दलों के बीच चल रही जुबानी जंग और बढ़ सकती है। केंद्र सरकार द्वारा 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद ही बिहार में इसके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गया था। सेना में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों ने रेलवे स्टेशनों पर धावा बोलने, ट्रेन के डिब्बों को आग के हवाले करने के साथ बसों मे आग लगा दी थी। बिहार अग्निपथ योजना के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शन के दौरान बिहार की उपमुख्यमंत्री रेणु देवी के आवास और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के घरों पर प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था तथा पार्टी के कई कार्यालयो मे तोड़फोड़ की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी हो पर उनकी पार्टी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने केंद्र से अग्निपथ योजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिनके घर मे प्रदर्शनकारियो ने तोड़फोड़ की थी, ने इसे एक साजिश करार देते हुए राज्य सरकार की आलोचना की थी और आरोप लगाया था कि उसने प्रदेश में हिंसक विरोध को रोकने के लिए अपर्याप्त प्रयास किए।

## हिमाचल में खाई में गिरने से संबंधित दुर्घटनाओं में पांच साल में लगभग 2,600 लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मे पिछले पांच साल में सड़क किनारे खाई में गिरने (रोल डाउन) से संबंधित तीन हजार से अधिक दुर्घटनाओं में 2,600 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस का यह बयान कुल्लू की सैंज घाटी मे एक बस के खाई मे गिरने के एक दिन बाद आया है, जिसमे 13 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस तरह की दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सड़क किनारे अवरोधकों (क्रैश बैरियर) की कमी है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय कुंडू द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राज्य में सड़क किनारे खाई मे गिरने (रोल डाउन) से संबंधित 3,020 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 2,633 लोगों की मौत हो गई और 6,792 लोग घायल हुए हैं। बयान के मुताबिक, राज्य मे कुल सड़क की लंबाई 38,035 किलोमीटर है, जबकि केवल 520 किलोमीटर पर अवरोधक लगाए गए है। बयान के अनुसार, इस तरह की सबसे ज्यादा 973 (32 प्रतिशत) दुर्घटनाएं शिमला में हुईं। इसके बाद मंडी में 425 (14 प्रतिशत) और चंबा और सिरमौर मे 306 (10 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। बयान में कहा गया कि सबसे ज्यादा 869 (33 प्रतिशत) मौत शिमला जिले मे हुईं, इसके बाद मंडी मे 331 (13 प्रतिशत) और चंबा में 284 (11 प्रतिशत) मौत हुईं। बयान के अनुसार राज्य के ग्रामीण इलाकों में 2,881 (95 प्रतिशत) सड़क किनारे खाई मे गिरने (रोल डाउन) से संबंधित दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 587 (20 प्रतिशत) शाम छह बजे से नौ बजे के बीच हुईं। आंकड़ों के अनुसार, लिंक सड़कों पर 1,679 (56 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। इसके बाद राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर 1,185 (39 प्रतिशत) दुर्घटनाएं हुईं। इसमें कहा गया है कि 1,264 (42 प्रतिशत) मामलों मे तेज़ गति से वाहन चलाना, 641 (21 प्रतिशत) मामलों में खतरनाक तरीके से वाहन चलाना और 609 (20 प्रतिशत) में बिना देखे सड़क पर मुड़ना दुर्घटना के प्रमुख कारण हैं। डीजीपी ने अधिकारियों को यातायात उल्लंघन के मामलों को रोकने के लिए जांच बढ़ाने का भी निर्देश दिया है।

## कन्हैयालाल के पुत्रों को सरकारी नौकरी देने के लिए नियमों में छूट का निर्णय

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उदयपुर घटना में मृत कन्हैयालाल के पुत्रों को सरकारी नौकरी दिलाने में नियमों में शिथिलता प्रदान करने, राजकीय कार्मिकों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, न्यूज वेबसाइट्स को सरकारी विज्ञापन जारी करने, नवीन राजकीय महाविद्यालयों के बेहतर प्रबंधन के लिए राजस्थान कॉलेज एजुकेशन सोसायटी का गठन करने सहित कई अहम निर्णय लिए गए हैं। मंत्रिमंडलीय बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में उदयपुर की आतंकी घटना में मृतक कन्हैयालाल तेली के पुत्र यश तेली और तरूण तेली को राजकीय सेवा में नियुक्ति देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति के लिए नियमों में छूट देने का निर्णय किया गया है।

# रायपुर पुलिस का दावा, जी न्यूज के समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन फरार

**रायपुर।** समाचार चैनल जी न्यूज के प्रस्तोता रोहित रंजन की गिरफ्तारी को लेकर उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ टकराव के दूसरे दिन रायपुर पुलिस बुधवार को एक बार फिर रंजन के घर पहुंची लेकिन वह वहां नहीं मिले। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने रंजन का फरारी पंचनामा तैयार किया है। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने बताया, रायपुर का पुलिस दल आज सुबह करीब नौ बजे रोहित रंजन के गाजियाबाद स्थित निवास पर पहुंचा। घर में ताला लगाकर फरार पाए जाने से आरोपी का फरारी पंचनामा तैयार किया गया है। अन्य संभावित स्थानों पर आरोपी की तलाश की जा रही है। रायपुर जिले के पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाने के मामले में रंजन के खिलाफ रायपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। कांग्रेस शासित राज्य छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले की पुलिस मंगलवार तड़के पत्रकार रंजन को गिरफ्तार करने उनके इंदिरापुरम स्थित घर पहुंची थी। लेकिन इस दौरान उत्तर प्रदेश के नोएडा जिले की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। अग्रवाल ने कहा, नोएडा पुलिस ने रोहित को जमानत पर रिहा किया है, उन्हें रायपुर पुलिस को सूचित करना चाहिए था। क्योंकि पुलिस दल रोहित के संबंध में जानकारी लेने मंगलवार को सेक्टर-20 पुलिस थाने गया था। उन्होंने हमें उसके बारे में कुछ नहीं बताया और मंगलवार की देर शाम एक प्रेस नोट जारी कर कहा कि वह जमानत पर रिहा हैं।

भारतीय जनता पार्टी शासित उत्तर प्रदेश की गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया, आज दिनांक पांच जुलाई को थाना सेक्टर-20 में पंजीकृत मामले की विवेचना के क्रम में जी न्यूज के समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन को पूछताछ के लिए उनके आवास न्यू स्कोटिस सोसाइटी, अहिंसा खंड, इंदिरापुरम से नोएडा लाया गया। पूछताछ के बाद साक्ष्यों के आधार पर उनकी गिरफ्तारी की गई। उनके ऊपर लगी धाराओं के जमानतीय अपराध होने के चलते उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है। विवेचनात्मक कार्वाई प्रचलित है। अग्रवाल ने बताया कि कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की शिकायत पर रायपुर जिले के सिविल लाइंस थाने में रविवार को रंजन और अन्य के खिलाफ विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि यादव ने शिकायत में कहा है कि जी न्यूज चैनल के द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के वायनाड में सांसद कार्यालय पर हमले और तोडफोड पर दिए गए वक्तव्य को आपराधिक आशय और मनगढ़ंत तरीके से संपादित कर उदयपुर की घटना से जोड़कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता को खंडित कर देश में आतंकवाद फैलाने के उद्देश्य से प्रसारित किया गया है।

शिकायत के मुताबिक, इससे कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और आम नागरिकों में भारी आक्रोश और तनाव व्याप्त है। वहीं इससे हिंदू और मुस्लिम समुदाय के मध्य घृणा और वैमनस्यता की भावना पैदा होकर सांप्रदायिक तनाव और लोक शांति को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विधायक की शिकायत के बाद पुलिस ने जी ग्रुप के चेयरमैन और निदेशक, जी न्यूज चैनल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रसारित कार्यक्रम के निर्माता तथा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद रायपुर पुलिस का एक दल विधानसभा क्षेत्र के शहर पुलिस अधीक्षक उद्यन बेहार के नेतृत्व में रंजन के घर पहुंचा था लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

रायपुर जिले की पुलिस ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस पर रंजन की गिरफ्तारी के दौरान गिरफ्तारी की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप लगाया था। रंजन ने अपने टीवी कार्यक्रम में गांधी के बयान को गलत संदर्भ में उदयपुर हत्याकांड से गलती से जोड़कर दिखाने के लिए दो जुलाई को माफी मांगी थी। रंजन ने ट्वीट किया था, हमारे शो डीएनए में राहुल गांधी का बयान उदयपुर की घटना से जोड़कर गलत संदर्भ में चल गया था।

यह एक मानवीय भूल थी, जिसके लिए हमारी टीम क्षमा प्रार्थी है। हम इसके लिए खेद जताते हैं। भाजपा नेताओं समेत कई लोगों ने गलत संदर्भ में दिखाए गए इस वीडियो का इस्तेमाल राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल की नृशंस हत्या की घटना के मद्देनजर गांधी और कांग्रेस पर हमला करने के लिए किया था। राहुल गांधी का वीडियो गलत संदर्भ में दिखाने के मामले में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में तीन सांसदों और एक विधायक समेत पांच भाजपा नेताओं के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# रूसी हमले से यूक्रेन में 12 की मौत, 25 घायल

एपी। कीव

**रूस** द्वारा की गई बमबारी के कारण पिछले 24 घंटे के दौरान यूक्रेन में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूस ने हाल में इस क्षेत्र में हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि रूसी बलों ने दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में शहरों और गांवों को निशाना बनाया है, जिससे सबसे अधिक जानमाल की हानि पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में हुई है। दोनेत्स्क के गवर्नर पाव्लो किरिलेंको ने बुधवार सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि रूसी हमले में अलग-अलग इलाकों में कुल पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, हर अपराध के लिए सजा दी जाएगी।

किरिलेंको ने मंगलवार को प्रांत के 3,50,000 से अधिक निवासियों की जान बचाने के लिए दोनेत्स्क छोड़ देने का आग्रह किया था। उल्लेखनीय है कि दोनेत्स्क, डोनबास का हिस्सा है और इस औद्योगिक क्षेत्र में अधिकतर लोग रूसी भाषा बोलने वाले हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को यूक्रेन के एक और प्रांत लुहांस्क पर पूर्ण नियंत्रण का दावा किया था। वहीं, लुहांस्क के गवर्नर सेरही हैदाई ने बुधवार को इस दावे का खंडन किया कि रूसी बलों ने प्रांत पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया है। उन्होंने कहा, रूस को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। हालांकि, रूसी बल लुहांस्क प्रांत पर पूर्ण नियंत्रण हासिल नहीं कर सके हैं।



खारकीव के गवर्नर ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि रूसी बलों ने मंगलवार रात को खारकीव पर मिसाइल दागीं। उन्होंने कहा कि शहर के तीन जिलों को निशाना बनाया गया और इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक बच्चे समेत तीन लोग घायल हुए। इस बीच, दोनेत्स्क में अलगाववादी समर्थक अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान यूक्रेन द्वारा की गई बमबारी के चलते चार लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए।

## यूरोपीय संघ को बंद हो सकती है रूस से होने वाले गैस आपूर्ति

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने बुधवार को कहा कि 27 देशों वाले यूरोपीय संघ को यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के चलते रूस से प्राप्त होने वाली गैस की आपूर्ति पूरी तरह बंद होने के लिए तैयार रहना चाहिए। ईयू ने पहले से ही रूस पर, ऊर्जा आपूर्ति समेत कई प्रतिबंध लगाए हैं और वह क्रेमलिन नियंत्रित वस्तुओं की आपूर्ति से खुद को दूर कर रहा है लेकिन वॉन डेर लेयन ने कहा कि संगठन के सदस्य देशों को मास्को से झटके के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में ईयू विधायिका में कहा, हमें गैस की आपूर्ति रुकने की तैयारी अभी करनी चाहिए। रूस से प्राप्त होने वाली गैस की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो सकती है।

## जिहादियों ने जेल पर किया हमला, करीब 600 कैदी भागे

**अबुजा।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में जेल पर जिहादियों ने हमला कर दिया, जिसके बाद करीब 600 कैदी भाग गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस घटना के लिए इस्लामी चरमपंथी विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया है। अधिकारियों ने बताया कि जेल से भागे करीब 300 कैदियों को पकड़ लिया गया है। नाइजीरिया के गृह मंत्रालय के स्थाई सचिव शुऐब बेलगोर के मुताबिक विद्रोहियों ने मंगलवार रात को अबुजा में कुजे जेल पर हमला कर ड्यूटी पर मौजूद एक सुरक्षा प्रहरी की हत्या कर दी। अबुजा के कुजे इलाके में रात करीब 10 बजे गोली चलने की आवाज सुनी गई। हमलावरों ने विस्फोट कर जेल में घुसने के लिए रास्ता बनाया। जेल पर हमला करने वाले इस्लामी चरमपंथी देश के उत्तर-पूर्व हिस्से में एक दशक से अधिक समय से चरमपंथी गतिविधियों में संलिप्त हैं। बेलगोर ने कहा, हमारा मानना है कि वे बोको हराम हैं।

## बलूचिस्तान प्रांत में बारिश के बाद आयी बाढ़ से 25 लोगों की मौत

भाषा। कराची

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को मूसलाधार बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ के कारण एक ही परिवार की छह महिलाओं सहित कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद अधिकारियों को क्वेटा जिले में आपात स्थिति की घोषणा करनी पड़ी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के महानिदेशक नसीर अहमद नासर ने कहा कि सभी मौतें बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण हुईं। उन्होंने कहा, मूसलाधार बारिश में कई लोगों के घायल होने की घटनाएं भी हुई हैं। पीडीएमए के अनुसार, इस बात की आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि बलूचिस्तान प्रांत के दूरदराज के इलाकों में अचानक आई बाढ़ के कारण कई लोग अभी भी लापता हैं।

नासर ने कहा कि क्वेटा जिले में 300 से अधिक कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि जान गंवाने वालों में क्वेटा में एक ही परिवार की छह महिलाएं शामिल हैं। बारिश और तेज हवाओं के कारण उनके अस्थाई घर की दीवार गिरने से उनकी मौत हो गई। डॉन अखबार ने अपनी खबर में परिवार के हवाले से कहा कि दो घायल महिलाओं की मौत इसलिए हुई क्योंकि उन्हें अस्पताल ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। क्वेटा के बाहरी इलाके में मकान ढहने से तीन महिलाओं और चार बच्चों की भी मौत हो गई। बलूचिस्तान सरकार ने क्वेटा जिले में आपातकाल घोषित कर दिया है। बलूचिस्तान प्रांत के कई जिलों में पिछले 24 घंटों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा में गहरे तालाब में डूबने के कारण जान गंवाने वालीं दो लड़कियों के शव मंगलवार रात भोसा मंडी इलाके से बरामद किए गए।

## माली में संयुक्त राष्ट्र के दो शांतिरक्षकों की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** मध्य माली में मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के एक बख्तरबंद वाहन के एक बारूदी सुरंग की चपेट में आने से मिस्र के दो शांतिरक्षकों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र मिशन को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि 2022 के पहले छह महीने में माली में संयुक्त राष्ट्र के 10 शांतिरक्षक मारे गए हैं। उन्होंने कहा बताया कि मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र का एक बख्तरबंद वाहन सहारा के उत्तर-मध्य नखलिस्तान शहर टेसालिट से मध्य शहर गाओ जा रहा था, तभी रास्ते में वह बारूदी सुरंग की चपेट में आ गया। दुजारिक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने तुरंत अतिरिक्त बल को मदद के लिए मौके पर भेजा और घायलों को वहां से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने हमले की कड़ी निंदा की, जिसे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध भी माना जा सकता है।

## आगा खां संग्रहालय ने हटाई वृत्तचित्र काली की प्रस्तुति, हिंदुओं के आहत होने पर खेद जताया

भाषा। टोरंटो

**आगा खान** संग्रहालय ने कहा है कि वह हिंदू समुदाय की भावनाओं के आहत होने पर गहरा खेदै व्यक्त करता है और उसने विवादित फिल्म की सभी आपत्तिजनक सामग्री हटाने के भारतीय मिशन के आग्रह के बाद वृत्तचित्र काली की प्रस्तुति को हटा दिया है। टोरंटो निवासी फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई ने शनिवार को ट्विटर पर अपने वृत्तचित्र काली का पोस्टर साझा किया था, जिसमें देवी काली को धूम्रपान करते और हाथ में एलजीबीटीक्यू का झंडा पकड़े दर्शाया गया था। इस पोस्टर के बाद हैशटैग अरेस्ट लीना मणिमेकलई के साथ सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। आरोप लगाया गया कि फिल्म निर्माता ने धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। गौ महासभा नाम के एक समूह के एक सदस्य ने कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

ट्विटर पर मचे हंगामे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, संग्रहालय ने एक बयान में कहा कि उसे गहरा खेद है कि अनजाने में हिंदू और अन्य धार्मिक समुदायों के सदस्यों की भावनाओं को ठेस पहुंची। मंगलवार को बयान में कहा गया, टोरंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी विविध जातीय और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के छात्रों के कार्यों को एक साथ लेकर आई, प्रत्एक छात्र अंडर द टेंट परियोजना के लिए कनाडाई बहुसंस्कृतिवाद के हिस्से के रूप में अपनी व्यक्तिगत भावना तलाश कर रहा है। संग्रहालय ने कहा, टोरंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी की परियोजना प्रस्तुति आगा खान संग्रहालय में दो जुलाई, 2022 को संग्रहालय के मिशन के संदर्भ में कला के माध्यम से अंतर-सांस्कृतिक समझ और संवाद को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। विविध धार्मिक अभिव्यक्तियों और आस्था समुदायों का सम्मान उस मिशन का एक अभिन्न अंग है तथा प्रस्तुति अब संग्रहालय में नहीं दिखाई जा रही है। इसमें कहा गया है, संग्रहालय को गहरा खेद है कि अंडर द टेंट के 18 लघु वीडियो में से एक और इसके साथ सोशल मीडिया पोस्ट ने अनजाने में हिंदू और अन्य धार्मिक समुदायों के सदस्यों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। संग्रहालय की प्रतिक्रिया ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा सोमवार को यह कहे जाने के बाद आई कि उसे कनाडा में हिंदू समुदाय के नेताओं से शिकायत मिली है कि टोरंटो में आगा खान संग्रहालय में अंडर द टेंट परियोजना के तहत फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी-देवताओं का अपमानजनक चित्रणै किया गया है।

## ब्रिटेन के पीएम ने नए वित्त मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की नियुक्ति की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शिक्षा मंत्री दिम जहावी को नया वित्त मंत्री नियुक्त किया और साथ ही घोषणा की कि स्टीव बार्कले देश के नए स्वास्थ्य मंत्री होंगे। जॉनसन सरकार को बड़ा एक बड़ा झटका देते हुए वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जावेद ने मंगलवार को अपने-अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है और वे घोटालों में घिरी सरकार के लिए काम नहीं कर सकते। पाकिस्तानी मूल के ब्रिटेन के नागरिक साजिद जाविद और भारतवंशी ब्रिटिश मंत्री सुनक ने मंगलवार को कुछ ही मिनट के अंतराल पर ट्विटर पर अपना इस्तीफा साझा किया। दोनों मंत्रियों ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब हाल ही में एक पूर्व नौकरशाह ने निलंबित सांसद क्रिस पिंचर के खिलाफ आरोपों से निपटने के डाउनिंग स्ट्रीट के तरीके को लेकर टिप्पणी की थी, जिससे विवाद खड़ा हो गया था।

## लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम को यूएनएमआईएसएस का नया फोर्स कमांडर नियुक्त किया गुतारेस ने

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम को दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनएमआईएसएस) का अपना नया फोर्स कमांडर नियुक्त किया है। वह भारतीय सेना से ही नाता रखने वाले लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनाइकर की जगह लेंगे। एजेंसी से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया, यूएनएमआईएसएस फोर्स कमांडर के रूप में उनके (तिनाइकर के) अथक समर्पण, अमूल्य सेवा और प्रभावी नेतृत्व के लिए महासचिव उनके आभारी हैं। लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनाइकर को गुतारेस ने मई 2019 में यूएनएमआईएसएस का फोर्स कमांडर नियुक्त किया था। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम ने 36 वर्ष तक भारतीय सेना में सेवाएं दीं। हाल ही में, उन्होंने मध्य भारत में मिलिट्री रीज़न (ऑपरेशनल एंड लॉजिस्टिक रेडीनेस ज़ोन) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इससे पहले, उन्होंने 2019 से 2021 तक रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय में खरीद एवं उपकरण प्रबंधन के लिए अतिरिक्त महानिदेशक और 2018 से 2019 तक स्ट्राइक इन्फेंट्री डिवीज़न में डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया। 2015 से 2016 तक इन्फेंट्री डिवीज़न के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग और 2013 से 2014 तक माउंटेन ब्रिगेड के कमांडर के रूप में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने 2008 से 2012 के बीच वियतनाम, लाओस और कंबोडिया में भारत के रक्षा प्रभारी के रूप में और 2000 में सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ एक स्टाफ ऑफिसर के रूप में कार्य किया था। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम के पास रक्षा एवं प्रबंधन अध्ययन और सामाजिक विज्ञान में मास्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री है। गौरतलब है कि भारत, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सबसे अधिक योगदान देने वाले देशों में से एक है।

## जीएसटी नियमों में प्रक्रियागत बदलाव अधिसूचित गलत तरीके से आईटीसी लेने पर लगेगा ब्याज

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के नियमों में कुछ प्रक्रियागत बदलाव किए हैं। इसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट का गलत तरीके से उपयोग पर ब्याज लगाना और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए सालाना रिटर्न भरने को लेकर कारोबार की सीमा बढ़ाना शामिल हैं। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह बैठक में इन बदलावों पर विचार-विमर्श किया था। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने जो संशोधन अधिसूचित किए हैं, उनके अनुसार कंपनियों को आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) जैसी भुगतान प्रणाली के जरिए जीएसटीएन पोर्टल पर कर भुगतान करने की अनुमति दी गई है।

नए नियमों के मुताबिक, 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में जिन इकाइयों का सालाना कारोबार दो करोड़ रुपए तक है उन्हें 2021-22 के लिए वार्षिक रिटर्न भरने से छूट दी गई है। संशोधन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने पर ब्याज तभी लगेगा जब प्राप्त राशि का उपयोग किया गया है। वित्त विधेयक में गलत तरीके से आईटीसी लेने और उसके उपयोग पर ब्याज वसूलने का प्रावधान किया गया था। प्रावधान पांच जुलाई से अमल में आएगा और पूर्व तिथि एक जुलाई, 2017 यानी जीएसटी लागू होने के दिन यह क्रियान्वित होगा। डेलॉयट इंडिया के भागीदार महेश जय सिंह (अप्रत्यक्ष कर मामलों के प्रमुख) ने कहा कि अधिसूचना के तहत धारा 50 (3) में पिछली तिथि से संशोधन किया गया। इसके जरिए स्पष्ट किया गया है कि गलत तरीके से आईटीसी लेने पर ब्याज तभी लगेगा, जब प्राप्त राशि का उपयोग हुआ हो।

केपीएमजी इंडिया के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर प्रमुख) अभिषेक जैन ने कहा कि इन बदलावों से छोटे कारोबारियों को अनुपालन में मदद मिलेगी। इसके अलावा दो करोड़ रुपए से कम के कारोबार वाले करदाताओं का बोझ भी कम होगा।

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स में वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि जो अन्य महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं उनमें वित्त वर्ष 2017-18 के ऑर्डर जारी करने के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 73 (कर का निर्धारण) के तहत दी गई समयसीमा में विस्तार भी शामिल है। अब यह समयसीमा 30 सितंबर, 2023 है। हालांकि किसी अन्य वित्त वर्ष के लिए समयसीमा नहीं बढ़ाई गई है। इन बदलावों को जीएसटी परिषद ने 28-29 जून को हुई बैठक में मंजूरी दी थी।

## ओपेक के महासचिव मोहम्मद बरकिंडों का निधन

**अबुजा।** पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के महासचिव मोहम्मद बरकिंडो का निधन हो गया है। नाइजीरियाई अधिकारियों ने बुधवार को इसकी घोषणा की। नाइजीरिया के पेट्रोलियम मंत्रालय के प्रवक्ता ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि ओपेक के महासचिव बरकिंडो का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। वियना स्थित ओपेक ने उनके निधन पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। नाइजीरिया की नेशनल पेट्रोलियम कंपनी लि. के प्रबंध निदेशक मेले क्यारी ने बरकिंडो की मौत की खबर को ट्वीट किया। उन्होंने कहा, बरकिंडो की मृत्यु उनके परिवार, सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएनपीसी, हमारे देश नाइजीरिया, ओपेक और वैश्विक ऊर्जा समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है। नाइजीरिया के बरकिंडो अगस्त, 2016 से कच्चे तेल के ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे थे।

## बाजार के प्रतिस्पर्धी बनने तक न्यूनतम समर्थन मूल्य जरूरी: नीति आयोग सदस्य

भाषा। नई दिल्ली

**नीति** आयोग के सदस्य रमेश चंद ने बुधवार को कहा कि कृषि फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था तब तक जारी रहना चाहिए जब तक कि बाजार प्रतिस्पर्धी और कुशल न हो जाए, लेकिन इसे खरीद के अलावा अन्य किसी माध्यम से दिया जाना चाहिए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और इक्रियर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कृषि बाजारों को दुरुस्त करना विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए - चंद ने कहा, किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) देने का एक उपाय मूल्य अंतर का भुगतान पेमेंट (डीपीपी) है। लेकिन उन्होंने आगाह किया कि एक बार क्रियान्वयन में आने के बाद डीपीपी को बंद नहीं किया जा सकता। डीपीपी में चुनिंदा फसलों पर किसानों को एमएसपी और संबंधित फसल के बाजार मूल्य के अंतर का भुगतान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि डीपीपी को मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में लागू किया गया है। एमएसपी न्यूनतम मूल्य है जिसपर सरकार खरीद करती है। एमएसपी का निर्धारण 22-23 फसलों के लिए किया जाता है। चावल और गेहूं बड़े पैमाने पर सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसलें हैं। उन्होंने कहा, कुछ मामलों में कीमतों में उतार-चढ़ाव और बाजार में इसकी बहुतायत होने की स्थिति में एमएसपी उचित होता है। मुझे लगता है कि महत्वपूर्ण यह है कि हम किसानों को एमएसपी कैसे देते हैं। ... एमएसपी तबतक होना चाहिए जबतक बाजार प्रतिस्पर्धी और कुशल नहीं हैं। लेकिन एमएसपी खरीद के अलावा अन्य माध्यमों से दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एमएसपी को डीपीपी पद्धति के माध्यम से दिया जा सकता है लेकिन इसे लागू करने के बाद इसे रोका नहीं जा सकता है। चंद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसपर विस्तृत प्रस्तुति दी है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया है कि खुले बाजार मूल्य और एमएसपी के बीच का अंतर लगभग 12-15 प्रतिशत का होता है। उन्होंने कहा कि एमएसपी को डीपीपी पद्धति के माध्यम से दिया जा सकता है लेकिन इसे लागू करने के बाद इसे रोका नहीं जा सकता है। चंद ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसपर विस्तृत प्रस्तुति दी है।नीति आयोग के सदस्य ने यह भी कहा कि कृषि के संबद्ध क्षेत्र मत्स्य, डेयरी और पशुपालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम है। ए क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में मत्स्य पालन में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई है। इसी तरह डेयरी और पशुधन क्षेत्र ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कृषि फसलों में गैर-एमएसपी फसलें और बागवानी फसलें दूसरों की तुलना में बहुत तेजी से बढ़ी हैं।

उन्होंने कहा, इसे देखते हुए भविष्य में जो संभावना बनती दिख रही है, वह सरकारी फसलें (एमएसपी-निर्धारित फसलें) बनाम बाजारी (वाणिज्यिक) फसलों की होगी। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट बाजारी फसलों में नवाचार व खोजों में रुचि दिखा रहे हैं। एमएसपी देने की डीपीपी पद्धति पर चंद के विचार का विरोध करते हुए पूर्व कृषि सचिव आशीष बहुगुणा ने कहा, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि खुले बाजार मूल्य और एमएसपी के बीच 15-20 प्रतिशत का अंतर है। आपने खेत पर कीमतों को ध्यान में नहीं रखा है। एमएसपी समाधान नहीं हो सकता।

## वित्त मंत्रालय ने कच्चे कपास के आयात पर शुल्क छूट की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कच्चे कपास के आयात पर सीमा शुल्क की छूट को 31 अक्टूबर तक एक महीने के लिए बढ़ा दिया है। मंत्रालय ने 14 अप्रैल को घरेलू बाजार में कपास की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इसके आयात पर 30 सितंबर, 2022 तक आयात शुल्क और कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) की छूट दी थी। मंत्रालय ने चार जुलाई की अधिसूचना में इसे 31 अक्टूबर, 2022 तक बढ़ा दिया है। कपास और सूती धागे की कीमतों में तेजी के बीच कपड़ा मंत्रालय शुल्क माफी को सितंबर से आगे बढ़ाने पर जोर दे रहा था। उद्योग जगत भी कपास के शुल्क मुक्त आयात की समयसीमा के विस्तार की मांग कर रहा था। 14 अप्रैल से पहले कच्चे कपास के आयात पर पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच प्रतिशत एआईडीसी शुल्क लगता था। शुल्क में छूट से वस्त्र श्रृंखला- धागे, कपड़े, परिधान और तैयार वस्त्र- को फायदा होगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। कपास की कीमतें फरवरी, 2021 के 44,500 रुपए प्रति कैंडी से बढ़कर मार्च, 2022 में 90,000 रुपए प्रति कैंडी हो गई हैं। प्रत्एक कैंडी का वजन 356 किलोग्राम होता है।

**PUBLIC NOTICE**

**Reg: Plot No. 209, Phase-I, Sector-6, IMT Manesar**

Plot No. 209, Phase-I, Sector-6, IMT Manesar measuring 1012.50 sq. meter was allotted by the Corporation to Sh. Chaman Lal Chauhan, Prop. M/s. Champion Engg. Works vide Regular Letter of Allotment dated 09.03.2001. The Corporation has been informed that the original allottee Sh. Chaman Lal Chauhan S/o. Sh. late Sh. Dhanpat Rai had expired on 22.01.2018. The only legal heir of the deceased allottee, Sh. Manoj Chauhan S/o. late Sh. Chaman Lal Chauhan R/o. D-9, Naraina Vihar, Delhi-28 has approached the Corporation for transfer of the plot in question in his favour.

The Corporation is in process of considering their request & transferring the said plot in the name of Sh. Manoj Chauhan S/o. late Sh. Chaman Lal Chauhan. Through this public notice it is here by informed that in case, any of the legal heirs of late Sh. Chaman Lal Chauhan or any other person having reservation/ objection to the said transfer may file his/ her objection in writing before the undersigned or" HoD (Estate), HSIIDC Limited, C-13-14, Sector-6, Panchkula, Haryana along with an affidavit within a period of 30-days from the date of publication of this notice. In case no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that no one has any objection to transfer of the said plot in the name of Sh. Manoj Chauhan S/o. late Sh. Chaman Lal Chauhan and the Corporation shall go ahead with transfer of plot in his favour.

Estate Manager
For and behalf of
Haryana State Industrial and
Infrastructure Dev. Corpn. Ltd.
HSIIDC, IMT Manesar, District -Gurugram

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **"भारतीय प्रवासी जनता पार्टी"** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रास्तावित हैं पार्टी कार्यालय 407, डीएलएफ सेंटर प्वाइंट, मेन मथुरा रोड, मैट्रो पिलर नंबर 845, सेक्टर-11 फरीदाबाद, दिल्ली एनसीआर- 121006 पर स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम / पता नीचे दिए गए हैः-

1. सभापति / अध्यक्ष : डा० अजय तिवारी
2. महासचिव / सचिव : सपना तिवारी
3. कोषाध्यक्ष : संतोष तिवारी

पता :- जे-86, डीएलएफ, सेक्टर-10, फरीदाबाद-121006

यदि किसी को **"भारतीय प्रवासी जनता पार्टी"** के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SHRI SURESH CHAND GAUTAM S/O LATE GAURI SHANKAR GAUTAM R/O C-2/326, GALI NO.4, 2ND PUSTA, SONIA VIHAR, DELHI-110094, is the mutatee/owner of PROPERTY BEARING INDUSTRIAL PLOT NO.17, BLOCK-B, AREA MEASURING 1625 SQ. YRDS., IN THE LAYOUT PLAN OF LAWRENCE ROAD INDUSTRIAL AREA, DELHI,** have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. **Original PERPETUAL LEASE DEED, C and D FORMS, SANCTION PLAN, DEMAND LETTER, POSSESSION LETTER AND OTHER RELATED DOCUMENTS** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (**LR No.558084/2022** dated **04.07.2022.** Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. **9210746762** within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Industrial), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal** (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby brought to the notice of public at large that First page of Original Registered sale deed dated 03.07.2013 executed by Shri Pushpendra Yadav S/o Shri Ram Niwas Yadav in favour of Smt. Saroj Lata W/o Ved Prakas related to Plot No. 06, part of Khasra-1323, admeasuring 90 Sq Yards, situated at Village-Shahpur Bambahta, Pargna-Dasna, Tehsil & District-Ghaziabad has been lost and not in possession of Present owner Smt. Ram Lali of the aforesaid Property. The Public at large is hereby informed that Smt. Ram Lali is in possession of all other original title documents of the Property except the aforesaid original first page of sale deed & lodged online police complaint/FIR vide No. 546501/2022 dated 30/06/2022 as well as publishing this notice in this regard. Any person (other than owner), who comes in knowledge or possession of aforementioned First page of Original Registered sale deed dated 03.07.2013, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address.Any person or authority dealing with the deed and / or the aforesaid Property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid Plot No. 06, part of Khasra-1323, admeasuring 90 Sq. Yards, situated at Village-Shahpur Bambahta, Pargna-Dasna, Tehsil & District-Ghaziabad, on the basis of said First page of Original Registered sale deed dated 03.07.2013 or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of publication of this Notice. **Smt. Saroj Lata**
House No. 82, Basant Gaon,
Vasant Vihar New Delhi-110057

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़**

निविदा सूचना संख्या : 1166/निविदा/115 — **ई-निविदा सूचना** — दिनांक : 05.07.2022

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का नामः**- 1. धारचूला देहात पे0यो0
2. **ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथिः**- 06.07.2022 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. **निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथिः**- 19.07.2022 अपरान्ह 5:00 बजे।

**निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।**

**अधिशासी अभियन्ता**

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Rajjo Sharma W/o. Mr. Ghanshyam Pandey** who is purchasing the Plot No.5B, area measuring 30 Sq. Yds. (25.08 Sq. Mtrs.), falling under Khasra No.259, situated in Prakash Nagar, Khora Colony, Teshil and Distt. Ghaziabad (U.P.); from Mr. Phool Singh who is owner of the aforesaid property vide Notarized General Power of Attorney vide dated 10.10.2008 (in which Plot no. 5B is not mentioned) and same to be finance & mortgage by **Shubham Housing Development Finance Company Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth,
Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

**ESAF SMALL FINANCE BANK**

REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

**GOLD AUCTION NOTICE**

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 08-07-2022 TIME: 2 pm to 4 pm
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://gold.matexnet.org/

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

**BRANCH NAME - LOAN ACCOUNT NUMBER**
**New Delhi-Mayur Vihar**: 63210000780285, 781303,
**New Delhi-Karol Bagh**: 63210000788731, 780405, 799180, 814673

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.

Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 06/07/2022
Sd/-
Authorized Signatory

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Vivek Thakur is the absolute owner of Plot No. B-4/1-B, area measuring 50 Sq. Yds. situated in the abadi of Jitar Nagar, Parvna Road, Delhi vide Sale Deed dated 25/5/1971, whereas he has lost the following Document pertain to the said property:-

Sale Deed dated 25-03-1971 duly registered as Document No.8200, in Addl. Book No. 1, Vol. No. 379, on pages from 3 to 4, registered on dated 13-05-1971, before the office of Sub-Registrar-IV, Delhi in favour of Shri Dhani Ram read with FIR dated 5/6/2022

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II,
Delhi-91, Mob. 9810063351

fanatically for you agranté — KAVYAM

**"KAVYAM" - AFFORDABLE HOUSING PROJECT**

Advertisement is invited to inform general public at large regarding cancellation of units of already allotted customers through the 1st draw of lots dated 24.06.2019, due to non-payment despite several reminders, in the Residential Apartments in the Affordable Group Housing Project Kavyam is being developed by Agrante Realty Ltd Sector-108, Gurugram, Haryana, as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof (details available at the Department website, i.e. www. tcpharyana.gov.in).

| S.No. | Application No. | TYPE | Unit No. | Applicant Name | Co-Applicant Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2047 | Type-1 | TA1-1003 | Ashwani Kumar | N/A |

It is to inform to all above allottees that it is last & final opportunity to restore the allotment after making the all dues till date within seven working days, otherwise it shall be considered as cancelled and the same shall be allotted to the aspiring applicants under the applicable provisions of policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & amendments thereof.

**Office address: Agrante Realty Ltd Unit No. 122 Suncity Trade Tower, Sector-21, Gurgaon-122016**
**CIN: U70101DL2013PLC248731**
**Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 0124-4769500-599, 8800499383, 8800499674**

# ये है सचिवों के तबादले की सच्चाई!

**बस्ती।** कोई साल ऐसा नहीं जाता जब सेक्रेटरियों के तबादले के मामले में विवाद न हुआ हो। ऐसा लगता है, कि अधिकारी तबादले को विवादरहित बनाना नहीं चाहते। भले ही सरकार तबादले वाली नीति को पारदर्शी बनाना चाहती है, मगर स्थानीय स्तर पर सरकार की नीति सफल नहीं हो पा रही है। इसके पीछे पारदर्शी व्यवस्था का न होना और जनप्रतिनिधियों की दखंदाजी का होना सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है। पिछले साल भी मानक से अधिक मनमाने तरीके से तबादले किए गए थे, और इस साल भी ऐसा हुआ, पिछले साल तो डीएम ने तबादले को स्थगित कर दिया था, इस बार देखना है, कि क्या होता है। मानक से अधिक तबादला करने की बात को समझ में नहीं आ रहा हैं, जबकि स्पष्ट आदेश है, और अधिकारी भी यही कहते हैं, कि 10 फीसद से अधिक लोगों का तबादला नहीं होगा, और दस फीसद में उन्हीं को पहले लिया जाएगा, जो तीन साल से अधिक तैनात रहें। तो फिर क्यों और किस कारण से मानक से अधिक तबादले किए जाते हैं, और क्यों ऐसे सेक्रेटरियों का तबादला नहीं किया जो एक ही ब्लॉक में गणेश परिक्रमाकर 20 से 22 साल तक जमे हुए हैं? और क्यों ऐसे का तबादला कर दिया जाता है, जिसको दूसरे मंडल से आए अभी पांच माह भी नहीं बीता। इसे लेकर काफी प्रतिकियाएं हो रही है, और तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे है। भाजपा



●मुख्यमंत्री तक से की गई मनमानी की शिकायत, अधिकतर सचिवों ने जताया रोष●सेक्रेट्रियों के तबादले में जमकर हुई मनमानी, 20 साल से जमे हैं, हटे नहीं और पांच माह वाले का हो गया ट्रांसफर●दस फीसद मानक से अधिक तबादला करने का लगा आरोप●तबादले में बीडीओ ब्लॉक प्रमुखों और प्रधानों के हितों का रखा गया खास ख्याल

नेता चंद्रेष प्रताप सिंह ने आरोप लगाते हुए सीएम को पत्र लिखा हैं, कि सेक्रेटरियों के तबादले में मनमानी की गई, जिसे चाहा उसका कर दिया, और जिसे नहीं उसे छूआ तक नहीं, भले ही चाहें वह 20-22 साल एक ही ब्लॉक पर रहा हो।सबसे अधिक चर्चा का विषय अयोध्या मंडल से तबादला होकर आए और कुदरहा ब्लॉक में कार्यरत् प्रभारी एडीओ एवं सेक्रेटरी राजेष कुमार पांडेय और इसी ब्लॉक के सत्येंद्र चौधरी, सल्टौआ के चर्चित महेंद्र यादव, विक्रमजोत में तैनात शैलेद्र त्रिपाठी, रणविजय सिंह, रामनगर में तैनात मंजू सिंह, रुधौली में तैनाम राजबहादुर चौधरी, पंकज सिंह, राम दरष और अवधेष कुमार राव का नाम शामिल है। इनमें सबसे अधिक कुदरहा ब्लॉक के प्रभारी एडीओ एवं सेक्रेटरी राजेश कुमार पांडेय का रहा है। इन्हें आए हुए मा् पांच माह भी नहीं बीता होगा कि इनका तबादला कर दिया गया, यह अभी ब्लॉक और अपने गांव को पूरी तरह समझ भी नहीं पाए थे, कि इनके हाथ में 'लवलेटर' थमा दिया गया। वहीं पर कई दागी जो गणेष परिक्रमा करके सालों से जमे हुएं हैं, उन्हें छुआ तक नहीं गया। इस तबादले के बाद एक रोचक मामला सामने आया। रुधौली ब्लॉक में तैनात आरबी चौधरी के बारे में है। बता दे कि प्रदेष के षायद यह पहले सेक्रेटरी होगें, तो इसी ब्लॉक में दो साल तक बीडीओ के पद पर रहे। इनका डिमोषन हुआ। बताया जाता है, कि 2010 या फिर 2011 में यह बीडीओ रहे। तभी से यह कभी बीडीओ तो कभी सेक्रेट्री बनकर नौकरी कर रहे हैं। दूसरा चर्चित नाम सल्टौआ ब्लॉक के महेंद्र यादव का है। यह वही सेंक्रेटरी हैं, जिनपर लगभग षौचालय का लगभग 75 लाख के दुरुपयोग करने का आरोप हैं, और इन्होंने पिछले छह माह से स्पष्टीकरण का जबाव ही नहीं दिया। रामनगर ब्लॉक की मंजू सिंह का नाम भी सामने आ रहा है। यह पिछले आठ-नौ साल से जमी हुई है। अब जरा खेल देखिए। जगब भी किसी चर्चित सेक्रेटरी का मजबूरी में तबादला करना होता है, तो दिखाने के लिए उसका कर दिया जाता है, फिर किसी न किसी बहाने उसकी वापसी दो से तीन माह में हो जाती है। इस तरह के सेक्रेटरी सबको पंसद आते है। इनकी कार्यशैली ऐसी होती है, कि कोई भी प्रमुख इन्हें अपने ब्लॉक से जाने देना नहीं चाहते। अब जरा तबादले के मानक पर नजर डाल दीजिए। देखा जाए तो ग्राम पंचायत अधिकारियों का मुस्किल से 10 फीसद के मानक के अनुसार नौ सेक्रेटरियों का तबादला होना चाहिए था, मगर हुआ 19 का। पिछले साल तो 10 फीसद के स्थान पर 33 फीसद तबादला कर दिया गया था, और जाते-जाते डीपीआरओ अपनी जेबें भर कर गए। हांलाकि वर्तमान डीपीआरओ यह मौका ही नहीं मिला और जिस दिन तबादले की सूची बननी थी, और डीएम के पास अनुमादन को जाना था, उसी दिन उनका उस समय रास्ते में गैरजनपद तबादला हो गया, जब वह सूचना आयुक्त के व्यक्तिगत पेषी गए थे, और बस्ती लौट रहे थे।

# हाईकोर्ट ने गोकशी में आपराधिक मामला रद करने से इनकार किया

**भाषा।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने गोकशी के चार आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया है। इन आरोपियों में एक सरकारी अध्यापक, एक मदरसा अध्यापक और दो अन्य लोग शामिल हैं जिनके कब्जे से गाय का मांस और 16 पशु बरामद किए गए। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी पर गौर करने से प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ताओं के खिलाफ संज्ञेय अपराध बनता है, और इस तरह से उनके खिलाफ इस मामले को रद्द करने का कोई मामला नहीं बनता। इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए, 420, 429, 188, 269, 270, 273, गो वध निषेध कानून की धारा 31518 और पशु क्रूरता रोधी कानून की धारा 11 और पर्यावरण संरक्षण कानून की धारा 718 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 29 मई, 2020 को आरोप पत्र दाखिल किया गया और इसका मुकदमा मऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है।

इन चार आरोपियों में से एक आरोपी सरकारी अध्यापक है, जबकि दूसरा आरोपी भी मदरसा दारूल उलूम गौसिया कस्बा सलेमपुर में सहायक अध्यापक है। वहीं तीसरा आरोपी दवा की दुकान चलाता है और चौथा आरोपी हाफिज कुरान है। याचिकाकर्ता के वकील ने सोमवार को अदालत में दलील दी कि फोरेंसिक जांच रिपोर्ट में यह खुलासा नहीं किया गया है कि जो नमूना विश्लेषण के लिए भेजा गया था, वह गाय का था। इसलिए गोकशी निरोधक कानून के तहत कोई मामला नहीं बनता। वहीं राज्य सरकार के वकील ने कहा कि वह एफआईआर एक विस्तृत रिपोर्ट है जिसमें यह उल्लेख है कि 16 जीवित पशुओं के अलावा दो क्विंटल गाय का मांस कथित तौर पर 10 लोगों के पास से बरामद किया गया जिनमें ए याचिकाकर्ता भी शामिल थे। अदालत ने परवेज अहमद और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका खारिज करते हुए कहा, मौजूदा मामले में याचिकाकर्ताओं ने एफएसएल की रिपोर्ट को आधार बनाकर अपना बचाव करने की कोशिश की, लेकिन प्राथमिकी में ना केवल गाय के मांस की बरामदगी का उल्लेख है, बल्कि 16 जीवित पशुओं की बरामदगी का भी उल्लेख है। इसलिए याचिकाकर्ताओं द्वारा बचाव के लिए पेश दलील पर निचली अदालत विचार करेगी।

## हेमा ने कहा-मथुरा को आदर्श शहर बनाने के लिए बुनियादी ढांचा सुधारें



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने बुधवार को अधिकारियों को मथुरा को एक आदर्श शहर बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार करने का निर्देश दिया। स्थानीय सांसद हेमा मालिनी ने यहां आयोजित एक बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, "यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के मन में एक अच्छी छाप बनाने के लिए मथुरा को इंदौर की तरह स्वच्छ बनाएं" कुछ क्षेत्रों का नाम लेते हुए उन्होंने कहा, जलभराव की समस्या और पानी की कमी की समस्या से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए "हर घर के नल में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें" यातायात की भीड़ को दूर करने के लिए, मथुरा की सांसद ने नगर निगम के अधिकारियों को मथुरा और वृंदावन के प्रसिद्ध मंदिरों के पास विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और सिटी मजिस्ट्रेट को शहर के क्षेत्रों, विशेष रूप से प्रसिद्ध मंदिरों को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश दिए।

## अग्निपथ योजना युवाओं के साथ धोखाः जयंत चौधरी

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने अग्निपथ योजना को युवाओं के साथ धोखा करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों से मिली हार का बदला अब उनके बच्चों से ले रही है। बुधवार को शाहनगर गांव में अग्निपथ योजना और बेरोजगारी के विरोध में आयोजित युवा पंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को चार साल के लिए भर्ती दी जा रही है और चार साल बाद वे फिर से बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा, यह सोचकर कोई सेना में भर्ती नहीं होता कि उसे क्या मिलेगा,यह सोचकर भर्ती होता है कि मैं देश के लिए क्या कर सकता हूं,देश को क्या दे सकता हूं। देशप्रेम के लिए लोग फौज में जाते हैं। सेना,सेना होती है,इसे नए नए नाम क्यों दे रहे हो,यह कोई सिनेमा नहीं है।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए नौकरी कर रहीं नौ शिक्षिकाएं बर्खास्त

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वाली नौ शिक्षिकाओं को बर्खास्त कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को बताया कि 16 अक्टूबर 2020 को मीरा देवी, सीमा देवी, कंचन और निधि सिंह समेत नौ शिक्षिकाओं की नियुक्ति टीईटी के दस्तावेजों के आधार पर हुई थी। ऑनलाइन सत्यापन में दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर उनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने बताया कि सत्यापन में दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर सभी नौ शिक्षिकाओं को बर्खास्त कर ब्लाक के संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है।

**घर में सो रही किशोरी की गोली मारकर हत्या:**सम्भल। बुधवार को घर में सो रही 14 साल की एक लड़की की कथित तौर पर गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि रजपुरा थाना क्षेत्र के रानीगंज गांव में तड़के करीब तीन बजे लोकेश कुमार की बेटी (14) की घर में सोते समय गोली मार कर हत्या कर दी गई।

## विद्यालय में शराब पीने वाला अध्यापक निलंबित

**गोंडा।** सोशल मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश बीएसए को दिये हैं। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी के आदेशानुसार तत्काल प्रभाव से संबंधित अध्यापक को निलंबित कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त वीडियों में स्पष्ट रूप से देखा गया कि नगेन्द्र प्रताप सिंह प्रण्अण् प्राथमिक विद्यालय सोहास करमोहनी विकास खण्ड मुजेहना द्वारा एक अन्य व्यक्ति के साथ विद्यालय में खुलेआम बैठकर शराब पी रहा है। इसके दृष्टिगत प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर निम्न आरोपों में एतदद्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। यह भी बताया कि निलम्बन अवधि में उनको प्राथमिक विद्यालय सोहास करमोहनी विकास खण्ड मुजेहना से सम्बद्ध किया गया है। साथ ही निलम्बन अवधि में उनको वित्तीय संग्रह भाग .2 से 4 के मूल नियम .53 के प्रावधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी तथा उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर मंहगाई भत्ता यदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय है भी अनुमन्य होगाए किन्तु ऐसे अध्यापक के जीवन निर्वाह के साथ कोई मंहगाई भत्ता देय नहीं होगाए जिन्हें निलम्बन से पूर्व प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते निलम्बन की अवधि में उस भत्ते पर देय होगे।जब इस का समाधान हो जाये कि उनके द्वारा उस मद में व्यय वास्तव में किया जा रहा हैए जिनके लिए उक्त प्रतिकर भत्ते अनुमन्य है। उन्होंने बताया है कि प्रकरण की जांच कोमल यादव खण्ड शिक्षा अधिकारीए झंझरी गोण्डा एवं उपेन्द्र त्रिपाठीए खण्ड शिक्षा अधिकारी इटियाथोक की दो सदस्सीय जांच कमेटी बनाई गई है तथा एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित को आरोप पत्र निर्गत कर जांचोपरान्त संयुक्त जांच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# बेटी ने ही माता-पिता की हत्या की रची थी साजिश

**कानपु।** कानपुर जिले के बर्रा क्षेत्र में एक बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बुधवार को कहा कि उनकी गोद ली हुई बेटी ने प्रेमी की मदद से हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग दंपत्ति, मुन्ना लाल उत्तम (62) और उनकी पत्नी राज देवी (55) की बर्रा-2 में उनके घर पर उनकी ही बेटी और उसके प्रेमी ने गला काटकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि दंपत्ति ने दो दशक पहले उस लड़की को गोद लिया था। अधिकारी ने कहा कि हत्या सरसौल में कई करोड़ रुपए की संपत्ति के पीछे की गई है, बुजुर्ग दंपत्ति अपनी बहू को जमीन का हिस्सा देना चाहते थे। पुलिस ने कहा कि लड़की आकांशा उर्फ कोमल पर उन्हें संदेह तब हुआ जब पुलिसकर्मियों ने देखा कि उसकी छोटी उंगली में चोट लगी है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस तुरंत उसे चिकित्सा सहायता के लिए ले गई और फिर उसे पुलिस थाने लाया गया जहां उससे पूछताछ की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि शुरू में उसने जांच को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में गहन पूछताछ के दौरान वह टूट गई और कबूल किया कि उसके प्रेमी रोहित उत्तम ने उसके सौतेले माता-पिता की हत्या की थी। रोहित उत्तम को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। गौरतलब है कि मंगलवार को दंपत्ति के शव उनके घर में पाए गए थे। दोनों का गला धारदार हथियार से काटा गया था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में एक व्यक्ति को देखा गया था।

## हत्या के मामले में तीन भाइयों को हुई उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने बुधवार को एक दलित व्यक्ति की हत्या के मामले में तीन भाइयों को दोषी ठहराया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।सरकारी वकील यशपाल सिंह के अनुसार, विशेष न्यायाधीश जमशेद अली ने अंब्रेश और उसके भाइयों धनपाल तथा रमेश उर्फ प्रधान को करमचंद की हत्या का दोषी ठहराया। न्यायाधीश ने दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्एक पर 13,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। गौरतलब है कि चार अप्रैल 2011 को जिले के भोपा थाना क्षेत्र के निर्गजनी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई झड़प में करमचंद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाद में आरोपियों ने शव को नहर में फेंक दिया था।

## पंजाब जा रहे दो ट्रकों से 27 गाएं और गोवंश बरामद, पांच गिरफ्तार

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की फरीदपुर पुलिस ने बुधवार को पंजाब जा रहे दो ट्रको में से 27 गाएं एवं गोवंश बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पांचों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं बरेली के देहात पुलिस अधीक्षक राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। अग्रवाल ने बताया कि कैंटर से नौ गाय और तीन गोवंश जबकि ट्रक से 13 जिंदा गाय व दो मृत गाय मिली। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए फरीदपुर थाने में विधिक कार्यवाही की गई है। अग्रवाल ने बताया कि पंजाब के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## पैंडुलम की तरह घूम रहे कुदरहा के बीडीओ, एक सप्ताह में तीसरा तबादला

**बस्ती।** कुदरहा के बीडीओ सुरेन्द्र प्रताप सिंह का एक सप्ताह में तीसरी बार तबादला हुआए30जून को इन्हें कुदरहा से रूधौली भेजा गया। फिर इन्हें 3 जुलाई को रूधौली से पुनः कुदरहा भेजा गया। फिर 6 जुलाई को इन्हे कुदरहा से दुबौलिया भेजा गया। इस तरह इन्हे सदर के लेखपाल जुगुल किशोर वर्मा की तरह तीन बार तबादला हुआ। अब कुदरहा की बीडीओ वर्षा वांग को बनाया गया।

## युवती क़ा अपहरण, थाना पुलिस ने नहीं क़ी सुनवाई

**फ़तेहपुर।** जहानाबाद क़स्बे क़े मोहल्ला काजीटोला निवासी मुख़्तार क़ुरैशी पुत्र अब्दुल गनी ने आज़ उप पुलिस अधीक्षक बिंदकी से सपरिवार मिलकर बकेवर थाना क्षेत्र क़े ग्राम मथुरापुर निवासी अमित रैदास पुत्र राम सजीवन रैदास, धर्मेन्द्र रैदास पुत्र कंधई व उसका भाई बिंदकी कोतवाली क्षेत्र क़े ग्राम नरैचा निवासी प्रेम पुत्रगण राज़ाराम पर आरोप लगाया कि मंगलवार 05 जून क़ो जब वह अपने परिवार क़े साथ दिन क़े 11 बज़े क़े क़रीब मज़ार सरवर सुल्तान शाह रह. अलैह में चादर चढ़ाने पत्नी, तीन पुत्रियों व एक़ पुत्र क़े साथ गए थे और जैसे ही बड़ी बेटी जोया दरगाह से उतरकर हैण्डपम्प पर हाथ धो रही थी, तभी बलात् उसका अपहरण कर लिया गया।

# मानवता के सच्चे उपासक थे डॉ. श्यामा प्रसाद-अजीत चौबे

**सोनभद्र।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती जनपद सोनभद्र के सभी बूथों पर मनाई गयी। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने जनपद मुख्यालाय स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात जिला कार्यालय पर 5 पौधा लगा कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर हम सभी कार्यकर्ता उन्हें शत् शत् नमन करते है नमन करते हुये जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श मूल्य व सिद्धांत हम सभी के लिए मार्गदर्शक व प्रेरणादायी है। मानवता के सच्चे उपासक तथा सिद्धांत वादी व्यक्तित्व के धनी स्व0 मुखर्जी मानव मात्र की सेवा को ही ईश्वर कि सेवा मानते थे। उन्होने आजीवन राष्ट्रहितों कि रक्षा के लिए संघर्ष किया तथा अपने अलौकिक विचारों से देशवासिंयों को एकजुट रहने कि सीख दी। कार्यक्रम में मुख्यरुप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, ओमप्रकाश दूबे, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, बलराम सोनी, रविन्द्र केशरी, रविप्रकाश चौबे, प्रदीप अग्रवाल, दिलिप चौबे, कैलास तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने ली शपथ, पॉलिथीन से अब तौबा

**पायनियर समाचार सेवा।**वाराणसी

**सिंगल** यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ बुधवार को भैरवनाथ स्थित श्री वल्लभ विद्यापीठ बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में छात्राओं के बीच पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करने की शपथ दिलाते हुए एक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। सामाजिक संस्था सुबह-ए- बनारस क्लब एवं लक्ष्मी हॉस्पिटल के संयुक्त अभियान में लोगो को इसके खतरे के प्रति आगाह किया गया। साथ ही साथ छात्राओं के बीच जूट के बने झोला का वितरण भी किया गया। उपरोक्त अवसर पर बोलते हुए 'संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, डॉ. अशोक कुमार राय एवं कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. मुक्ता पांडे' ने कहा कि पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बने पॉलिथीन पर हाईकोर्ट के रोक के बाद अब 1 जुलाई से भारत सरकार द्वारा भी इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। पर्यावरण व सेहत दोनों के लिए पॉलिथीन हानिकारक है। इसके इस्तेमाल के कई खतरे हैं, यह जितना हल्का है, नुकसान उतना ही गहरा है। पॉलिथीन में रखें गए सामान से नुकसान अक्सर तत्काल नहीं दिखता बल्कि लंबी बीमारी के तौर पर यह उभरता है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पॉलिथीन का त्याग करें और जब भी घर से बाहर निकले हाथों में जुट का या कपड़े का थैला लेकर निकले। 'उपाध्यक्ष अनिल केसरी' ने कहा कि पॉलिथीन का केमिकल खाद पदार्थों में मिलना बहुत हानिकारक होता हैप् इसे रोकने के लिए और बचने के लिए हमें खुद पहल करनी होगी। पहले के मुकाबले वर्तमान में जिस प्रकार से कैंसर के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है, उसका एक मुख्य कारण पॉलिथीन भी है।

## सनबीम वीमेन्स कालेज की छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

**वाराणसी।** बुधवार 2022 को सनबीम वोमेन्स कॉलेज वरुणा ने सरकार की भावी योजना वृक्षारोपण जन आंदोलन को वास्तव में साकार रूप दिया। वृक्ष हमें सिर्फ हवा, छाया या फल फूल ही नहीं देते बल्कि वास्तव में उन्हीं के द्वारा हमारा जीवन संचालित होता है परंतु विडंबना यही है कि आज 21वीं सदी में जिस तरीके से पेड़ों को काटा जा रहा है, उससे उनके अस्तित्व से ज्यादा हमारा अस्तित्व खतरे में है। अतः पेड़ हमारे जीवनदाता होने के साथ-साथ हमारे मित्र भी है और उनकी रक्षा, सुरक्षा का हमें ही ख्याल रखना है। सरकार ने इस भावी योजना के अंतर्गत वर्षा काल के प्रारंभ में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ों को लगाया जाए क्योंकि पेड़ इस समय बड़ी आसानी से लग जाते है। ये पेड़ हमारी पर्यावरण असंतुलन को बड़ी सहजता से दूर कर सकते है। महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, सोशल क्लब, सभी ने अपना योगदान देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। एनएसएस की छात्राओं ने सिकरौल स्थित प्राथमिक पाठशाला में पचास पौधे लगाएं गए, एनसीसी की छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में आम, अमरूद, सेजन, जामुन, मीठी नीम आदि के सौ पौधे लगाए। इस तरह महाविद्यालय के द्वारा ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पौधे लगाकर पर्यावरण में हरित क्रांति लाने का प्रयास किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राजीव सिंह ने एनसीसी, एनएसएस एवं सोशल क्लब सभी को धन्यवाद दिया, जिस तरीके से उन्होंने वृक्षारोपण जन आंदोलन को सफल बनाने का प्रयास किया वह सराहनीय और

# हमीरपुर और जालौन में बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत

**भाषा।** हमीरपुर/जालौन

**उत्तर प्रदेश** के हमीरपुर और जालौन जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने बताया कि राठ तहसील में अलग-अलग जगहों पर तीन और जालौन में दो लोगों की मौत हो गई। राठ के उप निरीक्षक रथ प्रदीप कुमार ने बताया कि हमीरपुर में इकौना गांव निवासी मुन्ना अहिरवार की मौत हो गई, जबकि बिजली गिरने से मुन्ना का बहनोई गंभीर रूप से झुलस गया।एक अन्य घटना में सरसेला गांव की श्वेता राजपूत (20) एक पेड़ के नीचे खड़ी थी, तभी बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जालौन में कालिया थाना क्षेत्र के लाडू पुरा गांव में एक किशोरी और एक महिला की बिजली गिरने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि रति (45) और उसका बेटा यश (14) अपनी बकरियां खेत में चरा रहे थे, तभी अचानक बूंदाबांदी शुरू हो गई और उन्होंने एक पेड़ के नीचे शरण ली, इस दौरान बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**बेकाबू कार गड्ढे में पलटी तीन लोगों की मौत:** सिद्धार्थनगर। जिले के बासी क्षेत्र में तेज रफ्तार से जा रही एक कार के बेकाबू होकर गड्ढे में पलट जाने से उस पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को देर रात बांसी-नौगढ़ राजमार्ग पर सोनखर गांव के पास तेज रफ्तार से जा रही एक कार बेकाबू होकर गड्ढे में पलट गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है। रावत ने बताया कि मृतकों की तत्काल शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

**इटावा में ट्रेन के आगे कूदकर प्रेमी-प्रेमिका ने आत्महत्या की:**इटावा। इटावा रेलवे स्टेशन के निकट राम नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार को 25 वर्षीय एक युवक और उसकी प्रेमिका ने चलती ट्रेन के आगे कथित रूप से कूदकर आत्महत्या कर ली। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के थाना प्रभारी नौशाद अहमद ने बताया कि बी फार्मा के छात्र विमल कुमार और मानसी (22) ने तेज रफ्तार हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि घटना दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर इटावा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी हिस्से के पास हुई। अहमद ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और अभी दो माह पूर्व विमल के परिवार वालों ने उसकी शादी कहीं अन्यत्र तय कर दी थी। उनके अनुसार चार एवं पांच जुलाई की दरम्यानी रात को प्रेमी युगल अपने अपने घर से निकले थे और सुबह उनके परिवार के सदस्य दोनों के लापता होने पर खोजबीन में लगे थे।

**पत्नी से विवाद के बाद पति ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी की:** बलिया। जिले के उभांव क्षेत्र में एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के वाराणसीगोरखपुर रेल प्रखंड पर उभांव रेलवे पुल के पास मंगलवार को देर रात 28 वर्षीय सुगमल यादव ने गोरखपुर से कानपुर जा रही चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे धवन

● रविंद्र जडेजा को श्रृंखला के लिए उप कप्तान बनाया गया, रोहित और कोहली को विश्राम

भाषा। नई दिल्ली

**नियमित** कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में शिखर धवन को त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए बुधवार को भारतीय टीम का कप्तान चुना गया जबकि विराट कोहली और ऋषभ पंत उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें विश्राम दिया गया है। दो अन्य सीनियर खिलाड़ियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को भी आराम दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग में सफलता हासिल कर हाल में भारतीय टीम में जगह बनाने वाले हार्दिक पंड्या भी टीम का हिस्सा नहीं हैं।

दीपक हुड्डा, संजू सैमसन, रूतुराज गायकवाड़ और आवेश खान 12 जुलाई से इंग्लैंड में शुरू हो रही श्रृंखला के लिए वनडे टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन उन्हें वेस्टइंडीज दौरे के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया है। दिसंबर 2020 में अंतिम वनडे खेलने वाले शुभमन गिल को भी चयनकर्ताओं ने चुना है। रविंद्र जडेजा को श्रृंखला के लिए उप कप्तान बनाया गया है।



सिर्फ वनडे में खेलने वाले धवन ने पिछले साल श्रीलंका के दौरे पर पहली बार टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी जब टेस्ट विशेषज्ञ इंग्लैंड में थे। पिछले एक साल में भारतीय टीम के लिए काफी सारे कप्तान नियुक्त किए जाने के संबंध में पिछले कुछ समय काफी आलोचना भी हुई थी जिसमें कार्यक्रम और चोट संबंधित मुद्दों के अलावा कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह, पंत, राहुल, हार्दिक और धवन ने टीम की अगुआई की थी। सभी तीनों वनडे पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले जाएंगे। आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज में ए मैच भारतीय टीम के अंतिम वनडे होंगे इसलिए सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया जाना हैरानी भरा फैसला नहीं है। वनडे के बाद भारत कैरेबियाई सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ और अमेरिका के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जिसके लिए टीम की घोषणा की जाएगी। आस्ट्रेलिया में विश्व कप से पहले प्रत्एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच काफी अहम होगा तो सीनियर खिलाड़ियों के 29 जुलाई से सात अगस्त तक खेली जाने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए वापसी की संभावना है। ए टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिनिदाद के सेंट किट्स और फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले जाएंगे।

### टीम

**शिखर धवन** (कप्तान), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, इशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

# सर्वश्रेष्ठ एकादश की पहचान के लिए लक्ष्य के साथ उतरेगा भारत

**टी20 विश्व कप**

भाषा। साउथम्पटन

**भारत** प्रयोग की राह को छोड़कर गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन टी20 मैचों की श्रृंखला के दौरान विश्व कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगा।

कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण बर्मिंघम में पांचवें टेस्ट से बाहर रहने वाले कप्तान रोहित शर्मा बुधवार को यहां पहुंचेंगे और उनके श्रृंखला के पहले मैच में खेलने की उम्मीद है। विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा, श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत सहित इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल रहे खिलाड़ी दूसरे टी20 मैच से टीम के साथ जुड़ेंगे। इनकी गैरमौजूदगी में रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा और वे आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के संभावित खिलाड़ियों के रूप में अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। हल्की चोट के कारण गायकवाड़ आयरलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों में इशान किशन के साथ पारी का आगाज नहीं कर पाए थे और अगर रोहित की वापसी होती है तो उन्हें फिर





बाहर बैठना पड़ सकता है। किशन को जो मौके मिले हैं उसमें उन्होंने प्रभावित किया है और वह इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ अच्छी पारियां खेलकर टीम के रिजर्व सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना दावा मजबूत करने का प्रयास करेंगे। दूसरे मैच से कोहली के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है और ऐसे में दीपक हुड्डा एक और मैच विजई पारी खेलकर अपनी अहमियत साबित करने की कोशिश करेंगे। आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 47 रन और एक शतक के साथ हुड्डा ने निश्चित तौर पर टीम प्रबंधन को प्रभावित किया है। पदार्पण का इंतजार कर रहे राहुल त्रिपाठी और अर्शदीप सिंह को दूसरे और तीसरे टी20 के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है और उन्हें पहले मैच में खेलने का मौका मिलने की उम्मीद भी बेहद कम है। चोट के बाद आयरलैंड के खिलाफ वापसी करने वाले सूर्यकुमार यादव मालाहाइड में लय हासिल नहीं कर सके और वह उम्मीद कर रहे होंगे कि इंग्लैंड के खिलाफ उम्दा पारियां खेलने में सफल रहेंगे। पिछले हफ्ते डर्बीशर के खिलाफ अभ्यास मैच में उन्होंने और हुड्डा ने उम्दा पारियां खेली थी। आयरलैंड के खिलाफ बड़े स्कोर वाले दूसरे टी20 में अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करने के बाद तेज गेंदबाज उमरान मलिक आत्मविश्वास से भरे होंगे। उन्हें हालांकि अपनी गेंदबाजी को और सटीक बनाने की जरूरत है। अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल के खिलाफ आयरलैंड के बल्लेबाजों ने काफी रन बटोरे थे और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अंतिम एकादश में युजवेंद्र चहल के रवि बिश्नोई की जगह लेने की उम्मीद है। भारत को आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले लगभग 15 टी20 मैच खेलने हैं। टीम मौजूदा श्रृंखला में तीन मैच के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 जुलाई से सात अगस्त तक पांच और अगस्त-सितंबर में एशिया कप में लगभग पांच मैच खेलेगी। सितंबर में भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी तीन टी20 खेलने हैं।

### टीम

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, रिचर्ड ग्लीसन, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, टाइमल मिल्स, मैथ्यू पार्किंसन, जेसन रॉय, फिल साल्ट, रीस टॉपली और डेविड विली।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार रात 10.30 पर शुरू होगा।**

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे तेजस्विन शंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह ऊंची कूद के खिलाड़ी तेजस्विन शंकर का नाम उन खिलाड़ियों की सूची मे शामिल करेगा जो आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत की ओर से जाने वाले हैं। इस खेल आयोजन के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची से नाम हटने के विरुद्ध शंकर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने एएफआई को निर्देश दिया कि आगे की कार्वाई के लिए शंकर का नाम भारतीय ओलंपिक संघ को भेज दिया जाए। एएफआई के वकील ने अदालत को बताया कि रिले स्पर्धा के लिए भारतीय दल में शामिल एक एथलीट को अयोग्य ठहरा दिया गया है इसलिए एक स्थान रिक्त है। वकील ने कहा कि अयोग्य ठहराए खिलाड़ी के स्थान पर अब याचिकाकर्ता का नाम भेज दिया जाएगा।

### ओडिशा एफसी ने डिफेंडर दीनचंद्र मेइतेई को उधार पर अपने साथ जोड़ा

**भुवनेश्वर।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम ओडिशा एफसी ने बुधवार को इस फुटबॉल लीग के आगामी सत्र से पहले केरल ब्लास्टर्स से उधार पर लेफ्ट बैक दीनचंद्र मेइतेई से एक साल का अनुबंध करने की घोषणा की। मणिपुर के 28 साल के डिफेंडर मेइतेई आईलीग और आईएसएल मे कई क्लब की ओर से खेले है। वह बांग्लादेश मे अंडर-23 स्तर के टूर्नामेंट मे भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है। पुणे एफसी अकादमी का हिस्सा रहते हुए वह दो बार अंडर-19 आईलीग विजेता टीम का हिस्सा रहे।

### चेन्नईयिन एफसी ने बुंदेसलीगा स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच से करार किया

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र से पहले अपनी अग्रिम पंक्ति को मजबूत करते हुए क्रोएशिया के स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच के साथ अनुबंध किया है। एएसवी फ्रेंकफर्ट युवा अकादमी मे फुटबॉल के गुर सीखने वाले स्लिसकोविच ने 19 साल की उम्र मे बुंदेसलीगा मे एफएसवी मेंज की ओर से पदार्पण किया और 2015 तक पांच सत्र मे क्लब का हिस्सा रहे। चेन्नईयिन एफसी ने इसे पहले घाना के फारवर्ड क्वेन करिकारी को अनुबंधित करने की घोषणा की थी।

### एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन में भारतीय दल की अगुआई करेंगी दीक्षा डागर

**सिटगेस (स्पेन)।** बधिर ओलंपिक की स्वर्ण पदकधारी गोल्फर दीक्षा डागर यहां होने वाले एस्ट्रेला डैम लेडीज ओपन मे छह सदस्ईय भारतीय दल की अगुआई करेंगी। दीक्षा एक महीने से ज्यादा समय से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है जिसमें अमुडी जर्मन मास्टर्स भी शामिल है। उनकी निगाहे अब शीर्ष 10 मे जगह के साथ अपने करियर मे दूसरी बार लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने पर होगी। वर्ष 2019 मे दीक्षा भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक के बाद लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीतने वाली दूसरी महिला गोल्फर बनी थी। इक्कीस साल की दीक्षा ने इस साल ब्राजील मे बधिर ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीता था।

# भारतीय निशानेबाजों की निगाहें विश्व कप में शानदार प्रदर्शन पर



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के 49 सदस्ईय मजबूत दल की निगाहें नौ से 21 जुलाई तक कोरिया के चांगवान में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन भी इसी साल किया जाएगा जिसे देखते हुए यह विश्व कप काफी अहम होगा। भारतीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने हाल में पांच नए विदेशी कोच - मुनखबायार दोर्जुसुरेन (पिस्टल), रसेल मार्क (शॉटगन), लॉरिन मार्क (हाई परफोरमेंस मैनेजर), जुआन गिहा (स्कीट) और थॉमस फार्निक (राइफल) - नियुक्त किए थे, जिनके लिए विश्व कप पहला बड़ा टूर्नामेंट होगा।

# मलेशिया मास्टर्स: सिंधू, प्रणय दूसरे दौर में, साइना बाहर

भाषा। कुआलालंपुर

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर के कड़े मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन साइना नेहवाल लगातार दूसरे टूर्नामेंट में पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। सातवीं वरीय सिंधू ने लगभग एक घंटा चले मुकाबले में बिंग जियाओ को 21-13 17-21 21-15 से हराया और दूसरे दौर में जगह बनाई। इस जीत के साथ दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में बिंग जियाओ के खिलाफ पहले दौर में सीधे गेम में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। चीन की खिलाड़ी का हालांकि अब भी सिंधू के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 10-9 है।





दूसरी तरफ लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना को पहला गेम जीतने के बावजूद दक्षिण कोरिया की किम गा युन के खिलाफ 21-16 17-21 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी साइना पिछले हफ्ते मलेशिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई थी। पुरुष एकल में एच एस प्रणय भी दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि बी साई प्रणीत और पारूपल्ली कश्यप भी विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करने दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। प्रणय ने फ्रांस के ब्राइस लीवरडेज को 21-19, 21-14 से हराया। वहीं प्रणीत ने एकतरफा मुकाबले में आधे घंटे से कम समय में गुआटेमाला के केविन कोर्डन को 21-8 21-9 से हराया जबकि कश्यप ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय दावेदार टॉमी सुगियार्तो को 16-21 21-16 21-16 से शिकस्त दी। प्रणीत का सामना अब लि शि फेंग से होगा। समीर वर्मा को हालांकि कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे के चौथे वरीय चाउ टिएन चेन के खिलाफ 21-10 12-21 14-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा को इंडोनेशिया की फेबरियाना कुसुमा और अमालिया प्रातिवि ने 21-19, 18-21, 21-16 से हराया।

### आस्ट्रेलिया में अगले महीने अदालत में पेश होंगे किर्गियोस

**विंबलडन (एपी)।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस को स्वदेश में अगले महीने अदालत में पेश होना होगा। किर्गियोस का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने कहा है कि ए आरोप निश्चित नहीं हैं और ना ही अभियोजन पक्ष या इस 27 वर्षीय पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ने इनकी पुष्टि की है। किर्गियोस ने मंगलवार को आल इंग्लैंड क्लब में अभ्यास किया जहां उन्हें बुधवार को चिली के क्रिस्टियन गारिन के खिलाफ खेलना है। मीडिया को ईमेल से भेजे गए बयान में किर्गियोस के वकील पीयरे योहानसन ने कहा, किर्गियोस आरोप स्पष्ट होने पर किसी भी तरह के आरोपों का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और किर्गियोस को जिस प्रक्रिया का पालन करना है उसे वह कमतर नहीं आंक रहे। योहानसन ने लिखा कि अदालत ने आरोपों को तथ्य नहीं माना है और अदालत में पहली पेशी तक किर्गियोस को अपराध के लिए आरोपी नहीं माना जाएगा।

# ओन्स जेब्युर ने विंबलडन में भी रचा इतिहास

एपी। विंबलडन

**अपने** नाम के आगे पहली बार कई कारनामे करने की उपलब्धि दर्ज कराने वाली ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर विंबलडन के अंतिम चार में जगह बनाकर किसी ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ट्यूनीशिया की तीसरी वरीय खिलाड़ी ने मंगलवार को एक कदम आगे बढ़ते हुए सेंटर कोर्ट पर मैरी बोजकोवा को 3-6, 6-।, 6-। हराया।

दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जेब्युर ने कहा, यह काफी मायने रखता है। मैं लंबे समय से उम्मीद कर रही थी कि मैं यहां पहुंच पाऊंगी। मैं (मोरक्को के पूर्व खिलाड़ी) हिचाम अराजी से बात करती थी और वह मुझे कहते थे कि अरब देशों के खिलाड़ी हमेशा क्वार्टर फाइनल में हार जाते हैं और हम इससे आजिज आ चुके हैं। कृप्या



करके इस क्रम को तोड़ो। मैंने कहा कि मित्र मैं ऐसा करने का प्रयास करूंगी। जेब्युर ने प्रयास किया और वह ऐसा करने में सफल रही। सेमीफाइनल में जेब्युर का सामना उनकी तरह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बनाने वाली जर्मनी की तात्याना मारिया से होगा। जर्मनी की 34 साल की खिलाड़ी ने अपने बच्चों के जन्म के कारण दो बार टेनिस से ब्रेक लिया और ओपन युग में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। मारिया ने 35वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए 22 साल की ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराया।

### पूर्व चैम्पियन सिमोना हालेप विम्बलडन सेमीफाइनल में

**विम्बलडन (एपी)।** तीन साल पहले खिताब जीतने के बाद विम्बलडन में वापसी करने वाली 16वीं वरीयता प्राप्त रोमानिया की सिमोना हालेप ने अमांडा अनिसिमोवा को 6- 2, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हालेप पिछले साल चोट के कारण यहां नहीं खेल सकी थी जबकि 2020 में कोरोना महामारी के कारण विम्बलडन नहीं खेला गया था। अब हालेप का सामना कजाखस्तान की एलेना राइबाकिना से होगा जिन्होंने एला टोमजानोविच को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

महिला एकदिवसीय मैच अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

# भारत की नजरें श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने पर

भाषा। पालेकल



**आत्मविश्वास** से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में श्रीलंका को हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से उतरेगी।

करिश्माई कप्तान मिताली राज के संन्यास के बाद पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रहे भारत ने पहले दो मैच में जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजई बढ़त बना ली है। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी 2-। से जीती थी। एक जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम दूसरे वनडे में आत्मविश्वास से अधिक भरी दिखी और टीम ने सोमवार को 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने खेल के सभी विभागों में दबदबा बनाया। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम से श्रीलंका के पूरे दौरे के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी। दौरे पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहीं स्टार सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने दूसरे वनडे में नाबाद अर्धशतक जड़े और अटूट शतकीय साझेदारी की। यह जोड़ी टी20 श्रृंखला और पहले वनडे में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में नाकाम रही थी लेकिन दूसरे वनडे में लय हासिल करने के बाद एक बार फिर उसी अंदाज में खेलना चाहेंगी। नई पूर्णकालिक कप्तान हरमनप्रीत मौजूदा श्रृंखला में भारत के लिए सबसे अधिक निरंतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही हैं। इस आलराउंडर ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और उनकी पारी कई मौकों पर दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुई।

टी20 में धीमी पिचों पर भारतीय स्पिनरों ने दबदबा बनाया लेकिन एकदिवसीय श्रृंखला में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने छाप छोड़ी जो दूसरे वनडे में करियर के सर्वश्रेष्ठ 28 रन पर चार विकेट सहित सात विकेट चटका चुकी हैं। अनुभवी झूलन गोस्वामी की गैरमौजूदगी में रेणुका के प्रदर्शन ने दर्शाया है कि भारत के युवा और अनुभवहीन गेंदबाजों में क्षमता है। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 की जीत से बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों से पहले मेहमान टीम का मनोबल बढ़ेगा।

### टीम

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, एस मेघना, दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, सिमरन बहादुर, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, तानिया भाटिया और हरलीन देओल।

**श्रीलंका:** चामरी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रम, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, इनोका रणवीरा, सत्य संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, मालशा शेहानी, थारिका सेवंडी।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।**

# क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए भारत की दृष्टि न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत पर

**महिला हॉकी विश्व कप**

भाषा। एम्सटेलवीन

**अब** तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम को अगर एफआईएच विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करना है तो गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अंतिम पूल बी मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए एतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने पहले दो मैचों में टोक्यो खेलों के कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड और चीन से ।-। से ड्रा खेला। सविता की अगुआई वाली भारतीय टीम अभी दो अंक के साथ पूल बी में तीसरे स्थान पर है। चीन और न्यूजीलैंड उससे ऊपर हैं। न्यूजीलैंड ने मंगलवार को इंग्लैंड को 3-। से हराया।



मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा, न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। उनके पलटवार काफी खतरनाक होते हैं और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा, हमें अपने मजबूत पक्षों के अनुसार खेलना होगा। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार 16 टीम को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्एक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉसओवर होगा। क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगी। इसी तरह पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। इन चारों मुकाबले के विजेता क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगे। पूल बी में शीर्ष पर रहने के लिए भारत को न्यूजीलैंड को हराना होगा और साथ ही उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड के खिलाफ चीन की टीम जीत दर्ज नहीं कर पाए। पहले दो मैच में अगर भारत के प्रदर्शन को आधार माना जाए जो टीम के लिए न्यूजीलैंड को हराना आसान नहीं होगा। भारतीय डिफेंस ने दोनों मैच में प्रभावित किया। पहले मैच में तो इंग्लैंड की टीम एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल नहीं कर पाई लेकिन दोनों ही मुकाबलों में अग्रिम पंक्ति और मिडफील्ड ने निराश किया। भारत के लिए दोनों गोल करने वाली वंदना कटारिया के अलावा कोई अन्य स्ट्राइकर अब तक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और नवनीत कौर ने निराश किया है। भारत ने मौके तो बनाए हैं लेकिन उन्हें गोल में बदलने में टीम नाकाम रही है। मिडफील्ड को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन के लिए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में नाकामी भी बड़ी समस्या है। दो मैच में भारतीय टीम 12 पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल ही कर सकी है और दोनों गोल वंदना ने रिबाउंड और डिफलेक्शन से किए।

शॉपमैन ने कहा, मुझे लगता है कि चीन के मजबूत डिफेंस के खिलाफ हमने अच्छी शुरुआत की। हम दुर्भाग्यशाली रहे कि जल्दी गोल नहीं कर पाए और एक बार रक्षापंक्ति के पूरी एकाग्रता नहीं दिखाने के कारण हमारे खिलाफ गोल हो गया। उन्होंने कहा, इसके बाद हमें कुछ देर जूझना पड़ा लेकिन लय हासिल करने के बाद हम अच्छे संयोजन के साथ खेल पाए। शॉपमैन ने कहा, पेनल्टी कॉर्नर पर गोल शानदार रहा लेकिन इसके बाद हमने दबाव नहीं बनाया और चीन अंतिम चरण में अधिक आक्रामक होकर खेला।